किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 325 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 03 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

21 साल में 25 तबादले, यह कोई सम्मान नहीं : तुकाराम मुंढे

नई दिल्ली। चर्चित आईएएस अधिकारी तुकाराम मुंढे ने अपने प्रशासनिक करियर में बार-बार हुए तबादलों को लेकर खुलकर बात की है। 'ग्लोबल जेनजी समिट' में उन्होंने बताया कि करीब 21 साल के सेवाकाल में उनका 25 बार तबादला हो चुका है।

मुंढे ने कहा कि लगातार तबादलों को किसी तमगे या सम्मान की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। उनके इस बयान के बाद प्रशासनिक व्यवस्था में अधिकारियों के तबादलों और कार्यशैली को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है।

स्वाइन फ्लू पर योगी सरकार अलर्ट, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त होगी जांच

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इन्फ्लुएंजा-ए (एच1एन1) यानी स्वाइन फ्लू को लेकर योगी सरकार ने निगरानी बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीमारी की स्थिति की समीक्षा करते हुए जांच और उपचार व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बड़ा फैसला लेते हुए सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एच1एन1 की जांच निःशुल्क करने के निर्देश दिए। निजी अस्पतालों और जांच केंद्रों को निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली नहीं करने की हिदायत दी गई है।

14 से 28 फरवरी तक मुंबई और वडोदरा में होगा मुकाबला, छह टीमें उतरेंगी मैदान में; श्रीलंका क्रिकेट में सरकारी दखल बना वजह

श्रीलंका से छिनी मेजबानी, भारत में होगी पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी

समाज जागरण

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत को एक और बड़ी जिम्मेदारी मिली है। पहली आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 की मेजबानी अब भारत करेगा। यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट अगले वर्ष 14 से 28 फरवरी के बीच खेला जाएगा। पहले इसकी मेजबानी श्रीलंका को मिली थी, लेकिन श्रीलंका क्रिकेट में सरकारी हस्तक्षेप और वहां जारी प्रशासनिक सुधारों की प्रक्रिया के चलते आईसीसी ने मेजबानी भारत को सौंपने का फैसला किया है।

आईसीसी के अनुसार, छह टीमों की इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता के मुकाबले मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) और वडोदरा के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम, जहां भारतीय महिला टीम ने 2025 महिला वनडे विश्व कप का खिताब जीता था, इस प्रतियोगिता के लिए चुने गए दो स्थलों में शामिल नहीं है।

श्रीलंका क्रिकेट में सरकारी दखल बना कारण

आईसीसी ने कहा कि महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पहले श्रीलंका को करनी थी, लेकिन श्रीलंका क्रिकेट जुलाई में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में तय किए गए जरूरी सुधारों को लागू करने की प्रक्रिया में है।

इसी कारण टूनार्मेंट को भारत स्थानांतरित किया गया है।

छह टीमें, राउंड-रॉबिन मुकाबले

महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें हिस्सा लेंगी। सभी छह टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करेंगी। लीग चरण के बाद अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान हासिल करने वाली टीमें 28 फरवरी को होने वाले फाइनल में आमने-सामने होंगी।

टूनार्मेंट के लिए इन छह टीमों का चयन 6 जुलाई की कट-ऑफ तारीख को आईसीसी महिला टी-20 टीम रैंकिंग में उनकी स्थिति के आधार पर किया गया है। आईसीसी ने अभी मुकाबलों का पूरा कार्यक्रम जारी नहीं किया है। विस्तृत कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। भारत में पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन महिला क्रिके ट के बढ़ते प्रभाव और भारत की वैश्विक क्रिकेट आयोजनों की मेजबानी में मजबूत स्थिति को भी दशार्ता है।

श्रीलंका क्रिकेट का कामकाज फिलहाल एक अंतरिम 'ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी' की निगरानी में चल रहा है।

श्रीलंकाई सरकार ने इस समिति का गठन संवैधानिक और प्रशासनिक बदलावों के लिए किया है। आईसीसी अपने नियमों के तहत क्रिकेट प्रशासन में राजनीतिक हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करता। सरकार द्वारा नियुक्त संस्थाओं को मान्यता नहीं देने की अपनी नीति के कारण आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट के प्रतिनिधियों की बोर्ड बैठकों में भागीदारी पर भी रोक लगा रखी है।

भारत के साथ बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका भी दौड़ में थे

भारत को मेजबानी सौंपने से पहले आईसीसी ने बाकायदा मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई। इस दौरान बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका की ओर से प्रस्तुत प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। बुधवार को आईसीसी बोर्ड ने भारत के पक्ष में अंतिम फैसला मंजूर कर दिया।

आईसीसी ने महिला चैंपियंस ट्रॉफी के पहले संस्करण को महिला क्रिकेट के लिए एक नए अध्याय की शुरूआत बताया। परिषद के अनुसार, यह प्रतियोगिता दुनिया की शीर्ष टीमों को एक उच्च स्तरीय मुकाबले में आमने-सामने लाएगी और खिलाड़ियों तथा टीमों को वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर देगी।

आईसीसी चेयरमैन ने कहा कि हर वर्ष किसी न किसी बड़े महिला क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन से महिला क्रिकेट, खिलाड़ियों और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए निरंतरता और मजबूत गति बनाने का अवसर मिलेगा।

एशिया का सबसे बड़ा हवाई शो फिर बिखेरेगा आसमान में चमक

8 से 12 फरवरी 2027 तक येलहंका में होगा एयरो इंडिया का 16वां संस्करण, दुनिया भर की विमानन और रक्षा कंपनियां जुटेंगी

समाज जागरण

बेंगलुरु। एशिया का सबसे बड़ा हवाई शो एयरो इंडिया एक बार फिर दुनिया का ध्यान भारत की ओर खींचने को तैयार है। एयरो इंडिया के 16वें संस्करण का आयोजन 8 से 12 फरवरी 2027 तक बेंगलुरु के वायुसेना स्टेशन, येलहंका में किया जाएगा। पांच दिवसीय इस आयोजन में दुनिया भर की प्रमुख विमानन और रक्षा कंपनियों के साथ नीति निमार्ता, तकनीकी विशेषज्ञ, नवाचारकर्ता, उद्योग प्रतिनिधि और रक्षा बलों के अधिकारी एक मंच पर जुटेंगे।

रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग की ओर से आयोजित होने वाला एयरो इंडिया भारत की बढ़ती विमानन और रक्षा क्षमताओं को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण आसमान में होने वाला शानदार हवाई प्रदर्शन रहेगा। भारतीय वायुसेना के साथ विभिन्न देशों की उड़ान टीमें भी इसमें हिस्सा लेंगी।

लड़ाकू विमानों की गर्जना से गूंजेगा येलहंका

एयरो इंडिया 2027 में दर्शकों को अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की क्षमता और रोमांचक हवाई करतब देखने का अवसर मिलेगा। देश-विदेश के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान भी प्रदर्शनी का हिस्सा होंगे। येलहंका का आसमान फरवरी में विमानों की गर्जना से गूंजेगा तो जमीन पर भारत की तेजी से बढ़ती विमानन और रक्षा क्षमता की तस्वीर दुनिया के सामने होगी।

हालांकि एयरो इंडिया सिर्फ हवाई प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। यह वैश्विक विमानन और रक्षा उद्योग के लिए व्यापार, तकनीक और रणनीतिक सहयोग का एक बड़ा मंच बन चुका है। पांच दिनों के दौरान उद्योग जगत के बीच बातचीत, सरकार और कंपनियों के बीच बैठकें, तकनीकी प्रदर्शन तथा सहयोग और साझेदारी के विभिन्न अवसर उपलब्ध होंगे।

निवेश और तकनीकी साझेदारी पर जोर

एयरो इंडिया के जरिए भारत अपनी बढ़ती रक्षा विनिर्माण क्षमता, उभरती तकनीकों और नवाचार को दुनिया के सामने रखेगा। आयोजन भारत के तेजी से विकसित हो रहे रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र और वैश्विक विमानन एवं रक्षा क्षेत्र में देश की बढ़ती भूमिका को भी प्रदर्शित करेगा।

भारत के लिए यह आयोजन इसलिए भी अहम है क्योंकि इससे वैश्विक रक्षा कंपनियों और भारतीय उद्योग के बीच संपर्क और सहयोग बढ़ाने का अवसर मिलता है। एयरो इंडिया 2027 में भारतीय रक्षा उद्योग की भागीदारी को और व्यापक बनाने पर जोर रहेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा स्टार्टअप को भी वैश्विक कंपनियों के साथ जुड़ने और अपनी तकनीक प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आयोजन से भारत में निवेश, औद्योगिक साझेदारी, रक्षा उत्पादों के निर्यात और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देने के साथ भारतीय कंपनियों को वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद मिल सकती है।

3 सितंबर से शुरू होगा ऑनलाइन पंजीकरण

एयरो इंडिया 2027 में भाग लेने के इच्छुक प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए विशेष वेब आधारित पोर्टल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से पंजीकरण और प्रदर्शनी स्थल की बुकिंग सहित विभिन्न सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रदर्शकों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और प्रदर्शनी स्थल की बुकिंग 3 सितंबर 2026 से शुरू होगी। इच्छुक कंपनियां और संस्थान एयरो इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

एयरो इंडिया 2027 ऐसे समय में आयोजित होगा, जब भारत रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने, स्वदेशी तकनीक को प्रोत्साहित करने और वैश्विक रक्षा बाजार में अपनी हिस्सेदारी मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में येलहंका में होने वाला यह आयोजन सिर्फ विमानों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती रक्षा ताकत, तकनीकी क्षमता और वैश्विक साझेदारी का बड़ा मंच बनने जा रहा है।

पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा बने राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ

समाज जागरण

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर की प्रशासनिक और संचालन व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को मंदिर का पहला मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह मंदिर की दैनिक प्रशासनिक व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे।

मिश्रा करीब चार दशक तक वायुसेना में विभिन्न महत्वपूर्ण

पदों पर रहे हैं। वह पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ और एकीकृत रक्षा स्टाफ में उप प्रमुख समेत कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उन्होंने 18 से अधिक प्रकार के विमानों पर तीन हजार घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव हासिल किया है।

सीईओ के चयन के लिए गठित समिति ने तीन नामों का पैनल सौंपा था, जिसमें पूर्व आईपीएस राजेश पांडेय, बिहार के पूर्व डीजीपी डॉ. परेश सक्सेना और पूर्व आईएएस दिनेश चंद्र के नाम भी शामिल थे। ट्रस्ट ने विचार-विमर्श के बाद जितेंद्र मिश्रा के नाम पर मुहर लगाई। सुरक्षा, संचालन, रणनीतिक योजना और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का उनका लंबा अनुभव अयोध्या में नई जिम्मेदारी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राम मंदिर ट्रस्ट के नए सीईओ पर सांसद हारिस बीरन का सवाल, चंदे के आरोपों की जांच की मांग

समाज जागरण

नई दिल्ली। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा की नियुक्ति पर इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के सांसद हारिस बीरन ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी को मंदिर ट्रस्ट में इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया जाना विचारणीय है।

दिल्ली में बारिश से उमस से राहत, शाम तक तेज बारिश के आसार

समाज जागरण

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को हुई बारिश से लोगों को उमस भरे मौसम से राहत मिली। वसंत कुंज, मालवीय नगर, पालम, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, ग्रेटर कैलाश, लक्ष्मी नगर और द्वारका समेत कई इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम जिले को छोड़कर दिल्ली के अधिकांश हिस्सों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और 40 किलोमीटर प्रति

घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान जताया है। कुछ इलाकों में भारी बारिश की भी संभावना है।

छतरपुर में सुबह 8.30 से 11.30 बजे के बीच सबसे अधिक 18.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे पहले मंगलवार सुबह से बुधवार सुबह तक पालम में 64.2 मिमी, नारायणा में 30.5 मिमी और छतरपुर में 16.5 मिमी बारिश हुई।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले तीन दिनों तक दिल्ली-एनसीआर में बारिश का दौर जारी रह सकता है। गुरुवार दोपहर बाद से शुक्रवार तक कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। (इनपुट-पीटीआई)

मराठा आरक्षण पर जरांगे पाटिल का आंदोलन जारी, बोले- मांगें पूरी होने तक नहीं तोड़ूंगा अनशन

जालना। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने अपनी मांगों पर अडिग रहने का ऐलान करते हुए कहा है कि जब तक सभी मांगों का क्रियान्वयन शुरू नहीं हो जाता, तब तक वह अपना अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे में से एक प्रतिशत भी हिस्सा नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें अपना वैध अधिकार चाहिए।

जरांगे पाटिल ने कहा कि सरकार और ओबीसी समुदाय को मराठा समाज को कुनबी प्रमाणपत्र जारी करने का विरोध नहीं करना चाहिए। उन्होंने हैदराबाद गजट को स्वतंत्रता से पहले का दस्तावेज बताते हुए इसके आधार पर प्रमाणपत्र जारी करने की मांग की।

उन्होंने 58 लाख कुनबी रिकॉर्ड के आधार पर तत्काल प्रमाणपत्र जारी करने, सातारा और कोल्हापुर रियासतों से संबंधित शासनादेश जारी करने तथा मराठा समाज से जुड़े अन्य लंबित मुद्दों पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की।

मनुस्मृति और दलित छात्रों के मुद्दे पर राहुल गांधी के बयान से सियासी बहस तेज

समाज जागरण

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयानों को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। मनुस्मृति और दलित छात्रों के साथ कथित भेदभाव को लेकर दिए गए उनके बयानों पर राजनीतिक हलकों और सोशल मीडिया में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

पुणे में मनुस्मृति को लेकर राहुल गांधी के बयान पर कुछ वर्गों ने आपत्ति जताई है। वहीं, हाल में दलित छात्रों के साथ स्कूलों में भेदभाव का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि चाय की दुकानों पर भी दलितों के लिए अलग पात्र रखे जाने जैसी घटनाएं सामने आती हैं। उनके इस दावे को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने सवाल उठाए और उनकी आलोचना की।

राहुल गांधी लगातार सामाजिक भेदभाव और जातिगत असमानता के मुद्दे उठाते रहे हैं। दूसरी ओर, उनके आलोचकों का आरोप है कि ऐसे बयानों के जरिए वे समाज में विभाजन की राजनीति को बढ़ावा देते हैं। हालांकि, उनके समर्थकों का कहना है कि वह वंचित और दलित वर्गों से जुड़े मुद्दों को सार्वजनिक बहस के केंद्र में ला रहे हैं।

मनुस्मृति पर टिप्पणी और दलित छात्रों से जुड़े बयान के बाद एक बार फिर राहुल गांधी की सामाजिक न्याय संबंधी राजनीति और उनके बयानों की भाषा को लेकर सियासी चर्चा तेज हो गई है।

ग्रामीण भारत का विरोधाभास: सड़क और इंटरनेट तो पहुंच गया, लेकिन रोजगार क्यों नहीं?

लेखक : एडवोकेट, जयदेव राठी

आज के समय में जब हम ग्रामीण भारत के बदलते भूगोल को देखते हैं, तो एक अजीब सा विरोधाभास नजर आता है। गांव के नुक्कड़ पर चाय पीते हुए युवाओं के हाथ में स्मार्टफोन है, उनके पैरों के नीचे पक्की सड़क है, और उनके गांव में फाइबर ऑप्टिक केबल बिछ चुकी है। लेकिन इन सभी आधुनिक सुविधाओं के बावजूद, जब उनसे उनके भविष्य या रोजगार के बारे में पूछा जाता है, तो उनके चेहरे पर मायूसी तैर जाती है। सवाल यह है कि आखिर ग्रामीण भारत में सड़क और इंटरनेट तो पहुंच गया, लेकिन रोजगार क्यों नहीं पहुंच पाया?

यह एक गंभीर चिंतन का विषय है। पिछले दो दशकों में भारत सरकार ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लाखों किलोमीटर सड़कें बनीं और डिजिटल इंडिया मिशन के तहत गांवों को इंटरनेट से जोड़ा गया। नीति निमार्ताओं का मानना था कि बुनियादी ढांचा सुधरेगा, तो निजी निवेश आएगा, उद्योग लगेंगे और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। सड़क और इंटरनेट 'सक्षम करने वाले' तो बन गए, लेकिन वे स्वयं में रोजगार के 'सृजक' साबित नहीं हुए। इसके पीछे कई गहरी आर्थिक, सामाजिक और नीतिगत वजहें हैं। सबसे पहली और बड़ी वजह भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कृषि पर अत्यधिक निर्भरता है। आज भी ग्रामीण भारत की लगभग 60 प्रतिशत से अधिक आबादी की आजीविका का मुख्य स्त्रोत कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियां हैं। लेकिन कृषि क्षेत्र में 'छिपी हुई बेरोजगारी' चरम पर है। एक ही जमीन के टुकड़े पर कई लोगों का निर्वाह हो रहा है। सड़क और इंटरनेट किसान को मौसम की जानकारी या मंडी के भाव तो बता सकते हैं, लेकिन वे छोटे और सीमांत भूमिधारकों जो 86 प्रतिशत से अधिक हैं, के लिए अतिरिक्त रोजगार पैदा नहीं कर सकते। कृषि अब 'लाभ का व्यवसाय' कम और 'जीवन यापन का साधन' अधिक बन गई है। जब तक कृषि को एक लाभकारी उद्योग नहीं बनाया जाएगा, रोजगार का संकट बना रहेगा।

रोजगार न पहुंचने का दूसरा बड़ा कारण ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगीकरण की कमी है। शहरी क्षेत्रों में जहां बड़े उद्योग और सेवा क्षेत्र का विस्तार हुआ है, वहीं गांवों में लघु और सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने में हम विफल रहे हैं। सड़क होने का मतलब यह नहीं है कि कोई फैक्ट्री गांव में आकर लग जाए। फैक्ट्री लगने के लिए केवल सड़क ही नहीं, बल्कि निरंतर बिजली आपूर्ति, पानी, आसान ऋण उपलब्धता और कच्चे माल की सस्ती सप्लाई चेन चाहिए। ग्रामीण उद्यमियों को आज भी बैंकों से ऋण लेने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है। बिना उद्योग धंधों के, गांव के युवाओं के पास स्थानीय स्तर पर रोजगार का कोई विकल्प नहीं बचता।

इंटरनेट पहुंचने से जानकारी का भंडार गांव तक पहुंच गया है, लेकिन इसने 'कौशल विकास' की समस्या को हल नहीं किया है। गांव के युवा इंटरनेट पर दुनिया भर की खबरें तो देख लेते हैं, लेकिन उन्हें ऐसे व्यावसायिक कौशल की कमी है जो आज के बाजार की मांग हो। हमारी शिक्षा प्रणाली आज भी रटंत विद्या और डिग्री प्राप्त करने तक सीमित है। गांव के युवाओं को डिजिटल मार्केटिंग, एग्रो-प्रोसेसिंग, मशीन संचालन, या ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स जैसे कौशल से नहीं जोड़ा गया। नतीजा यह है कि इंटरनेट और सड़क होने के बावजूद, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा करने की क्षमता युवाओं में नहीं है।

हमारे आर्थिक विकास का मॉडल हमेशा से शहरी केंद्रित रहा है। नीतियां, निवेश और पूंजी हमेशा महानगरों और बड़े शहरों की ओर प्रवाहित हुई। यह मान लिया गया कि शहरों में उद्योग लगेंगे और गांव के लोग वहां जाकर काम करेंगे। इस 'ट्रिकल डाउन' इफेक्ट के चक्कर में हमने गांवों को केवल 'श्रम आपूर्तिकर्ता' के रूप में देखा, न कि 'आर्थिक विकास के केंद्र' के रूप में। जब गांवों में पूंजी निवेश नहीं होगा, तो रोजगार कैसे पहुंचेगा? सड़क केवल गांव से शहर की ओर पलायन को आसान बना रही है, रोजगार गांव में नहीं ला रही। शहरों में स्लम बस्तियां बढ़ रही हैं और गांव खाली हो रहे हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी विकास की रणनीति में कहीं न कहीं चूक है।

रोजगार गारंटी योजना ग्रामीण भारत की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा कवच है। यह बेरोजगारी भत्ता तो देती है, लेकिन यह 'संपत्ति निमार्ता' नहीं बन पाई है।वी बी जी राम जी के तहत ज्यादातर काम ऐसे होते हैं जो अस्थायी होते हैं। यदि इस योजना के तहत टिकाऊ संपत्तियों जैसे तालाब, सिंचाई नहर, गोदाम, और ग्रामीण सड़कों का निर्माण होता, तो इससे भविष्य में कृषि और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा मिलता और दीर्घकालिक रोजगार पैदा होते। लेकिन भ्रष्टाचार और खराब नियोजन के कारण इसका पूरा लाभ रोजगार सृजन के रूप में सामने नहीं आ पाया। स्थिति गंभीर है, लेकिन निराशाजनक नहीं। ग्रामीण भारत को रोजगार के मामले में सशक्त करने के लिए हमें अपनी नीतियों में आमूल-चूल बदलाव करने होंगे। सबसे पहले, हमें 'कृषि' से 'कृषि-व्यवसाय' की ओर बढ़ना होगा। गांवों में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, और पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना गांवों में ही होनी चाहिए, ताकि किसान की उपज को सही दाम मिले और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। 'एक जिला एक उत्पाद' योजना को पूरी ताकत के साथ लागू करने की जरूरत है, ताकि हर जिले की स्थानीय कला और उत्पाद वैश्विक बाजार तक पहुंच सके और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हों।

दूसरा, डिजिटल उद्यमिता को बढ़ावा देना होगा। इंटरनेट पहुंच चुका है, अब जरूरत है गांव के युवाओं को 'डिजिटल उपभोक्ता' से 'डिजिटल निमार्ता' बनाने की। उन्हें ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़कर उनके हस्तशिल्प, कपड़े और जैविक उत्पादों को सीधे बाजार में बेचने का प्रशिक्षण दिया जाए। जब गांव का कारीगर अपना सामान सीधे शहर या विदेश में बेचने लगेगा, तो रोजगार अपने आप गांव में टिकने लगेगा।

तीसरा, ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना होनी चाहिए, जो स्थानीय जरूरतों के हिसाब से ट्रेनिंग दें। यदि किसी क्षेत्र में डेयरी उद्योग पनप रहा है, तो वहां पशुपालन और डेयरी प्रसंस्करण का कौशल सिखाया जाए। कौशल ऐसा होना चाहिए जिसका सीधा ताल्लुक उस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था से हो। चौथा, निजी क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना होगा। सरकार को कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड का उपयोग ग्रामीण स्टार्टअप्स और उद्यमियों को ऋण और तकनीक उपलब्ध कराने में करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में 'रूरल इंडस्ट्रियल पार्क्स' की स्थापना की जानी चाहिए जहां उद्यमियों को कम लागत पर जमीन और बिजली मिल सके।

आत्मनिर्भर भारत की अर्थव्यवस्था ने रचा नया इतिहास

महेन्द्र तिवारी

भारत की अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर दुनिया को अपनी असीम मजबूती और स्थिरता का प्रभावशाली परिचय दिया है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। अप्रैल से जून 2026 के बीच हासिल हुई यह वृद्धि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में सामने आई है, जब विश्व अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं से घिरी हुई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, पश्चिम एशिया में निरंतर बढ़ता तनाव और वैश्विक व्यापार से जुड़ी चिंताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी विकास की गति को न केवल बनाए रखा है बल्कि एक नई दिशा भी प्रदान की है।

प्रधानमंत्री ने देश की इस आर्थिक उपलब्धि को अत्यंत असाधारण बताया है। उनका कहना है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और चौतरफा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हासिल हुई यह वृद्धि देश की सामूहिक शक्ति और विपरीत परिस्थितियों से सफलतापूर्वक उबरने की अद्वितीय क्षमता को दशार्ती है। 1 सितंबर को देशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि ये मजबूत आंकड़े देश के भीतर बढ़ते आर्थिक आत्मविश्वास का संकेत हैं।

केवल 7.8 प्रतिशत का एक आंकड़ा देखकर अर्थव्यवस्था की पूरी तस्वीर समझना उचित नहीं होगा। इसके पीछे अर्थव्यवस्था के अलग अलग क्षेत्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन भी महत्वपूर्ण है। पहली तिमाही में सकल मूल्यवर्धन में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नए निवेश में 11.9 प्रतिशत और आम जनता के घरेलू उपभोग में 7.1 प्रतिशत की ठोस वृद्धि दर्ज की गई है। निर्यात क्षेत्र में भी 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इन आंकड़ों का विश्लेषण यह संकेत देता है कि देश की आर्थिक गतिविधियों को केवल किसी एक क्षेत्र का सहारा नहीं मिला है, बल्कि उत्पादन, सेवा, निवेश, घरेलू मांग और निर्यात जैसे कई आधारों ने मिलकर इस तेज गति को निरंतर बनाए रखा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान मजबूती का एक सबसे बड़ा आधार देश की विशाल घरेलू मांग है। जब अर्थव्यवस्था में आम लोगों का उपभोग बढ़ता है, तो बाजार में वस्तुओं और सेवाओं की मांग में स्वाभाविक वृद्धि होती है। मांग बढ़ने से उत्पादन की प्रक्रिया को गति मिलती है और नए रोजगार तथा निवेश के अवसर पैदा होते हैं। भारत जैसे विशाल देश में घरेलू बाजार की शक्ति बहुत महत्वपूर्ण है। वैश्विक परिस्थितियां अनुकूल न होने पर भी देश के भीतर मौजूद करोड़ों लोगों की आवश्यकताएं और उनका उपभोग देश की आर्थिक गतिविधियों को मजबूत सहारा देते हैं।

आर्थिक वृद्धि की सफलता में विनिर्माण क्षेत्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन भी एक आशाजनक हिस्सा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र ने 9.2 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है। यह वृद्धि इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि लंबे समय से भारत के सामने औद्योगिक उत्पादन क्षमता बढ़ाने, रोजगार पैदा करने और विदेशी आयात पर निर्भरता घटाने की चुनौती रही है। यदि विनिर्माण क्षेत्र लगातार तेज गति से आगे बढ़ता है, तो इससे छोटे और मध्यम उद्योगों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही देश के भीतर स्थानीय उत्पादन, रोजगार सृजन और वैश्विक निर्यात को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

उत्पादन के साथ सेवा क्षेत्र भी भारतीय अर्थव्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ बना हुआ है। बैंक सेवाओं, बीमा और अन्य वित्तीय गतिविधियों में भारी मजबूती दिखाई दी है। आज सूचना संचार पर आधारित सेवाओं से लेकर वित्त, परिवहन, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा प्रणाली और अन्य नागरिक सेवाओं तक अनेक गतिविधियां देश की समग्र आर्थिक वृद्धि में अमूल्य योगदान कर रही हैं। हालांकि यह भी जरूरी है कि सेवा क्षेत्र के साथ देश के औद्योगिक उत्पादन और कृषि क्षेत्र को भी समान रूप से मजबूत बनाया जाए ताकि आर्थिक विकास का वास्तविक लाभ समाज के निचले हिस्से तक पहुंच सके।

प्रधानमंत्री ने आर्थिक वृद्धि के आंकड़ों के साथ पूर्ण आत्मनिर्भरता लाने पर भी विशेष रूप से जोर दिया है। उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं और स्थानीय सेवाओं को अपनी पहली प्राथमिकता देने की अपील की है। इसके अतिरिक्त, अनावश्यक विदेशी यात्राओं, विदेशों में होने वाले भारी खर्च को कम करने तथा अत्यंत आवश्यकता न होने पर सोना खरीदने से बचने की सलाह भी दी गई है। इसका मूल विचार यह है कि नागरिकों की कमाई का पैसा देश की अर्थव्यवस्था के भीतर ही अधिक घूमे। जब उपभोक्ता स्थानीय उत्पाद खरीदता है, तो उसका सीधा आर्थिक लाभ स्थानीय दुकानदार, छोटे कारीगर, उद्यमी, मजदूर और मूल उत्पादक तक पहुंचता है।

सोने की खरीद को लेकर की गई अपील का सीधा संबंध भी इसी राष्ट्रवादी आर्थिक सोच से जुड़ा है। भारत में सोने की मांग बहुत पुरानी है और सामाजिक परंपराओं में इसका विशेष स्थान है। लेकिन बड़ी मात्रा में विदेशों से सोने का आयात करने से देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी दबाव पड़ता है। इसी प्रकार, विदेशों में विवाह करने या अनावश्यक विदेशी यात्राओं पर होने वाला बड़ा खर्च देश से बाहर विदेशी अर्थव्यवस्था में चला जाता है। यदि वही सारा खर्च देश के भीतर स्थित पर्यटन स्थलों पर किया जाए, तो यहां के पर्यटन आवास, परिवहन, भोजन और अनेक छोटे स्थानीय व्यवसायों को बहुत बड़ा लाभ मिल सकता है।

आत्मनिर्भरता का अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि भारत पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था से खुद को अलग कर ले। वास्तविक आत्मनिर्भरता का अर्थ देश के भीतर एक ऐसी मजबूत आर्थिक क्षमता विकसित करना है जिसमें देश अपनी आवश्यकताओं की सभी महत्वपूर्ण वस्तुओं का उत्पादन स्वयं कर सके और दुनिया के खुले बाजार में प्रतिस्पर्धा भी कर सके। आज भारत को ऊर्जा, रक्षा, औषधि, विद्युतीय उपकरण, भारी यंत्र और उच्च स्तरीय तकनीकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी उत्पादन क्षमता को बहुत तेजी से बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है। इससे महंगे आयात पर निर्भरता कम होगी और युवाओं के लिए नए रोजगार पैदा होंगे।

पहली तिमाही में हासिल 7.8 प्रतिशत की यह शानदार वृद्धि निश्चित रूप से बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि है, लेकिन इसे अंतिम मंजिल मान लेना उचित नहीं होगा। पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में यह वृद्धि 8.6 प्रतिशत रही थी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें, वैश्विक तनाव, मुद्रा का अवमूल्यन, घरेलू महंगाई, मानसून और अंतरराष्ट्रीय व्यापार जैसी कई बड़ी चुनौतियां आने वाले समय में भी बनी रह सकती हैं। भारत ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बड़ी मात्रा में विदेशों से कच्चे तेल का आयात करता है। तेल की कीमतों में तेज वृद्धि से परिवहन लागत, वस्तुओं की उत्पादन लागत और महंगाई पर सीधा असर पड़ सकता है।

सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि इस तेज आर्थिक वृद्धि का वास्तविक लाभ देश के आम नागरिक तक पहुंचे। सकल घरेलू उत्पाद की यह तेज वृद्धि तभी पूरी तरह से सार्थक मानी जाएगी, जब देश में रोजगार के पर्याप्त अवसर बढ़ें, किसानों की आय में वास्तविक सुधार हो, छोटे कारोबार मजबूत हों और युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप काम मिले। आर्थिक विकास का लक्ष्य आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना भी होना चाहिए। आने वाले समय में रोजगार सृजन, युवाओं का कौशल विकास और छोटे उद्योगों को मजबूत करने की एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी।

नए निवेश में 11.9 प्रतिशत की जो वृद्धि दर्ज की गई है, वह भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है। यदि पूंजी निवेश की यह गति निरंतर बनी रहती है, तो नई उत्पादन इकाइयों की स्थापना, बुनियादी ढांचे के निर्माण और रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि हो सकती है। टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए सरकारी खर्च के साथ निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी भी बहुत जरूरी है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बैंक ऋण की लगातार बढ़ती मांग भी इस बात का संकेत देती है कि उद्योगपतियों का देश की आर्थिक गतिविधियों में पूरा विश्वास कायम है।

अब भारत के सामने चुनौती इस तेज विकास को एक स्थायी, समावेशी और दीर्घकालिक विकास में बदलने की है। 7.8 प्रतिशत की वर्तमान वृद्धि ने साबित किया है कि कठिन परिस्थितियों में भी अर्थव्यवस्था में शक्ति मौजूद है। यह वृद्धि तभी सार्थक होगी जब इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जब तक आर्थिक विकास का लाभ शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण तक नहीं पहुंचता, विकास की यह यात्रा अधूरी है। इसी संतुलन और संकल्प से भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सकेगा।

जब जलवायु घर छीन रही हो, कानून को छत बनना होगा

विकास के विस्थापितों का हक है, तो जलवायु पीड़ितों का क्यों नहीं?

बाढ़ और कटाव से घर उजड़ते हैं, परिवारों का भविष्य भी बह जाता है; लेकिन कानून में उनके लिए कोई ठिकाना नहीं। भारत में जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चेतावनी नहीं, लाखों लोगों की वर्तमान त्रासदी है। 2024 में जलवायु संबंधी आपदाओं से 54 लाख आंतरिक विस्थापन दर्ज हुए–दक्षिण एशिया में सबसे अधिक। करीब दो-तिहाई बाढ़ से जुड़े थे। 2022 में यह आंकड़ा 25 लाख था। असम, सुंदरबन, ओडिशा और बिहार के नदी-तटीय इलाकों में परिवार हर साल घर, खेत और पहचान खो रहे हैं। फिर भी अब तक (2026) ऐसा कोई कानून नहीं, जो उन्हें ह्यजलवायु विस्थापितह्न मानकर अधिकार तय करे। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 तत्काल राहत तक सीमित है; स्थायी पुनर्वास और मुआवजे का अधिकार कानून से बाहर है।

नदी का पानी उतर जाए तो आदमी घर लौट सकता है, लेकिन कटाव जमीन निगल जाए तो लौटने को कुछ बचता नहीं। यही नदी-कटाव को बाढ़ से अधिक क्रूर बनाता है। ब्रह्मपुत्र 1950 के बाद से असम की 4.27 लाख हेक्टेयर जमीन निगल चुकी है। माजुली द्वीप 1970 के दशक में 1,250 वर्ग किलोमीटर था, जो अब 350-600 वर्ग किलोमीटर रह गया है। सरकारी आंकड़े 2014-24 के बीच 17,390 लोगों के विस्थापन की बात करते हैं, जबकि संसद में दिए जवाब 86 हजार से अधिक लोगों की भूमिहीनता बताते हैं। तटबंधों या सरकारी जमीन पर बसे परिवार ह्यअतिक्रमणकारीह्न कहलाते हैं। भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में राज्य जमीन ले तो मुआवजा है; नदी ले जाए तो न अधिग्रहण माना जाता है, न मुआवजा।

सबसे गहरी चोट तब लगती है, जब जमीन का अस्तित्व मिट गया हो और उसी का कागज मांगकर इंसान को राहत से बाहर कर दिया जाए। संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन, आजीविका और आश्रय का अधिकार देता है, लेकिन अदालतें भी इस संकट का व्यापक समाधान नहीं कर पाई हैं। गौहाटी उच्च न्यायालय ने कुछ मामलों में राहत दी है, पर व्यापक नीति नहीं बनी। असम की 2020 की पुनर्वास नीति 2023 में संशोधित/आंशिक रूप से वापस ली गई। पंद्रहवें वित्त आयोग ने कटाव प्रभावितों के लिए अलग फंड की सिफारिश की थी और 2024 में केंद्र ने कुछ दिशानिर्देश जारी किए, मगर जमीनी पहुंच सीमित है। दस्तावेजों की शर्त उस परिवार के सामने है, जिसकी जमीन और कागज दोनों नदी में समा चुके हैं।

उजड़ना केवल गांव छोड़ना नहीं है; यह आदमी को उसकी पुरानी पहचान से भी बेदखल कर देता है। सुंदरबन में बढ़ती लवणता खेती और मछली पालन खत्म कर रही है। खेत और पानी जब रोजी छीन लेते हैं, तो परिवार शहरों की ओर जाता है। वहां झुग्गियों में नई जिंदगी शुरू होती है–मगर अधिकारों के बिना। कोई राष्ट्रीय रजिस्टर, स्पष्ट नोडल एजेंसी नहीं है। 2022 का निजी सदस्य विधेयक–क्लाइमेट माइग्रेंट्स (प्रोटेक्शन एंड रिहैबिलिटेशन) बिल–संसद में आगे नहीं बढ़ सका। इस बीच जलवायु विस्थापन अस्थायी घटना नहीं, स्थायी और संरचनात्मक संकट बनता जा रहा है। व्यवस्था फिर भी उसे ह्यआपदाह्न की छोटी अवधि में बांधकर देख रही है।

दुनिया के दूसरे हिस्सों में कानून ने बदलती जलवायु की आहट सुन ली है, लेकिन भारत में उजड़े लोगों की आवाज व्यवस्था की दीवारों से टकराकर लौट आती है। बांग्लादेश और फिजी ने जलवायु विस्थापितों को कानूनी पहचान देने की दिशा में कदम उठाए हैं। ऑस्ट्रेलिया-तुवालु समझौता बताता है कि जलवायु आवागमन को कानूनी ढांचे में जगह दी जा सकती है। भारत में कार्बन सेस और पर्यावरणीय जुमार्ने से समर्पित फंड बनाने के प्रस्ताव हैं, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है। जब बांध या हाईवे परियोजना से विस्थापित व्यक्ति को मुआवजा और पुनर्वास मिलता है, तो प्रकृति से उजड़े परिवार को क्यों नहीं? जमीन जाने का दर्द उसके कारण से कम नहीं होता।

इस कानून-विहीनता का सबसे भारी बोझ उन्हीं पर पड़ता है, जो पहले ही गरीबी ढो रहे हैं। आदिवासी, दलित और गरीब किसान जलवायु विस्थापन के सबसे असुरक्षित शिकार हैं। उनके लिए जमीन केवल संपत्ति नहीं, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और पीढ़ियों की पहचान है। जमीन जाने के साथ बच्चों की पढ़ाई, रोजी और समुदाय से जुड़ाव टूटता है। उनकी आवाज संसद तक पहुंचना कठिन है। चुनावी घोषणापत्रों में जलवायु विस्थापन का उल्लेख नहीं के बराबर है और सरकारी सर्वेक्षणों में भी यह प्राथमिकता नहीं बन पाया। जब विस्थापितों को कानून कोई नाम नहीं देता, तो उनके अधिकारों की मांग भी अनसुनी रह जाती है। यह केवल प्रशासनिक कमी नहीं, संवैधानिक समानता का गंभीर प्रश्न है।

अब राहत की घोषणा से आगे बढ़कर ऐसे कानून की जरूरत है, जो उजड़ने के बाद भी नागरिक को अकेला न छोड़े। समर्पित कानून जलवायु विस्थापितों को स्पष्ट पहचान दे, पंजीकरण करे, पुनर्वास को अधिकार बनाए और स्थायी फंड सुनिश्चित करे। भूमि खोने वालों को दस्तावेजी अड़चनों से राहत मिले तथा आवास, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था हो। अनुच्छेद 21 और राज्य के नीति-निर्देशक तत्व इसका संवैधानिक आधार दे सकते हैं। पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुरूप अलग कोष बनाया जा सकता है। कार्बन सेस और पर्यावरणीय जुमानों से भी संसाधन जुटाए जा सकते हैं। सवाल यह नहीं कि उपाय संभव हैं या नहीं; सवाल है कि राजनीतिक इच्छा कब पैदा होगी।

सवाल अब यह है कि हर साल उजड़ रहे लाखों लोगों की जिम्मेदारी कौन लेगा? वे किसी युद्ध के शरणार्थी नहीं, फिर भी विस्थापित हैं; उन्होंने जमीन बेची नहीं, फिर भी भूमिहीन हैं; उन्होंने शहर चुना नहीं, फिर भी पलायन को मजबूर हैं। नदी को दोष देकर राज्य अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता। यदि कानून उन्हें पहचान नहीं देता, तो मुआवजा अपवाद और पुनर्वास एहसान बन जाता है। तब बाढ़ और कटाव महज प्राकृतिक आपदाएं नहीं रहते, वे संवैधानिक अन्याय की शक्ल लेते हैं। नदी जमीन छीन ले, यह प्रकृति की विवशता हो सकती है; लेकिन उसके साथ इंसान का अधिकार भी बह जाए, यह राज्य की विफलता होगी।

(जन्माष्टमी : 4 सितंबर पर विशेष)

कृष्ण–एक युगपुरुष...!

कृष्ण सिर्फ मुरली की तान नहीं,
ये इस जीवन का गहरा ज्ञान हैं।
वो अंधियारे में भी राह दिखाते,
हमारे उन कर्मों का सम्मान हैं।

आज धर्म बचाना हो तो लड़ना,
जब सत्य बचाना हो तो अड़ना।
यूं फल की चिंता छोड़ कर्म कर,
हाँ, यही कृष्ण का मंत्र है पढ़ना।

वो रहें सुदामा के सच्चे साथी,
धर्म हेतु अर्जुन के सारथी बने।
नीति, प्रेम और धर्म के प्रहरी,
हर एक युग में प्रासंगिक बने।

मंदिर में ही क्यों खोजें कृष्ण,
अपने कर्मों में हम उन्हें उतारें।
हम अन्याय के आगे झुकें नहीं,
सत्य की राह भी न छोड़ें सारे।

कृष्ण कोई बीती हुई कथा नहीं,
हरेक युग की जीवित चेतना हैं।
जहाँ धर्म के लिए साहस जागे,
उस कृष्ण की उपस्थिति है आगे।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

ईवीएम वेयरहाउस खोला और बंद किया गया, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

गौतमबुद्धनगर, 2 सितंबर। आगामी ईवीएम फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) के मद्देनजर कलेक्ट्रेट परिसर सूरजपुर स्थित ईवीएम वेयरहाउस को बुधवार को वीडियोग्राफी के तहत खोला और बंद किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि ईवीएम के भंडारण और सुरक्षा से संबंधित निर्धारित प्रक्रिया के तहत वेयरहाउस को खोला गया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई, जिससे चुनावी मशीनों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वेयरहाउस को दोबारा बंद किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम के भंडारण, सुरक्षा और एफएलसी से संबंधित विस्तृत प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के ईवीएम-वीवीपैट मैनुअल में निर्धारित है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। (सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

जीडीपी की रफ्तार से नोएडा के रियल एस्टेट को बूम की उम्मीद

लक्जरी फ्लैटों के दाम 50 हजार रुपये प्रति वर्गफुट तक पहुंचने का अनुमान, बढ़ती क्रय शक्ति और निवेश से मांग में तेजी के आसार

समाज जागरण

नोएडा। देश की 7.8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का असर अब रियल एस्टेट बाजार पर भी दिखाई देने की उम्मीद है। मजबूत आर्थिक विकास, बढ़ती क्रय शक्ति और घरेलू निवेश में तेजी के बीच नोएडा के प्रॉपर्टी बाजार में आने वाले वर्षों में मांग बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। रियल एस्टेट विशेषज्ञ अभिषेक राज के अनुसार, नोएडा के प्रीमियम और लक्जरी प्रोजेक्ट्स में कीमतें आने वाले समय में 50 हजार रुपये प्रति वर्गफुट तक पहुंच सकती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत अर्थव्यवस्था से लोगों की आय और निवेश क्षमता बढ़ने का सीधा असर आवासीय संपत्तियों की मांग पर पड़ता है। नोएडा में बेहतर कनेक्टिविटी, तेजी से विकसित हो रहा बुनियादी ढांचा और बड़े व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रोजेक्ट इसे निवेशकों के लिए आकर्षक बाजार बना रहे हैं।

अभिषेक राज के मुताबिक, स्थिर आर्थिक माहौल और 'मेक इन इंडिया' जैसे अभियानों से घरेलू निवेश को भी बढ़ावा मिल रहा है। इसका फायदा खासतौर पर प्रीमियम और लक्जरी आवासीय परियोजनाओं को मिल सकता है।

हालांकि, 50 हजार रुपये प्रति वर्गफुट तक कीमत पहुंचने का अनुमान बाजार की मौजूदा गति, मांग, परियोजनाओं की गुणवत्ता और आर्थिक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। यदि आय और निवेश में वृद्धि के साथ नोएडा में बुनियादी ढांचे का विकास जारी रहता है, तो लक्जरी रियल एस्टेट सेगमेंट में कीमतों और मांग दोनों में मजबूत बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज में।

आउटसोर्स कर्मियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम

उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगो, वेबसाइट और पोर्टल का किया अनावरण; ग्रेटर नोएडा में हुआ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 2 सितंबर। उत्तर प्रदेश सरकार ने आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों को मजबूत करने और उनके भविष्य को सुरक्षित एवं उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीसीओएस) के लोगो का अनावरण करने के साथ ही इसकी वेबसाइट और पोर्टल का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आउटसोर्स कार्मिकों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।

लखनऊ में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में दादरी विधायक तेजपाल नागर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी, प्रभारी जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए नेहा सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरुण कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष कुमार, उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद रहे।

कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक पहल : तेजपाल नागर

लखनऊ कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के बाद दादरी विधायक तेजपाल नागर ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्थानीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। प्रदेश सरकार ने आउटसोर्स कार्मिकों के हितों को प्राथमिकता देते हुए उनके भविष्य को सुरक्षित, सशक्त और उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के माध्यम से आउटसोर्स कार्मिकों को उनके कौशल और कार्य के अनुरूप बेहतर मानदेय के साथ विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। सरकार की ओर से की गई घोषणाएं आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी साबित होंगी और उन्हें भविष्य के लिए नई दिशा देंगी।

विधायक ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं विभिन्न सरकारी विभागों के कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में उनके हितों और भविष्य की सुरक्षा को लेकर सरकार की यह पहल काफी महत्वपूर्ण है।

लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण-पत्र

कार्यक्रम के दौरान विधायक तेजपाल नागर ने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड के लाभार्थियों को स्वीकृत धनराशि के प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। अधिकारियों के अनुसार प्रमाण-पत्र में स्वीकृत धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

इससे पात्र लाभार्थियों को सरकारी सहायता का लाभ सीधे उनके खातों में प्राप्त होगा और उन्हें कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी।

आउटसोर्स कर्मचारियों को मिलेगा संस्थागत सहयोग

मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी ने विधायक तेजपाल नागर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित आउटसोर्स कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन किया है। यह निगम आउटसोर्स कर्मियों के भविष्य को सुरक्षित और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से सरकार की ओर से शुरू की गई नई व्यवस्था का लाभ उठाने तथा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार पोर्टल एवं अन्य सुविधाओं का उपयोग करने की अपील की।

वेबसाइट और पोर्टल से ऑनलाइन व्यवस्था को बढ़ावा

उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम की वेबसाइट और पोर्टल के शुभारंभ से आउटसोर्स सेवाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है। ऑनलाइन माध्यम से संबंधित प्रक्रियाओं को संचालित करने से कर्मचारियों और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने की उम्मीद है।

सरकार का जोर आउटसोर्स कार्मिकों को उनके कौशल और कार्य के अनुरूप बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा उनकी सेवा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर है। निगम के गठन से प्रदेश में विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए एक संस्थागत व्यवस्था विकसित होने की उम्मीद है।

ग्रेटर नोएडा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन तथा निगम के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना।

कुपोषण पर सीडीओ सख्त, बच्चों के शत-प्रतिशत चिन्हांकन के निर्देश

जिला पोषण समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा, राशन वितरण में लापरवाही पर जताई नाराजगी

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 2 सितंबर। मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पोषण योजनाओं और बाल विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

संभव 6.0 अभियान के तहत सीडीओ ने गंभीर कुपोषित (एसएएम) और मध्यम कुपोषित (एमएएम) बच्चों का शत-प्रतिशत चिन्हांकन करने तथा पोषण ट्रैकर और ई-कवच पोर्टल पर समय से विवरण दर्ज कराने के निर्देश दिए। एएनएम और सीएचओ के माध्यम से बच्चों का मेडिकल मैनेजमेंट भी सुनिश्चित करने को कहा गया।

पोषण पुनर्वास केंद्र में कम रेफरल और बेड ऑक्युपेंसी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि कोई बेड खाली न रहे और गंभीर कुपोषित बच्चों का लगातार संदर्भन किया जाए। टेक-होम राशन वितरण का औसत 74.43 प्रतिशत मिलने पर सीडीओ ने एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने को कहा। सक्षम आंगनबाड़ी योजना के तहत 134 केंद्रों में बिजली, 193 में पाइप पेयजल और 33 केंद्रों में शौचालय की सुविधा दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए।

आवारा कुत्तों की समस्या पर नोएडा प्राधिकरण अलर्ट, हेल्पलाइन नंबर जारी

नोएडा। शहर में आवारा कुत्तों और डॉग बाइट की घटनाओं को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। प्राधिकरण ने लोगों से कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में आवारा कुत्तों की समस्या या कुत्ते के काटने की घटना सामने आती है तो तत्काल इसकी सूचना प्राधिकरण को दें।

प्राधिकरण ने इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 18002023601 जारी किया है। नागरिक इस नंबर पर संपर्क कर अपने क्षेत्र में आवारा कुत्तों से संबंधित समस्या की जानकारी दे सकते हैं।

नोएडा प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में समय रहते संबंधित विभाग को सूचना दें।

उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में ₹35 प्रति कुंतल की बढ़ोतरी

अब मिलेगा ₹125 प्रति कुंतल लाभांश, उचित दर विक्रेता संघ ने मुख्यमंत्री और खाद्य एवं रसद मंत्री का जताया आभार

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 2 सितंबर। प्रदेश सरकार ने उचित दर विक्रेताओं को बड़ी राहत देते हुए उनके लाभांश में ₹35 प्रति कुंतल की वृद्धि की है। अब उचित दर विक्रेताओं को ₹125 प्रति कुंतल लाभांश मिलेगा। सरकार के इस फैसले पर गौतमबुद्धनगर के उचित दर विक्रेता संघ ने मुख्यमंत्री और खाद्य एवं रसद विभाग मंत्री के प्रति आभार जताया।

बुधवार को बड़ी संख्या में उचित दर विक्रेता कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। संघ के प्रतिनिधियों ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को ज्ञापन सौंपकर सरकार के फैसले के लिए धन्यवाद दिया।

उचित दर विक्रेताओं ने कहा कि लाभांश में वृद्धि से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी और राशन वितरण व्यवस्था को और बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) और जिला पूर्ति अधिकारी ने उचित दर विक्रेताओं को लाभांश बढ़ने पर बधाई दी। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि संघ की ओर से सौंपा गया आभार पत्र नियमानुसार मुख्यमंत्री तक भेजा जाएगा।

सरकार के इस फैसले को उचित दर विक्रेताओं के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक राहत के रूप में देखा जा रहा है।

व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

व्यापार बंधु समिति की बैठक में यातायात, पार्किंग, अतिक्रमण और जलभराव समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 2 सितंबर। मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

व्यापारियों ने यातायात व्यवस्था, पार्किंग, अतिक्रमण, साफ-सफाई, जलभराव और सड़कों पर गड्ढों सहित कई समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने संबंधित क्षेत्रों में आवश्यक सुधार कर व्यापारियों और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्राधिकरणों और विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने अधिकारियों को बैठक में उठाए गए प्रत्येक प्रकरण पर आपसी समन्वय से कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय में निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही समस्याओं के समाधान में कार्य की गुणवत्ता और स्थायित्व का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि जिले में व्यापारिक गतिविधियों के लिए बेहतर और व्यवस्थित वातावरण तैयार हो सके।

बैठक में डिप्टी कमिश्नर प्रशासन राज्य कर विभाग अजीत कुमार सिंह, एसीपी ट्रैफिक पवन कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

चार मेडिकल कॉलेजों की सीट मैट्रिक्स को लेकर विवाद, आरक्षण व्यवस्था पर उठे सवाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के चार सरकारी मेडिकल कॉलेजों की एमबीबीएस सीट मैट्रिक्स को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया है। 'क्षत्रिय इतिहास' नामक एक्स हैंडल से जारी पोस्ट में दावा किया गया है कि अंबेडकर नगर, जालौन, कन्नौज और सहारनपुर स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेजों में राज्य कोटे की 85 सीटों का आवंटन आरक्षण व्यवस्था के तहत किया गया है। पोस्ट में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 85 सीटों में एससी के लिए 62, एसटी के लिए 5, ओबीसी के लिए 11 और अनारक्षित वर्ग के लिए 7 सीटें बताई गई हैं। पोस्ट में इसे लेकर सरकार पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया गया है कि कुल आरक्षण निर्धारित सीमा से अधिक है।

उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र केंद्र बनाने की तैयारी, 8-9 सितंबर को लखनऊ में होगा 'यूपी टैक्स-2026'

3 सितंबर को नोएडा में कर्टेन रेजर और रोड शो, निवेशकों व वस्त्र उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों को जोड़ने पर जोर

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 2 सितंबर। उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की ओर से 'यूपी टैक्स-2026' का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय सम्मेलन 8 और 9 सितंबर को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

मुख्य सम्मेलन से पहले 3 सितंबर को नोएडा में कर्टेन रेजर एवं रोड शो आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन भवन, बी-110/ए, सेक्टर-6 में होगा। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान करेंगे।

परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त (हथकरघा) अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि 'यूपी टैक्स-2026' नीति निमार्ताओं, वैश्विक निवेशकों, वस्त्र निमार्ताओं, निर्यातकों और उद्योग से जुड़े नवप्रवर्तकों को एक मंच पर लाने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। सम्मेलन के माध्यम से प्रदेश के वस्त्र उद्योग में निवेश, तकनीकी सहयोग और कारोबारी संभावनाओं को बढ़ावा देने पर जोर रहेगा।

नोएडा में होने वाले रोड शो के जरिए सम्मेलन की तैयारियों और उद्देश्यों की जानकारी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों तक पहुंचाई जाएगी। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश की हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षमता को वैश्विक बाजार से जोड़ना और प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख वस्त्र केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

जारचा पुलिस ने 1.4 किलो गांजे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से गांजा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 1 सितंबर 2026 को थाना जारचा क्षेत्र में चेकिंग और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए प्रदीप पुत्र मानकी (40 वर्ष) निवासी नगला गज्जू, थाना कपूरपुर, जिला हापुड़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी के खिलाफ जारचा, धौलाना और कपूरपुर थानों में कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें एनडीपीएस एक्ट, आयुध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य धाराओं के मामले शामिल हैं। जारचा थाने में उसके खिलाफ वर्ष 2025 में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज हुआ था।

पुलिस ने बरामद गांजे को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। (मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

सोसाइटी और फ्लैटों में चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, महिला समेत तीन गिरफ्तार

समाज जागरण

नोएडा। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने सोसाइटी और फ्लैटों में चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की ज्वैलरी, पांच लैपटॉप, दो टैबलेट, छह मोबाइल फोन, 3.5 लाख रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई अर्टिगा कार बरामद की है। कार पर कूटरचित नंबर प्लेट लगी हुई थी।

पुलिस के अनुसार, 2 सितंबर को लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से कार्रवाई करते हुए कैलाश उर्फ दिवाकर, इरफान उर्फ इमरान और सोनाली को सेक्टर-123 स्थित श्मशान घाट के पास से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सोसाइटी और फ्लैटों की पहले रेकी करते थे। पहचान छिपाने के लिए सिर पर कैप और चेहरे पर मास्क लगाते थे। इसके बाद अर्टिगा कार से पहुंचकर बंद मकानों को निशाना बनाते और ज्वैलरी, नकदी, मोबाइल फोन व लैपटॉप चोरी कर लेते थे।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीली और सफेद धातु की ज्वैलरी के अलावा पांच लैपटॉप, दो टैबलेट, छह मोबाइल फोन और घरों से चोरी किए गए 3.5 लाख रुपये बरामद किए हैं। बरामद अर्टिगा कार पर कूटरचित नंबर प्लेट HR20AN3914 लगी थी।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार तीनों आरोपियों के खिलाफ नोएडा, मथुरा समेत विभिन्न थानों में चोरी और अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य मामलों और सदस्यों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर। मंडावर थाना प्रांगण में आगामी त्योहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता सीओ बिजनौर की रही और संचालन मास्टर सतेन्द्र सिंह ने किया बैठक में बहुत से गणमान्य लोग ग्राम प्रधान और पत्रकार एवं पुलिस उपस्थित रहे। बैठक

में सीओ सिटी अभय कुमार पाण्डेय ने बोलते हुए कहा कि आगामी त्योहार कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार सभी भाई धुमधाम और भाईचारे के साथ मिलकर मनाएं क्षेत्र में जहा भी जुलूस निकाला जाता है। जुलूस में ज्यादा ऊंची झांकियां और तेज आवाज डीजे का प्रयोग न करें, कोई भी नई परम्परा को लागू नही किया जायेगा कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़ा ही मनमोहक त्योहार होता है। अगर इस त्योहार पर किसी भी व्यक्ति की कोई शिकायत मिलती है, तो उसके ऊपर कार्यवाही भी की जायेगी वही थाना प्रभारी विपिन कुमार ने भी कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाये खुशी के साथ आपस में मिल जुलकर रहे और शांति व्यवस्था बनाए रखें इस अवसर पर क्षेत्र के बहुत से गणमान्य लोग ग्राम प्रधान और पत्रकार उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार रोडवेज बस ने वृद्धा को कुचला, मौके पर हुई मौत

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर धामपुर नगीना हाईवे पर पेट्रोल पंप के निकट मंगलवार की शाम को करीब सात बजे सड़क पार कर रही एक वृद्धा को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुजुर्ग महिला हाईवे पार कर रही थीं। इसी दौरान हरिद्वार की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सीएचसी की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लेकर हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी वाहन को कब्जे में लेकर शुरू की जांच मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रोडवेज बस को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की जा रही है। महिला की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं

अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन युवक हुए घायल

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नहटौर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद तीनों को 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव उमरी आलोपुर निवासी टिंकू पुत्र रामस्वरूप अपने भतीजे शिवम पुत्र रोहतास और उद्यपाल पुत्र किशन के साथ बाइक से नहटौर की ओर से कोतवाली मार्ग की तरफ जा रहे थे। बताया गया कि गांव सीकरी के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

वहां चिकित्सकों ने दो युवकों को शिवम व उदयपाल मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे युवक टिंकू की हालत नाजुक बताई जा रही है।

सिर में चोट लगने के कारण बोलने की स्थिति में नही है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाते हुए अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों से भी युवकों के घर से निकलने और उनके जाने के संबंध में जानकारी ली जा रही है

अवैध कब्जों के विरुद्ध सम्भल में प्रशासन की सख्त कार्रवाई

ग्राम बहजोई में तालाब की भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त, राजस्व टीम ने पैमाइश एवं सीमांकन के बाद की कार्रवाई

समाज जागरण

बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश पर जनपद में चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए अभियान

निरंतर जारी है। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों के साथ-साथ अन्य तालाबों को भी चिन्हित कर सूची तैयार करने तथा उन्हें अवैध कब्जों से मुक्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी के निर्देशन एवं नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा ग्राम बहजोई में कार्रवाई की गई। राजस्व टीम ने तालाब की भूमि गाटा संख्या 572/1, रकबा 0.1460 हेक्टेयर की पैमाइश एवं सीमांकन कराते हुए उसे अतिक्रमण मुक्त कराया।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि जनपद में तालाबों, चकमार्गों एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करने तथा अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिला प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि एवं सार्वजनिक उपयोग की परिसंपत्तियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

तटबंध पर हुए खर्च पर पूर्व सांसद ने फिर खड़े किये सवाल, प्रशासन ने दी सफाई

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर बैराज के तटबंध और गलखा देवी मंदिर के पास कराए गए कटान निरोधी काम की बदहाली का हवाला देते हुए पूर्व सांसद ने खर्च किए गए बजट पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने प्रशासन और सदर विधायक को नाम लिए बगैर घेरा। जिसे लेकर प्रशासन सफाई देने में जुटा है, हालांकि सदर विधायक की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। वहीं अपनी ही सरकार के कार्यों पर सवाल उठाने से सदर विधानसभा की राजनीति फिर से गरमाती नजर आ रही है।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर पूर्व सांसद और सिंचाई राज्य मंत्री रहे भारतेंद्र सिंह का एक वीडियो जारी हुआ। जिसमें उनकी ओर से कहा गया कि सरकार ने 150 करोड़ रुपया बिजनौर विधानसभा में कटान और बाढ़ से बचाने के लिए दिया। मगर उक्त रकम मिलने के बाद भी बैराज तटबंध की हालत खराब है। विदेशी तकनीक से कराए गए तटबंध के सुरक्षात्मक कार्य की पोल खुल रही है। बोले कि जो चादरें तटबंध पर लगाई गई थीं, वे फटने लगी हैं और रेत बाहर आ रहा है। गलखा देवी मंदिर पर भी जियो ट्यूब लगाई गई थी। मगर कटान अब भी हो रहा है। बिजनौर बैराज का तटबंध की बदहाली भी शुरू हो गई। इसके अलावा इस वीडियो में पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने बिजनौर कोतवाली रोड पर गड्ढों पर भी सवाल उठाए। उधर इस वीडियो के बाद डीएम जसजीत कौर ने इस पर कहा कि रावली तटबंध के लिए 96 करोड़ का बजट पास हुआ था। अभी तक 46 करोड़ रुपये ही खर्च हुए हैं। बाकी कार्यों के जल्द टेंडर होने हैं। तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित है

यूसीजी बिल के विरोध में सवर्ण समाज उतरा सड़कों पर

उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया ज्ञापन

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना । यूजीसी बिल के विरोध में सभी सवर्ण समाज के लोग सड़कों पर उतरे विरोध प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम नगीना को सौंप कर यू.सी.जी वापस करने व आर्थिक आधार आरक्षण व्यवस्था किये जाने की मांग की ।

बुधवार को ब्राह्मण समाज , क्षत्रिय समाज, वैश्य समाज, बिश्नोई समाज, पंजाबी सभा, अग्रवाल सभा, कायस्थ सभा सहित सभी सवर्ण समाज के सैकड़ों लोग गांधी मूर्ति पर इकट्ठा हुये जहां से विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कंपाउंड पहुंचे जहां उन्होने सवर्ण समाज एकता जिंदाबाद और यूसीजी प्रस्तावित बिल के विरोध में जमकर नारे बाजी की। बाद में सामुहिक रुप से देश के राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम प्रिंस कुमार को सौंपा। ज्ञापन में यूसीजी का विरोध कर सरकार से आरक्षण व्यवस्था आर्थिक आधार पर लागू किये जाने की मांग की। उप जिलाधिकारी प्रिंस कुमार ने सवर्ण समाज के लोगों को उनका यह ज्ञापन महामहीन राष्ट्रपति तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

विरोध प्रदर्शन व ज्ञापन देने वालों में ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष डा. सदीप शर्मा, अनूप कौशिक, दर्शन त्रिपाठी, क्षत्रिय सभा के डा.तिलकराज चौहान, सुधीर राणा, डॉ. सतीश चौहान, अंशुल ठाकुर , तेजवीर सिंह , एड. प्रवोद कुमार, एड.कमल चौहान, एवं संदीप राठौर, यशपाल सिंह ,लोहिया वैश्य समाज के अध्यक्ष विशाल गुप्ता, नीरज गुप्ता, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शीतल अग्रवाल ,शरद अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, मुनमुन गर्ग, गौरव अग्रवाल, पंजाबी सभा के नंदकिशोर कालरा, राजकुमार सेठी, तिलक राज मुटरेजा, नरेंद्र कुमार, बिश्नोई समाज के डा.बालेश विश्नोई, सुनिल विश्नोई , शरद विश्नोई, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक बिश्नोई, दीपक जोशी एड, सौरभ कौशिक एड, अम्बरीश कुमार आदि सवर्ण समाज के सैकड़ों लोग शामिल रहे

आरक्षण जारी रहे लेकिन आर्थिक आधार पर

नगीना । राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनोज वाल्मीकि ने यूजीसी का विरोध और सवर्ण समाज की मांग का समर्थन करते हुए आरक्षण से वंचित होते आ रहे एससी एसटी वर्ग के लोगों से कहां की अब उन्हें भी इस पर विचार करना चाहिए कि एससी एसटी में जिनको एक या दो बार आरक्षण का लाभ मिल गया हो उन्हें आरक्षण से बाहर कर देना चाहिए। उनका कहना है कि आरक्षण व्यवस्था जारी रहे लेकिन आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाना चाहिए ऐसी व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए। इससे सबसे निचले पायदान पर खड़े एससी एसटी समाज के लोगों की दिशा और दशा में सुधार होगा।

बिचपुरी सैलाब से सालों बाद भी जल जीवन मिशन अधूरा टोटियों को देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश

समाज जागरण

गुन्नौर।गुन्नौर क्षेत्र के बिचपुरी सैलाब गांव जल जीवन मिशन योजना की बदहाली का एक बड़ा मामला सामने आया है गांव में हर घर तक पे जल पहुंचने के दावे बड़े-बड़े किए गए थे लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है ग्रामीणों के अनुसार घर के बाहर पानी की टोटियां लगाई गई साल बीत चुके हैं लेकिन उनमें पानी की एक बूंद आज तक नहीं आई आलम यह है कि इन्हें सालों बीत जाने के बाद गांव में अब

तक पानी की टंकी का निर्माण कार्य नहीं हो सका बिना पानी और बिना टंकी के सुखी टोटी खड़ी कर सरकारी तंत्र ने अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली है पेयजल की इस भरी तिलक के कारण ग्रामीणों को रोज मर्या के काम और पीने के पानी के लिए हेड पंप और अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है लगातार आश्वासन मिलने के बाद भी स्थिति न सुधरने से पूरे गांव में प्रशासन और जल निगम के बाहरी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पानी की टंकी का निर्माण पूरा कर कर आपूर्ति शुरू नहीं की तो विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर रहोंगे

स्वास्थ्य एवं शिक्षा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

इच्छा रानी प्रथम, फिजा द्वितीय और प्रतिभा ने हासिल किया तृतीय स्थान; विजेताओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

समाज जागरण सम्भल

सम्भल। विकासखंड पंवासा के ग्राम मऊ भूड़ स्थित बालाजी इंटर कॉलेज में गरिमा समाज सेवा समिति, हापुड़ एवं कैंब्रिज अकादमी ऑफ फॉरेन स्टडीज, सम्भल के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य एवं शिक्षा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का संचालन बालाजी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव सिंह तथा कैंब्रिज अकादमी की कंप्यूटर शिक्षिका मुस्कान के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके सामान्य ज्ञान को विकसित करना और आत्मविश्वास में वृद्धि करना था।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। परिणाम घोषित होने के बाद इच्छा

रानी ने प्रथम स्थान, फिजा ने द्वितीय स्थान तथा प्रतिभा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया।

समारोह में गरिमा समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक मित्तल एवं बालाजी इंटर कॉलेज के प्रबंधक धीरेन्द्र कुमार ने विजेताओं को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर अशोक मित्तल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी समाज की उन्नति के प्रमुख आधार हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास की भावना भी मजबूत होती है।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक ने प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग के लिए गरिमा समाज सेवा समिति तथा कैंब्रिज अकादमी ऑफ फॉरेन स्टडीज का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक धीरेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य संजीव कुमार, उपप्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

यदुवंशी सेवा समिति बहजोई की श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में मीटिंग सुमंगलम रेस्टोरेंट बहजोई आयोजित की गई

समाज जागरण

बहजोई।समिति के समस्त पदाधिकारियों ने समिति को मजबूत करने और 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से सुमंगलम ग्रीन रिजॉर्ट बहजोई बबराला रोड पर आयोजित होगा जिसकी मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कुसुम लता यादव जी रहेगी तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं समस्त यादव विधायक गण एमएलसी पूर्व विधायक गण रहेंगे इस अवसर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा, यादव समाज की गरीब बेटी की शादी के लिए मदद करने, यादव परिवार की गरीब प्रतिभाशाली बच्चे की पढ़ाई

के लिए सहयोग करने की अग्रिम राजनीति एवं यादव समाज के उत्थान के लिए सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी यदुवंशियों से अपील की गई की गई। समिति के विस्तार के लिए तीन नए युवा साथी, लव कुमार यादव जसपाल सिंह यादव पदमसिंह यादव कुछ जिम्मेदारी दी गई है। उम्मीद है कि सभी यादव समाज को आगे बढ़ाने के लिए तन,मन और धन से पूरा प्रयास करेंगे।

मीटिंग की अध्यक्षता समिति के संरक्षक कृपाल सिंह यादव रिटायर्ड फौजी ने तथा संचालन महामंत्री अशोक यादव ने किया समिति के अध्यक्ष लाल बहादुर यादव द्वारा मीटिंग में आए हुए सभी यदुवंशियों का आभार व्यक्त किया

खबर का असर / सलमान अली

तालाब में तब्दील हुआ एकेडमी स्कूल को जाने वाला मार्ग

गड्ढा मुक्त सड़क पर आवागमन में छात्र-छात्राओं और राहगीरों की बढ़ी परेशानी

समाज जागरण मुस्कान खान

धामपुर। एमकेडी चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल को जाने वाला मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। जगह-जगह गहरे गड्ढों और जलभराव के कारण सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। इससे विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यह मार्ग केवल विद्यालय तक पहुंचने का रास्ता नहीं है, बल्कि आसपास के कई गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ता है। मार्ग से जीतनपुर, मिल्क पूरनपुर, भज्जावाला मिल्क, नगला सहित कई गांवों के ग्रामीण प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इसके अलावा इसी मार्ग पर वन विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय भी स्थित है, जहां बड़ी संख्या में किसान और अन्य लोग अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं। मार्ग पर शकुंतला शिशु लोक आश्रम भी स्थित है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की स्थिति खराब बनी हुई है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। दोपहिया वाहन चालक और राहगीर आए दिन गड्ढों में भरे पानी के कारण गिरकर चोटिल हो रहे हैं। विद्यार्थियों को भी विद्यालय आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की बदहाली की जानकारी संबंधित विभाग और प्रशासन को होने के बावजूद अब तक समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश होते ही मार्ग पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मार्ग की तत्काल मरम्मत कराकर गड्ढों को भरवाया जाए तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि विद्यार्थियों, ग्रामीणों और अन्य राहगीरों को आवागमन में परेशानी न हो।

बताया गया है कि विद्यालय प्रबंधन से जुड़ी डॉ. रश्मि शर्मा रावल भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री हैं। इसके बावजूद विद्यालय तक पहुंचने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग की बदहाली दूर नहीं हो सकी है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

मिट्टी भरकर ले जा रहे 4 ट्रैक्टर- ट्रॉलियों को लिया हिरासत मे

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नगीना। एसडीएम प्रिंस कुमार ने शिकायत मिलने पर सूत मिल से मिट्टी भरकर ले जा रहे 4 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को हिरासत में ले लियानगीना कोतवाली मार्ग स्थित सहकारी कताई मिल लगभग 25-26 वर्षों से बंद पड़ी है। शासन द्वारा यहां संत कबीर टेक्सटाइल लगाए जाने की घोषणा के बाद कानपुर इंडस्ट्रियल के अधिकारियों द्वारा 2-3 माह पूर्व पेड़ों को छोड़कर मिल के भवनों, मशीनों, केबिल आदि के मटेरियल की नीलामी लगभग साढ़े 8 करोड़ में की गई थी। नीलामी बैंगलोर की फर्म कमल ट्रेडर्स के नाम छूटी थी।मंगलवार को पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे एसडीएम को सूचना मिली कि ठेकेदार मिल से अलग से मिट्टी खोदकर अवैध खनन कर कॉलोनियों में भराव करा रहे हैं। सूचना पर एसडीएम प्रिंस कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष

जायसवाल, कानूनगो नरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार व लेखपाल की टीम के साथ मौके के लिए निकले। मंडी समिति के पास से आ रहे 4- 5 ट्रैक्टरों को रोका गया, जिसमें एक चालक ट्रॉली खाली कर भाग गया। 4 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को हिरासत में लेकर मंडी समिति में खड़ा करा दिया गया। सूचना पर कमल ट्रेडर्स के प्रोपराइटर अमित वर्मा मंडी समिति पहुंचे और एसडीएम को बताया कि उन्हें इंडस्ट्रियल विभाग कानपुर से पेड़ों को छोड़कर जमीन को प्लेन करके देने का ठेका मिला है। अलग से मिट्टी खोदने का कोई ठेका नहीं है। भवन तोड़ने पर मलबा तो निकलेगा ही।इस पर एसडीएम ने टीम के साथ मौके पर मिल का निरीक्षण किया। मौके पर बिल्डिंग तुड़ाई का कार्य और उसका मालवा मिट्टी ट्रैक्टर ट्राली में भरान का कार्य चलता मिला। एसडीएम ने ठेकेदार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मिल से अलग से मिट्टी खनन की शिकायत मिलने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राखी बांधकर लौटे विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने पुष्प देकर किया विद्यार्थियों का स्वागत, उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

समाज जागरण

बहजोई। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर न्यू सत्यम एकेडमी स्कूल, चंदौसी के छात्र-छात्राओं रुहांश (कक्षा-7), अक्षिता वार्ष्णेय (कक्षा-8), पावनी गुप्ता (कक्षा-9) एवं माधव गुप्ता (कक्षा-9) को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में भेंट करने तथा उन्हें राखी बांधने का गौरव प्राप्त हुआ। इस विशेष अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय की डायरेक्टर नमिता चौधरी एवं पीजीटी अध्यापक मुजम्मिल भी राष्ट्रपति भवन गए।

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात के इस गौरवपूर्ण अवसर के बाद आज न्यू सत्यम एकेडमी के उक्त छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की डायरेक्टर नमिता चौधरी, पीजीटी अध्यापक मुजम्मिल एवं सत्यम के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने छात्र-छात्राओं का पुष्प देकर स्वागत किया तथा राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से हुई उनकी मुलाकात के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के गौरवपूर्ण अवसर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने तथा अपने विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य, सफलता एवं निरंतर प्रगति की कामना की।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय एवं डिप्टी कलेक्टर नीरज द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सड़कों को गड्ढामुक्त रखने के दिए निर्देश

राष्ट्रीय राजमार्ग, गंगा एक्सप्रेसवे सहित जनपद की प्रमुख सड़कों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश

समाज जागरण

बहजोई/संभल।जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जनपद की अन्य सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में सड़कों का निरीक्षण कर गड्ढों को चिह्नित करते हुए तत्काल मरम्मत कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में कहीं भी सड़क पर गड्ढे न रहें और सड़कों को गड्ढामुक्त रखना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने यूपीडा के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे पर जहां-जहां आवश्यकता हो, वहां पर्याप्त एवं स्पष्ट साइनेज लगवाना सुनिश्चित करें, ताकि वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा हो तथा सड़क सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्षतिग्रस्त अथवा टूटी हुई रेलिंग को तत्काल दुरुस्त कराने अथवा आवश्यकतानुसार बदलवाने

के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। लहरावन के पास सड़क की स्थिति का यूपीडा, एनएचएआई एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कैल के पास जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहित अन्य संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर नियमित रूप से सड़कों का निरीक्षण करें तथा सड़कों की गुणवत्ता एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने नई सड़कों के निर्माण एवं अन्य सड़क संबंधी कार्यों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कें जनसामान्य के आवागमन का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग राकेश कुमार सहित यूपीडा एवं एनएचएआई के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।
समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!

प्रेम, श्रद्धा और कला से सजेगा श्रीकृष्ण का दिव्य श्रृंगार

इस्कॉन नोएडा में जन्माष्टमी की तैयारियां तेज, भक्त अपने हाथों से तैयार कर रहे भगवान के विशेष वस्त्र

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर इस्कॉन नोएडा मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य श्रृंगार की तैयारियां पूरे उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ चल रही हैं। जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण को विशेष और आकर्षक वस्त्रों से सजाया जाएगा। इन वस्त्रों को मंदिर से जुड़े भक्त स्वयं अपने हाथों से तैयार कर रहे हैं। वस्त्रों की तैयारी में कला के साथ-साथ भक्तों की गहरी आस्था और समर्पण भी दिखाई दे रहा है।

भगवान के विशेष वस्त्र तैयार करने की इस सेवा में दस वर्षों से अधिक समय से लगातार जुड़े अनुभवी और कुशल भक्तों की टीम काम कर रही है। वर्षों के अनुभव और निरंतर साधना के माध्यम से इन भक्तों ने भगवान के वस्त्र तैयार करने की विशेष कला में दक्षता हासिल की है। प्रत्येक वस्त्र को तैयार करते समय कपड़े की गुणवत्ता, डिजाइन, कढ़ाई और सजावट की बारीकियों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि जन्माष्टमी के दिन भगवान के दिव्य स्वरूप की शोभा और अधिक निखर सके।

पारंपरिक कला और आधुनिक तकनीक का संगम

भगवान श्रीकृष्ण के लिए तैयार किए जा रहे विशेष वस्त्रों में रेशमी और आकर्षक कपड़ों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही मोती, गोटा, जरी तथा अन्य पारंपरिक सजावटी सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा है। वस्त्रों की डिजाइन और

सजावट में भारतीय पारंपरिक कला की झलक के साथ आधुनिक रचनात्मकता का भी सुंदर समन्वय देखने को मिल रहा है।

वस्त्र निर्माण की प्रक्रिया को अधिक सटीक और आकर्षक बनाने के लिए आधुनिक उपकरणों और तकनीकों का भी सहारा लिया जा रहा है। अनुभवी भक्तों की कारीगरी और आधुनिक उपकरणों के मेल से भगवान के लिए बारीक कढ़ाई और आकर्षक डिजाइन वाले वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं।

भक्तों के लिए सेवा का विशेष अवसर

भगवान के वस्त्र तैयार करने वाले भक्तों के लिए यह सिर्फ कपड़े बनाने या सजावट का काम नहीं है, बल्कि इसे भगवान की प्रत्यक्ष सेवा के रूप में देखा जाता है। भक्तों का कहना है कि भगवान के लिए तैयार किए जाने वाले प्रत्येक वस्त्र में उनकी श्रद्धा और प्रेम जुड़ा होता है। यही कारण है कि वस्त्र तैयार करते समय छोटी से छोटी बारीकी का भी विशेष ध्यान रखा जाता है।

भक्तों के बीच यह भावना है कि भगवान के लिए की गई सेवा का वास्तविक सौंदर्य उसकी भव्यता में नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपे प्रेम और समर्पण में होता है। इसी भावना के साथ भक्त जन्माष्टमी की तैयारियों में जुटे हुए हैं। वस्त्र निर्माण के दौरान मंदिर परिसर में आध्यात्मिक उत्साह और आनंद का वातावरण बना हुआ है।

मनमोहक स्वरूप के दर्शन कराने की तैयारी

जन्माष्टमी के अवसर पर इस्कॉन नोएडा मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण के विशेष श्रृंगार की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भक्तों का प्रयास है कि जन्माष्टमी के दिन श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के अत्यंत मनमोहक, भव्य और दिव्य स्वरूप के दर्शन प्राप्त हों।

इस्कॉन नोएडा में जन्माष्टमी की तैयारियां केवल उत्सव की भव्यता तक सीमित नहीं हैं। यहां होने वाली प्रत्येक सेवा के पीछे भगवान को प्रसन्न करने और अपनी कला एवं प्रतिभा को उनके चरणों में समर्पित करने की भावना दिखाई देती है। भगवान श्रीकृष्ण के लिए तैयार किए जा रहे ये विशेष वस्त्र इसी भक्ति और समर्पण का सुंदर उदाहरण हैं,

लेंसकार्ट के प्लेसमेंट में छाई टीएमयू की बेटियां

ऑप्टोमेट्री के 22 विद्यार्थियों का चयन, चयनितों में छात्राओं की संख्या अधिक

समाज जागरण

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के ऑप्टोमेट्री विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। कैंपस में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिष्ठित कंपनी लेंसकार्ट ने ऑप्टोमेट्री के 22 विद्यार्थियों का चयन किया। चयनित विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या सर्वाधिक रही।

चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों ने विषयगत ज्ञान, तकनीकी दक्षता, संचार कौशल और पेशेवर क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। सीआरसी निदेशक अरुण कुमार ने कहा कि लेंसकार्ट जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में विद्यार्थियों का चयन यूनिवर्सिटी के उद्योगोन्मुखी शैक्षणिक वातावरण को दर्शाता है।

मिशन सहयोग के तहत पुलिस ने बरामद किए 101 गुम हुए स्मार्टफोन

करीब 35 लाख रुपये कीमत के मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को किए गए सुपुर्द

समाज जागरण

नोएडा। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने "मिशन सहयोग" के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए गुम हुए विभिन्न कंपनियों के 101 कीमती स्मार्टफोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन और पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में 2 सितंबर को सेंट्रल नोएडा पुलिस की सर्विलांस सेल ने यह कार्रवाई की। मोबाइल फोन बरामद करने में सर्विलांस तकनीक के साथ सीईआइआर पोर्टल की मदद ली गई।

पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए अधिकांश मोबाइल भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो और बसों में यात्रा के दौरान अथवा सुबह-शाम टहलते समय गिर गए या छूट गए थे। इन मोबाइल फोनों के संबंध में सेंट्रल नोएडा जोन के विभिन्न थानों में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।

सर्विलांस सेल ने तकनीकी विश्लेषण और सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोनों की लगातार निगरानी करते हुए उनका पता लगाया और उन्हें बरामद किया। इसके बाद सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर बुधवार को सभी 101 मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने गौतमबुद्धनगर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की इस पहल और कार्यशैली की सराहना की। (मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट

दादरी में चेन स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस और लूटी चेन बरामद

समाज जागरण

दादरी। थाना दादरी पुलिस ने चेन स्नैचिंग की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, लूटी गई पीली धातु की चेन का टुकड़ा और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 19 अगस्त 2026 को एक व्यक्ति ने अपनी दादी से चेन स्नैचिंग होने की शिकायत थाना दादरी में दर्ज कराई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की थी।

2 सितंबर को लोकल इंटेलिजेंस

और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से पुलिस ने मोहित पुत्र अयोध्या प्रसाद (22 वर्ष) को रूपवास बाईपास, थाना दादरी से गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से मध्य प्रदेश का रहने वाला है और वर्तमान में गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र में रह रहा था।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि करीब 10-12 दिन पहले उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर इसी मोटरसाइकिल से दादरी जीटी रोड पर एक महिला के गले से चेन छीनी थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी के साथी की तलाश की जा रही है।

आरोपी के खिलाफ चेन स्नैचिंग और आयुध अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। (मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

दादरी, सफाबाद और जलालपुर में बिजली चोरी का खुलासा, 14 के खिलाफ एफआईआर

अभियान में 38.30 किलोवाट की विद्युत चोरी पकड़ी, बिजली विभाग की कार्रवाई जारी

समाज जागरण

नोएडा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से नोएडा जोन में विद्युत चोरी पर प्रभावी नियंत्रण और लाइन लॉस कम करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को दादरी, सफाबाद और जलालपुर क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 14 परिसरों में 38.30 किलोवाट की विद्युत चोरी पकड़ी गई।

विद्युत विभाग के अनुसार, अभियान में दो टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। प्रवर्तन दल-द्वितीय और सहायक अभियंता रेड की टीम ने दादरी क्षेत्र में जबकि प्रवर्तन दल-प्रथम और अवर अभियंता रेड की टीम ने सफाबाद एवं जलालपुर क्षेत्र में चेकिंग की।

दादरी क्षेत्र में आठ परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इनमें रिजवान के परिसर में 4.669 किलोवाट, निसार में 2 किलोवाट, वकील में 2.293 किलोवाट, असगर में 2.237 किलोवाट, जमाल में 2.293 किलोवाट, लियाकत में 2.667 किलोवाट, नाजिम में 2 किलोवाट और जफरुद्दीन के परिसर में 2.013

किलोवाट की विद्युत चोरी पाई गई। वहीं सफाबाद एवं जलालपुर क्षेत्र में छह परिसरों में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पाया गया। इनमें अंकित यादव के यहां 4.808 किलोवाट, कुलदीप यादव के यहां 4.480 किलोवाट, धीरज पांडेय के यहां 2.330 किलोवाट, विनय के यहां 2.270 किलोवाट, अर्पण के यहां 2 किलोवाट और अनु चौधरी के परिसर में 2.240 किलोवाट की विद्युत चोरी पकड़ी गई। विभाग की ओर से सभी 14 मामलों में मौके पर चेकिंग रिपोर्ट तैयार की गई। संबंधित आरोपियों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के तहत एंटी पावर थेफ्ट थाना, सेक्टर-63, नोएडा में अभियोग दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन और मीटर के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। विभाग ने स्पष्ट किया कि विद्युत चोरी संज्ञेय अपराध है और इसके खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अधिशासी अभियंता, विद्युत नगरीय

व्यापारियों की समस्याओं को लेकर विकास जैन ने उठाई आवाज

गौड़ सिटी चौक से पार्किंग, सीवरेज और सीएनजी जाम तक के मुद्दे प्रमुखता से उठाए

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने जनपद के व्यापारियों और आम जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को व्यापार बंधु समिति की बैठक में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने गौड़ सिटी चौक पर धीमी गति से चल रहे विकास कार्य, सेक्टर-115 स्थित आइवरी काउंटी के सामने उड़ती धूल-मिट्टी, सेक्टर-49 और सेक्टर-51 में बंद सीवरेज नालों, हनुमान मूर्ति रोड स्थित सीएनजी स्टेशन के कारण लगने वाले जाम तथा सेक्टर-51 बाजार में पार्किंग की समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की।

मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विकास जैन ने कहा कि व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं का सीधा असर आम जनता पर भी पड़ता है। गौड़ सिटी चौक पर विकास कार्य की धीमी रफ्तार के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। इससे व्यापारियों के साथ हजारों वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कार्य में तेजी लाकर इसे जल्द पूरा कराने की मांग की।

सेक्टर-115 में आइवरी काउंटी के सामने धूल-मिट्टी की समस्या को गंभीर बताते हुए उन्होंने संबंधित विभाग से स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावी इंतजाम कराने की मांग की।

वहीं सेक्टर-49 और सेक्टर-51 में बंद सीवरेज नालों की सफाई तथा जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग भी रखी।

सेक्टर-49 हनुमान मूर्ति रोड स्थित सीएनजी स्टेशन के आसपास लगने वाले जाम का मुद्दा उठाते हुए विकास जैन ने यातायात विभाग से मौके का निरीक्षण कर वाहनों की कतार को व्यवस्थित करने और यातायात सुचारु बनाए रखने की ठोस व्यवस्था करने का आग्रह किया।

उन्होंने सेक्टर-51 बाजार की पार्किंग समस्या पर कहा कि पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग सड़क किनारे वाहन खड़ा करने को मजबूर होते हैं और बाद में उनके चालान किए जाते हैं। उन्होंने मांग की कि पहले वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था की जाए, इसके बाद पार्किंग नियमों को सख्ती से लागू किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव शिवा चौहान ने भी व्यापारियों से जुड़े मुद्दे उठाए। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नेहा जैन ने महिला व्यापारियों और आम जनता से संबंधित विषय अधिकारियों के समक्ष रखे। बैठक में डिप्टी कमिश्नर प्रशासन राज्य कर विभाग अजीत कुमार सिंह, एसीपी ट्रैफिक पवन कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

विकास जैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल व्यापारियों के साथ-साथ आम जनता से जुड़े मुद्दों को भी लगातार प्रशासन के समक्ष उठाता रहेगा और समस्याओं के समाधान तक मजबूती से आवाज उठाई जाएगी।

125 करोड़ की जमीन पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर

ननवा का राजपुर और अटाई मुरादपुर में 62,500 वर्ग मीटर जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त, अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी पर लगा ब्रेक

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में अधिसूचित जमीन पर अवैध कब्जा कर कॉलोनी बसाने की कोशिश कर रहे कालोनाइजरों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने ननवा का राजपुर और अटाई मुरादपुर गांव में बुल्डोजर चलाकर करीब 62,500 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। मुक्त कराई गई जमीन की अनुमानित कीमत करीब 125 करोड़ रुपये आंकी गई है।

प्राधिकरण की इस कार्रवाई से उन लोगों की कोशिशों पर भी रोक लग गई, जो अधिसूचित क्षेत्र की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर मोटी कमाई की तैयारी में थे। अधिकारियों के मुताबिक दोनों स्थानों पर जमीन को घेरकर और निर्माण कर अवैध



कॉलोनी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा था।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित क्षेत्र में अवैध कब्जे और निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्राधिकरण की टीम लगातार ऐसे स्थानों को चिन्हित कर कार्रवाई कर रही है।

ननवा का राजपुर में 37,500 वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा

प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ननवा का राजपुर गांव में खसरा संख्या 40 और 41 की करीब 37,500 वर्ग मीटर जमीन पर कालोनाइजरों द्वारा अवैध निर्माण कर कॉलोनी बसाने की कोशिश की जा रही थी। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-8 के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रबंधक र-ाकेश बाबू, मिथिलेश कुमार समेत टीम मौके पर पहुंची और बुल्डोजर चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया।

अटाई मुरादपुर में भी कार्रवाई

इसके बाद टीम ने अटाई मुरादपुर गांव में खसरा संख्या 626 की करीब 25 हजार वर्ग मीटर जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। यहां भी अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीन को कब्जे से मुक्त करा लिया गया। इस तरह दोनों स्थानों पर कुल 62,500 वर्ग मीटर सरकारी/प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। प्राधिकरण के अनुसार इस जमीन का बाजार मूल्य करीब 125 करोड़ रुपये है।

जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से लें जानकारी

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण या प्लॉटिंग की अनुमति नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी जमीन या प्लॉट को खरीदने से पहले प्राधिकरण से उसकी स्थिति और वैधता की पूरी जानकारी जरूर प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि लोग अवैध कॉलोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई न फंसाएं। प्राधिकरण की ओर से अधिसूचित क्षेत्र में अवैध कब्जे और निर्माण के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

तीन दिवसीय महाअधिवेशन में जुटे तीन हजार व्यापारी, छह करोड़ का कारोबार

समाज जागरण

कानपुर। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, केदवई नगर में उत्तर प्रदेश टेंट, कैटरर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का तीन दिवसीय चतुर्थ महाअधिवेशन संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार के अनुसार आयोजन में करीब तीन हजार व्यापारियों ने भाग लिया। टेंट, कैटरिंग और डेकोरेशन उद्योग से जुड़ी कंपनियों ने आधुनिक उत्पादों और तकनीकों का प्रदर्शन किया।

महाअधिवेशन में एलईडी काउंटर, क्रॉकरी, लाइटिंग, झूमर, सोफा, कुर्सी, फ्लावर डेकोरेशन और जयमाल थीम के सामान की अच्छी मांग रही। आठ जर्मन पंडालों की बुकिंग भी हुई। एसोसिएशन के मुताबिक विभिन्न उत्पादों की बिक्री से करीब छह करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।

इस दौरान व्यापारियों की समस्याओं

पर भी चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने नो-एंट्री की समस्या को सरकार के समक्ष उठाने तथा समाधान का प्रयास करने की बात कही। उन्होंने सरकारी गेस्ट हाउस और सामुदायिक केंद्रों को लीज पर दिए जाने से कारोबार और रोजगार पर पड़ने वाले असर पर भी चिंता जताई।

महाअधिवेशन में प्रदेश चेयरमैन पवन तलवार, संरक्षक भूपेंद्र, महामंत्री नवीन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम चौहान, प्रदेश सचिव

विनोद गुप्ता समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

साइबर फ्रॉड के शिकार व्यक्ति को पुलिस ने लौटाए 8.32 लाख रुपये

ऑनलाइन निवेश के नाम पर पांच बार में ट्रांसफर हुई थी रकम, बीटा-2 साइबर टीम की कार्रवाई से वापस मिली पूरी धनराशि

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। ऑनलाइन निवेश के नाम पर साइबर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति को गौतमबुद्धनगर पुलिस की साइबर टीम ने बड़ी राहत दिलाई है। थाना बीटा-2 साइबर पुलिस टीम के अथक प्रयास से पीड़ित की 8 लाख 32 हजार रुपये की धनराशि वापस उसके खाते में करा दी गई।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित ने 27 फरवरी 2026 को ऑनलाइन एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 19 फरवरी को ऑनलाइन निवेश के नाम पर उसके बैंक खाते से पांच बार में कुल 8,32,041.30 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बीटा-2 में मु0अ0सं0 0332/2026, धारा 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद थाना बीटा-2 की साइबर क्राइम टीम ने तकनीकी जांच और संबंधित पक्षों से लगातार समन्वय करते हुए ठगी की रकम को वापस कराने के प्रयास शुरू किए। पुलिस टीम के प्रयासों के

परिणामस्वरूप पीड़ित की 8,32,000 रुपये की पूरी धनराशि उसके बैंक खाते में वापस करा दी गई। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने गौतमबुद्धनगर पुलिस और थाना बीटा-2 साइबर क्राइम टीम का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की कार्यशैली की सराहना की।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन निवेश के नाम पर मिलने वाले संदिग्ध प्रस्तावों से सावधान रहें और किसी भी व्यक्ति के कहने पर बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी अथवा रकम साझा न करें।

लोककल्याण विधान में गूंजी आचार्य श्री आर्जवसागर जी की अमृतवाणी

समाज जागरण बागपत।

बड़ौत नगर के अजितनाथ सभागार में आचार्य भगवन श्री आर्जवसागर महामुनिराज ससंघ के पावन सान्निध्य में चल रहे षोडशकारण महापर्व के दौरान लोककल्याण विधान के अंतर्गत प्रतिदिन धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज पूज्य आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं को अभीक्ष्ण संवेग भावना का मर्म समझाया। लोककल्याण महामंडल विधान के सौधर्म इन्द्र का सौभाग्य सचिन जैन ऋषभ जैन पेंट वालो को तथा चक्रवर्ती का सौभाग्य शैलेश जैन दिल्ली को प्राप्त हुआ।ब्रह्मचारी गौरव भैया और संघस्त रिषिका दीदी के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने लोक कल्याण विधान की संगीतमय पूजन संगीतकार संतोष एंड पार्टी द्वारा गाये भजनों के मध्य की।सौधर्म इन्द्र द्वारा मंडल पर 27 अर्घ समर्पित किए गए। विधान के मध्य प्रवचन देते हुए आचार्य श्री ने बताया कि मनुष्य को संसार के सुखों की क्षणभंगुरता को समझते हुए निरंतर धर्म और आत्मकल्याण की ओर उन्मुख रहना चाहिए। अभीक्ष्ण संवेग भावना का अर्थ है–संसार के प्रति वैराग्यभाव को जागृत रखते हुए बार-बार अपने आत्मस्वरूप एवं मोक्षमार्ग की ओर प्रवृत्त होना। उन्होंने कहा कि जीवन में धर्म के प्रति उत्साह केवल किसी विशेष अवसर तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक क्षण आत्मकल्याण की

भावना जागृत रहनी चाहिए।उन्होंने कहा कि अभीक्ष्ण संवेग भावना व्यक्ति को प्रमाद से बचाती है। जब मनुष्य को अपने जीवन की अनित्यता और संसार की क्षणभंगुरता का निरंतर स्मरण रहता है, तब वह व्यर्थ के विवाद, अहंकार, लोभ और विषयों में अपना समय नष्ट नहीं करता। उसका मन धर्म, संयम, स्वाध्याय, तप और आत्मचिंतन की ओर प्रवृत्त होने लगता है। आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि षोडशकारण महापर्व जैसे पावन अवसरों को केवल धार्मिक आयोजन के रूप में न देखें, बल्कि इसे अपने जीवन में परिवर्तन लाने का अवसर बनाएं। भगवान के समक्ष पूजा और विधान के साथ-साथ अपने भीतर के विकारों को दूर करने का संकल्प लें। यदि हमारे भीतर क्रोध कम हुआ, मान का त्याग हुआ, माया और लोभ में कमी आई तथा धर्म के प्रति श्रद्धा और आत्मकल्याण की भावना बढ़ी, तभी इन धार्मिक आयोजनों की वास्तविक सार्थकता है। पूज्य आचार्य श्री के सरल, सहज एवं आध्यात्मिक भावों से ओतप्रोत मंगल प्रवचन को उपस्थित श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धापूर्वक सुना। प्रवचन के दौरान वातावरण धर्ममय एवं आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत रहा।आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं को बाह्य आडंबर से ऊपर उठकर आत्मचिंतन, संयम, सदाचार और जिनवाणी के अनुरूप जीवन जीने की प्रेरणा दी। विधान में मुकेश जैन, वरदान जैन, नवीन जैन, प्रदीप जैन, राकेश जैन, अनुज जैन, अनिल जैन, विकास जैन, अंकुर जैन आदि उपस्थित थे।

बागपत में तेजी से मजबूत हो रहा भाकियू अखंड का संगठन, 31 लोगों ने ली सदस्यता

समाज जागरण

बागपत। भारतीय किसान यूनियन अखंड का संगठन जनपद में लगातार मजबूत हो रहा है। जिला अध्यक्ष धीरेंद्र कसाना के आदेश पर जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान के नेतृत्व में वार्ड नं. 20 मोहल्ला काजीपुरा में संगठन विस्तार कार्यक्रम हुआ, जिसमें नफीस खान को सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर 31 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान रिहान, इमरान, तस्लीम, रियासत, इकबाल, परवेज, शाहिद, सलीम खान, शादाब सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। दिलशाद खान ने कहा कि संगठन परिवार दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है और

जिला अध्यक्ष धीरेंद्र कसाना के मार्गदर्शन में संगठन को वार्ड स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। वहीं 8 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हैं। उस दिन बिजली घर, खताहा रोड स्थित मैरिज होम में कार्यक्रम के बाद नगर पालिका बागपत का घेराव किया जाएगा।उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं से 8 सितंबर को बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम में वार्ड अध्यक्ष जीशान खान, गफ्फार खान, कार्यालय प्रभारी वाजिद खान सहित कई पदा धिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

चार से आठ सितंबर तक गूंजेंगे श्रीश्याम प्रभु के भजन, देशभर के प्रसिद्ध भजन गायक बांधेंगे समां

समाज जागरण बागपत।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर खेकड़ा कस्बा पांच दिनों तक भक्ति और आस्था के रंग में डूबा नजर आएगा। सनातन धर्म ठाकुर द्वारा समिति के तत्वावधान में चार से आठ सितंबर तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी विशाल रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में संकीर्तन, भक्ति संगीत, भजन संध्या और भव्य रथयात्रा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। समिति के जितेन्द्र सिंघल ने बताया कि चार सितंबर को सनातन धर्म ठाकुर द्वारा मंदिर में शाम सात बजे जन्माष्टमी पर्व एवं संकीर्तन महोत्सव

का शुभारंभ होगा। रात आठ बजे दिल्ली की प्रसिद्ध भजन गायिका वैष्णवी गुप्ता संकीर्तन प्रस्तुत करेंगी। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक, आरती और भोग-प्रसाद का आयोजन होगा। इस दौरान चांदी के झूले में विराजमान चांदी के लड्डू गोपाल के मनमोहक दर्शन श्रद्धालुओं को होंगे। छह को निकलेगी विशाल रथयात्रा महोत्सव का मुख्य आकर्षण छह सितंबर को निकलने वाली विशाल श्रीकृष्ण रथयात्रा होगी। सुबह 11 बजे अभिषेक, पोशाक और श्रृंगार के बाद रथयात्रा बालाजी मंदिर से शुरू होगी। यह पांडव पुलिया, छोटा बाजार, मेन बाजार, पुलिस चौकी चौराहा और जैन कॉलेज रोड होते हुए मंडी गांधी गंज पहुंचेगी। शाम छह बजे रथयात्रा पुनः शुरू होकर सनातन धर्म ठाकुर द्वारा मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। रथयात्रा में देश के सुप्रसिद्ध बैंड, मथुरा के शहनाई वादक, देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां और खाटूश्याम महाराज का भव्य दरबार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। रथयात्रा के दौरान कस्बे में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिलेगा। भजन संध्या में झूमेंगे श्रद्धालु सात और आठ सितंबर को गांधी प्याऊ मेन बाजार में भक्ति संगीत एवं श्रीश्याम प्रभु का आनंदोत्सव मनाया जाएगा। भजन संध्या में रविन्द्र जैन के शिष्य नीलम सिंह यादव और रविश मिश्रा भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं आठ सितंबर को पानीपत के साहिल शर्मा और पटियाला की पूजा सखी बाबा श्याम के भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगी। पांच दिवसीय महोत्सव को लेकर आयोजकों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोजन को लेकर कस्बे के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। जन्माष्टमी से लेकर रथयात्रा और भजन संध्याओं तक खेकड़ा में लगातार पांच दिन तक भक्ति, संगीत और आस्था की त्रिवेणी देखने को मिलेगी।

कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति निर्विरोध तय

12 पदों पर 12 ही नामांकन, मतदान की नौबत नहीं–विनोद गुप्ता अध्यक्ष और जितेंद्र सिंघल प्रबंधक बनेंगे

समाज जागरण बागपत।

खेकड़ा कस्बे के प्रतिष्ठित कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव निर्विरोध होना तय हो गया है। मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान समिति के सभी 12 पदों पर 12 ही नामांकन पत्र दाखिल हुए। किसी भी पद पर एक से अधिक दावेदार नहीं होने के कारण अब मतदान की जरूरत नहीं पड़ेगी। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद विनोद कुमार गुप्ता के दोबारा अध्यक्ष और जितेंद्र कुमार सिंघल के प्रबंधक बनने का रास्ता साफ हो गया है। चुनाव अधिकारी एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह धामा ने बताया कि मंगलवार को प्रबंध समिति के 12 पदों के लिए नामांकन दाखिल किए गए। सभी पदों पर निर्धारित संख्या में ही नामांकन आने से निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए विनोद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र कुमार गोयल, प्रबंधक पद के लिए जितेंद्र कुमार सिंघल, उपप्रबंधक पद के लिए मुकेश सिंघल और कोषाध्यक्ष पद के लिए मयूर गुप्ता ने नामांकन किया।

वहीं कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए तरुण कुमार गुप्ता, राकेश बिंदल, विकास गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता एडवोकेट, सुभाष गुप्ता, राजकुमार बंसल और मनोज गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया। सभी 12 नामांकन सही पाए जाने और प्रत्येक पद पर एक-एक नाम आने से समिति का निर्विरोध गठन लगभग तय हो गया है। चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण के बाद सभी पदाधिकारियों के निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की जाएगी। निर्विरोध निर्वाचन से कॉलेज प्रबंधन और समर्थकों में खुशी का माहौल है।

बागपत में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत

समाज जागरण

बागपत। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का जनपद बागपत में कार्यकताओं ने स्वागत किया। खेकड़ा में पेरिफेरल के नीचे 30 सेकंड के

लिए गाड़ी रोकी गई, लेकिन वे नीचे नहीं उतरे और आगे बढ़ गए। टोल पर खड़े कार्यकताओं ने दूसरा स्वागत किया, वहां भी गाड़ी नहीं रुकी। टटीरी टोल पर तीसरा स्वागत हुआ, जहां अजय राय गाड़ी से नीचे उतरे और करीब 3 मिनट रुकने के बाद रवाना हो गए। इस दौरान बागपत जिलाध्यक्ष लव कश्यप, अमरोहा जिलाध्यक्ष फैज आलम, बड़ौत शहर अध्यक्ष रामहरि, पूर्व जिलाध्यक्ष यूनुस चौधरी, राकेश शर्मा, रोहित और योगेश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा की कामकाजी बैठक में बूत सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर तैयारियों पर किया गया मंथन

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह

शिकोहाबाद। भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्री ब्राह्मण पंचायत धर्मशाला शिकोहाबाद में एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री एवं एमएलसी रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे ने कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव अब अत्यंत नजदीक है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ संगठन को मजबूत करने में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव की सफलता का आधार हमारा बूथ संगठन है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने.अपने बूथ को मजबूत करने के साथ.साथ संगठन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को पन्ना प्रमुख तक पहुंचाने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर शीघ्रता से पन्ना प्रमुखों का गठन किया जाए और उन्हें संगठन की आगामी गतिविधियों से जोड़ते हुए उत्साहपूर्वक सक्रिय किया जाए।

उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया

कि वे चुनाव को केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम न मानकर संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी के रूप में लें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर ने कहा कि संगठन का कार्यकर्ता ही संगठन की पहचान होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत है और इसी संगठनात्मक शक्ति के बल पर पार्टी लगातार चुनावों में सफलता प्राप्त करती है। उन्होंने कार्यकताओं को संदेश देते हुए कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव नजदीक है और भाजपा का लक्ष्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में भारी मतों से विजय प्राप्त करना है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अभी से पूरी निष्ठाए अनुशासन और समर्पण के साथ अपने बूथ पर सक्रिय होना होगा। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, पन्ना प्रमुखों की सक्रियता तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विवेक अग्रवाल,विष्णु सक्सेना, राजीव गुप्ता,हार्दिक शिवम दीक्षित, सुशील जैन,सुशील यादव, अरविंद गुप्ता,शेखर अग्रवाल,गोपाल शर्मा,शिवम यादव,अप्पू,धर्मेंद्र राजपूत, अजीत सिंह,सनी दिवाकर, अतुल पचौरी,प्रिंस जैन, फरहाना खान,रश्मि सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

12 सितंबर की राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक वाद निस्तारण पर जोर, अधिकारियों की बैठक

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों और अधिकाधिक वादों के निस्तारण को लेकर बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों की बैठक हुई। शाम चार बजे आयोजित बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग ने की।

बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व, एसपी सिटी, एआरटीओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर नगर आयुक्त, सभी एसडीएम और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी देव दत्त भी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश ने लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जनपद से लेकर तहसील और ग्रामीण स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आमजन को सरल, सस्ता और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम

है। सभी विभाग आपसी समन्वय से अधिक से अधिक समझौता योग्य मामलों को चिह्नित कर निस्तारण के लिए प्रस्तुत करें।

बैंकों को पक्षकारों से संपर्क के निर्देश

बैंक प्रतिनिधियों को ऋण वसूली और अन्य समझौता योग्य प्री-लिटिगेशन मामलों में संबंधित पक्षकारों से प्रभावी संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए। उन्हें आपसी सहमति से मामलों का निस्तारण कराने के लिए प्रेरित करने को कहा गया।

राजस्व, यातायात, नगर निकाय, बैंकिंग सहित अन्य विभागों से जुड़े समझौता योग्य मामलों को भी अधिक संख्या में लोक अदालत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देव दत्त ने अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों से समन्वय के साथ काम करते हुए लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने तथा अधिकाधिक वादों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण का आह्वान किया। अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों ने लोक अदालत को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में सुनाई राजा परीक्षित की कथा

समाज जागरण बागपत।

बागपत शहर के कृष्णा एंक्लेव में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस भी श्रद्धालुओ की काफी भीड़ उमड़ी और उन्होंने धर्म लाभ कमाया। प्रातः ज्ञान यज्ञ में विराजमान समस्त देवी- देवताओं का व श्रीमद् भागवत का मठाधीश आचार्य प्रशांत भारद्वाज व पंडित अनुज जोशी द्वारा

पूजन किया गया। प्रातः मुख्य यजमान मंगलाचरण करके गणेश पूजन, नवग्रह पूजन व श्रीमद् भागवत का पूजन किया गया। आज के मुख्य यजमान अखिल चौधरी प्रदीप सिंह ब्रिटानिया ब्रेड वाले अमित प्रजापति रहे। शाम के समय की कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक ईशान ज्योतिष गुरु आचार्य मनोज जोशी ने मंगलाचरण की महिमा का गुणगान करते हुए राजा परीक्षित के जन्म की कथा भक्तों को विस्तार से सुनाई। कथा व्यास जी ने कहा कि भगवान कृष्ण नाम ही एक कल्याण है। कृष्णा का मतलब ही कल्याण होता है। उन्होंने सभी सनातनियों को एक करने का आह्वान किया। इस मौके पर मनीष कुंवर प्रताप सिंह धर्मेंद्र सिंह अजय गुर्जर सत्येंद्र ठेकेदार दिनेश जय श्री राम विकास धगी व समस्त कृष्णा एनक्लेव के सनातन प्रेमी व भक्तिमाई माताएं उपस्थिति रही।

टूंडला बार एसोसिएशन चुनाव में भंवर सिंह सोलंकी बने अध्यक्ष

समाज जागरण

टूंडला। बार एसोसिएशन तहसील टूंडला का वार्षिक चुनाव बुधवार को मतदान और मतगणना के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट सलीम खां और एडवोकेट सुरेंद्र सिंह यादव की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई गई।

मतगणना में अध्यक्ष पद पर भंवर सिंह सोलंकी एडवोकेट विजयी रहे। उन्हें 65 मत मिले। दिलीप पचौरी 50 मत पाकर दूसरे और माधव सिंह एडवोकेट छह मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

सह सचिव पद पर अविनेश पाल सिंह ने बाजी मारी। उन्हें 77 मत

प्राप्त हुए। अखंड प्रताप सिंह एडवोकेट को 24 और भाव सिंह एडवोकेट को 20 मत मिले।

कोषाध्यक्ष पद पर दिगंबर सिंह एडवोकेट निर्वाचित हुए। उन्हें 80 मत मिले, जबकि उमाशंकर एडवोकेट को 41 मत प्राप्त हुए।

मतदान और मतगणना के दौरान थाना टूंडला के प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव प्रक्रिया सकुशल संपन्न हुई।

05 सितम्बर को अश्वनी कुमार जैन को गोरखपुर में मिलेगा राज्य अध्यापक पुरस्कार

समाज जागरण

फिरोजाबादः- राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद फिरोजाबाद के माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए गौरव का क्षण आने वाला है। श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज फिरोजाबाद के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह, गोरखपुर में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 05 सितम्बर को प्रदान किया जाएगा। यह जनपद के माध्यमिक शिक्षा विभाग के राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम शिक्षक हैं, जिसके कारण यह माध्यमिक शिक्षा विभाग लिए हर्ष का विषय है।

अश्वनी कुमार जैन पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से शिक्षण कार्य से जुड़े हुए हैं। उन्होंने 03 अप्रैल 2006 से श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में सहायक अध्यापक विज्ञान के पद पर सेवाएं प्रारंभ की थीं, तदुपरांत उनकी पदोन्नति नागरिक शास्त्र प्रवक्ता पद पर की गई। अश्वनी कुमार जैन ने अपने दीर्घ शिक्षण में विद्यार्थियों को रुचिकर शैली में पढ़ाने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यार्थियों के अन्दर रचनात्मता, क्रियाशीलता,

तार्किक क्षमता, जिज्ञासा और नवाचार में अनवरत वृद्धि करने के लिए कार्य किए हैं।

जैन ने नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने एवं उसमें नवाचार करने हेतु जनपद के प्रथम नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, संसद की कार्यवाहियों को पैनल बोर्ड के माध्यम से दिखाकर उन्हें संसद की जानकारी प्रदान करना, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, न्यून अधिगम के विद्यार्थियों का चिन्हांकन एवं उपचारात्मक शिक्षण, आईसीटी के प्रयोग को शिक्षण प्रक्रिया से जोड़ा है। उनका उद्देश्य नागरिक शास्त्र विषय को प्रशासनिक तैयारियों के साथ मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धक रूप से विद्यार्थी स्वंय को तैयार कर सकें। उनका सदैव यह प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके। उनका मानना है कि विद्यार्थियों को केवल किताबें पढ़ाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना भी है।

नागरिक शास्त्र विषय के साथ जैन द्वारा विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करते हैं। इसी के साथ विज्ञान के क्षेत्र में भी जैन ने जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक की भूमिका में विद्यालय एवं जनपद के विभिन्न विद्यालयों में एक हजार से अधिक विज्ञान प्रदर्शनियां एवं गतिविधियां आयोजित की हैं। उन्हें समय- समय पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विभिन्न उपाधियों एवं प्रशंसा पत्रों से सम्मानित किया गया है। परीक्षा पे चर्चा के लिए उन्हें देश के माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रशंसा पत्र भी भेजा गया था।

बागपत में बोले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय - सीएम योगी ने दिलवाई गालियां

समाज जागरण

बागपत। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कुंवर देव निषाद कश्यप को टीवी डिबेट के दौरान हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास से मुख्यमंत्री

ने मां-बहन की गालियां दिलवाईं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। अजय राय बुधवार को शामली से दिल्ली जाते समय बागपत के बिजरौल टोल प्लाजा के पास जेएमडी रेस्टोरेंट पर रुके थे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में यह आरोप लगाया। बता दें कि अजय राय शामली के बंटी खेड़ा गांव में अंकित बालियान के परिवार से मिलने गए थे, जिनकी कुछ दिन पूर्व हत्या हुई थी।

रोडवेज बस में ट्रोला ने मारी टक्कर,ढेड दर्जन यात्री घायल चालक परिचालक आगरा रेफर

समाज जागरण

फिरोजाबाद। टूंडला थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर उसायनी लिंक रोड पर राजा का ताल के पास रोडवेज बस और ट्रोला की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस में सवार करीब ढेड दर्जन यात्री घायल हो गए।

बताया गया है कि फोर्ट डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी-एटी-5171 उसायनी लिंक रोड से गुजर रही थी। इसी दौरान एचआर-74-बी-4683 नंबर के ट्रोला ने बस में टक्कर मार दी। जिससे बस पलट गई हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। मौके पर वाहनों की लंबी कतार लग गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों

को बस से निकाला और तत्काल जिला अस्पताल फिरोजाबाद भेजा। हादसे के बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटवा दिया। जिससे यातायात पुनः चालू हो गया सभी घायलों को उपचार केलिए सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया घायलों में चालक अमित पचौरी परिचालक पुष्पांजलि. सचिन. मोहित बघेल. अमन पालसिंह. चेतन. सीवी. विकल. शालिनी. अशोक. उषा. राज कपूर. विजय कुमार .रूही. हर्ष. सरिता. रोहिणी. और गौरी उपाध्याय है जिसमें चालक अमित पचौरी और परिचालक पुष्पांजलि की गंभीर हालत देखते हुए आगरा रेफर कर दिया शेष सभी का उपचार जारी है।

डीसी साहिल गुप्ता ने बवानीखेड़ा में होने वाली विकास संकल्प रैली की तैयारियों का लिया जायजा

- छह सितंबर को सुबह 10 बजे बवानीखेड़ा की अनाज मंडी में होगी विकास संकल्प रैली
- डीसी साहिल गुप्ता ने रैली के प्रबंधों को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

दैनिक समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)

बवानीखेड़ा, 02 सितंबर। कस्बा बवानीखेड़ा स्थित अनाज मंडी में छह सितंबर को विकास संकल्प रैली आयोजित की जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी रैली में मुख्य अतिथि होंगे। इस रैली के प्रबंधों को लेकर डीसी साहिल गुप्ता ने बुधवार को कस्बा स्थित अनाज मंडी का दौरा किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीसी श्री गुप्ता ने बदलते मौसम के चलते रैली स्थल को लेकर बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि से विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान डीएसपी दलीप सिंह, एसडीएम महेश कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, सीआईडी इंचार्ज सुनील कुमार और नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री भी मौजूद रहे।

डीसी श्री गुप्ता ने रैली के आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर कस्बे में अनाज मंडी व बस स्टैंड के सामने खाली मैदान का निरीक्षण किया। दोनों जगहों का जायजा लेने के बाद डीसी ने नगर पालिका के नव निर्मित कार्यालय में विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि से विस्तार से समीक्षा की। परिवर्तनशील मौसम के चलते नई अनाज मंडी को रैली आयोजन के लिए सबसे उपयुक्त मानते हुए तय किया गया। नई अनाज मंडी परिसर में रैली स्थल के पास ही हैलीपेड की जगह है। वहीं डीसी ने कहा कि नई अनाज मंडी में रैली के आयोजन से वाहनों की पार्किंग भी आसानी से आसपास क्षेत्र में हो जाएगी, जिससे कस्बे में जाम की स्थिति नहीं बनेगी। डीसी श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैली स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई, बैरिगेटिंग, वाहन पार्किंग तथा आमजन की सुविधाओं से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि रैली में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नही होनी चाहिए। उन्होंने मार्केट कमेटी निरीक्षक संजय समोता को निर्देश दिए कि मंडी की सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जाए।

विकास संकल्प रैली को लेकर लोगों में बना है जबरदस्त उत्साहः कपूर सिंह वाल्मीकि

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने रैली की तैयारियों का जायजा लेने के दौरान कहा कि रैली के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष हलका बवानीखेड़ा में विकास से जुड़ी विभिन्न मांगें भी रखी जाएंगी। यह रैली हलका बवानीखेड़ा में विकास को नई दिशा देने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि रैली को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू कर रही है। आज हर वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से खुश है। सरकार बिना खर्ची-बिना पर्ची युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास संकल्प रैली में हर वर्ग से लोग शामिल होंगे।

अग्निवीर के लिए चार जिलों की भर्ती भिवानी के भीम स्टेडियम में शुरू

- भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिले के प्रतिभागी युवा ले रहे हैं हिस्सा

दैनिक समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)

भिवानी, 02 सितंबर। स्थानीय भीम स्टेडियम में 02 सितंबर से सेना भर्ती रैली शुरू हो गई है। सुबह 04 बजे से भीम स्टेडियम में उम्मीदवारों का प्रवेश बैच वाइज किया गया। सेना भर्ती रैली के लिए प्रशासन के सहयोग से समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। सेना के जवानों के साथ हरियाणा पुलिस के जवानों को भी स्टेडियम में तैनात किया गया है।

कर्नल बीआर शेखावत ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी ने भर्ती के लिए महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी और भिवानी जिले के सभी ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण 7,138 उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षण के लिए तिथिवार अलग-अलग श्रेणियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। युवाओं को अग्निवीर बनने के लिए 1600 मीटर दौड़ लगानी होगी। इसके अतिरिक्त कम से कम 6 और अधिकतम 10 चिन-अप, 9 फीट डिच जंप और जिग-जैग बैलेंस आदि टेस्ट भी लिए जाएंगे। फिजिकल टेस्ट में पास उम्मीदवारों को अगले दिन चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा।

भर्ती रैली में पहुंचे युवा राहुल व मोहित ने बताया कि भर्ती रैली में पहुंचकर उन्हें देश सेवा में शामिल होने का अवसर मिला है। यहां पर दौड़ के लिए बेहतर ट्रैक बनाया गया है। सेना के अधिकारियों द्वारा शारीरिक जांच बेहतर तरीके से की जा रही है। उन्होंने बताया कि अपनी दौड़ सफलतापूर्वक पूरी कर ली है और अब अन्य शारीरिक व मेडिकल परीक्षाएं देंगे। उम्मीदवारों ने बताया कि इस भर्ती रैली के माध्यम से उन्हें देश सेवा करने का मौका मिला है। वे भारतीय सेना में जाकर देश की सेवा करेंगे।

एचटेट अभ्यर्थियों के संघर्ष की बड़ी जीत

अगले शुक्रवार तक त्रुटियां दूर कर परिणाम जारी करने का चेयरमैन ने दिया भरोसा, अभ्यर्थियों ने जताई संतुष्टि

सीजेपी के समर्थन के बाद बोर्ड ने दिया सही रिजल्ट जारी करने का आश्वासन

दैनिक समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)

भिवानी। हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के रिजल्ट में हुई कथित त्रुटियों को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा चलाए जा रहे संघर्ष को बुधवार को बड़ी सफलता मिली। प्रदेशभर से एचटेट अभ्यर्थी पिछले कई दिनों से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी पहुंचकर अपने परिणाम में हुई त्रुटियों को दूर करवाने की मांग कर रहे थे। बुधवार को सीजेपी सदस्य लोकेश भिवानी की अगुवाई में विभिन्न सामाजिक, छात्र एवं कर्मचारी संगठनों ने अभ्यर्थियों के आंदोलन को समर्थन दिया।

अभ्यर्थियों ने शिक्षा बोर्ड के मुख्य द्वार पर धरना देकर अपनी मांगें उठाईं। प्रदर्शन के दौरान हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन स्वयं अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे और धरने पर बैठे विद्यार्थियों से बातचीत की। बातचीत के दौरान चेयरमैन ने अगले शुक्रवार तक रिजल्ट में हुई त्रुटियों को दूर कर सही परिणाम जारी करने का आश्वासन दिया।

सीजेपी सदस्य लोकेश भिवानी ने कहा कि एचटेट अभ्यर्थी कई दिनों से अपनी जायज मांग को लेकर बोर्ड के चक्कर काट रहे थे। उन्होंने कहा कि परीक्षा देने के बाद युवाओं को अपने सही परिणाम के लिए धरने पर बैठना पड़े, यह व्यवस्था के लिए गंभीर सवाल है। बोर्ड चेयरमैन द्वारा अभ्यर्थियों के बीच आकर निर्धारित समय में सही रिजल्ट जारी करने का आश्वासन देना युवाओं के संघर्ष की बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि सीजेपी हमेशा युवाओं के अधिकार और न्याय की लड़ाई में उनके साथ खड़ा रहेगा। छात्र नेता सेठी धनाना ने कहा कि एचटेट अभ्यर्थियों ने किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं की है, बल्कि वे अपना सही रिजल्ट चाहते हैं। उन्होंने सरकार और बोर्ड से युवाओं की समस्या को गंभीरता से लेने की मांग की। प्रवीण बुरा ने कहा कि विद्यार्थी महीनों मेहनत करके परीक्षा देता है और इसके बाद परिणाम में गलती होने से उसकी मेहनत और भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने बोर्ड से सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर प्रभावित अभ्यर्थियों को न्याय देने की मांग की। अपूर्व यादव ने कहा कि अभ्यर्थियों की मांग पूरी तरह जायज है। उन्होंने कहा कि बुधवार का प्रदर्शन दिखाता है कि जब युवा संगठित होकर अपनी आवाज उठाते हैं तो प्रशासन को उनकी बात सुननी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सही रिजल्ट जारी होने तक वे अभ्यर्थियों के साथ खड़े रहेंगे। विनीत पंघाल ने कहा कि एचटेट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा के परिणाम में किसी भी प्रकार की लापरवाही विद्यार्थियों के भविष्य पर सीधा असर डालती है। उन्होंने बोर्ड से मांग की कि दिए गए आश्वासन को जल्द कार्रवाई में बदला जाए और अभ्यर्थियों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जाए। रिटायर्ड अध्यापक संगठन की ओर से मास्टर वजीर सिंह ने भी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक बनने का सपना देखने वाले युवाओं के साथ न्याय होना चाहिए। मास्टर सुखदर्शन सरोहा ने भी अभ्यर्थियों के संघर्ष का समर्थन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सीजेपी ने स्पष्ट किया कि अगले शुक्रवार तक बोर्ड द्वारा सही रिजल्ट जारी किए जाने का इंतजार किया जाएगा। यदि सभी प्रभावित अभ्यर्थियों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो अभ्यर्थियों के साथ मिलकर आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

यूपी से गोगामेड़ी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बहल में लगातार चौथे दिन लगा विशाल भंडारा

दैनिक समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)

बहल, 2 सितंबर। यूपी से चलकर राजस्थान स्थित गोगामेड़ी धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बहल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा ज्वाला टाइल्स एवं ब्लॉक उद्योग के सामने समाजसेवी मुरारी जांगड़ा द्वारा आयोजित किया गया है।

भंडारे में यूपी सहित विभिन्न क्षेत्रों से पैदल यात्रा कर गोगामेड़ी जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई है। पिछले वर्ष करीब 9 हजार श्रद्धालुओं ने यहां प्रसाद ग्रहण किया था। वहीं इस वर्ष भी भंडारे के लगातार चौथे दिन करीब 7 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ की।

आयोजक समाजसेवी मुरारी जांगड़ा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि यह भंडारा हर वर्ष आयोजित किया जाएगा तथा दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन, प्रसाद और ठहरने सहित आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध करने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि समाजसेवी मुरारी जांगड़ा लंबे समय से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए आयोजित इस भंडारे में स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिल रहा है।

दमनकारी नीतियों के आगे नहीं झुकेगा कर्मचारियों का आंदोलन

हड़ताल के 28वें दिन पालिका व फायर कर्मचारियों का फूटा आक्रोश
सरकारी आदेशों की प्रतियां फूंककर जताया विरोध, बोले— डराने-धमकाने से आंदोलन और मजबूत होगा

दैनिक समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)

भिवानी। नगर पालिका एवं फायर कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को 28वें दिन भी जारी रही। करीब एक माह से चल रहे आंदोलन के बीच कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जताते हुए नगर परिषद भिवानी के समक्ष सरकारी आदेशों की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि निलंबन, तबादले अथवा कानूनी कार्रवाई की धमकियों से उनका आंदोलन रुकने वाला नहीं है।

बुधवार को आयोजित धरने की अध्यक्षता संयुक्त रूप से नगर परिषद कर्मचारी संघ भिवानी के प्रधान जयहिंद और फायर कर्मचारी संघ भिवानी के प्रधान अजय श्योराण ने की, जबकि मंच का संचालन ब्लॉक प्रधान अशोक गोयत ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने को संबोधित करते हुए अशोक गोयत ने आरोप लगाया कि सरकार फायर और पालिका कर्मचारियों को डराने-धमकाने तथा निलंबन का भय दिखाकर आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की कथित दमनकारी नीति के चलते कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दबाव बनाने की कार्रवाई से आंदोलन समाप्त होने के बजाय और मजबूत होगा। अशोक गोयत ने सरकार से नगर पालिका एवं फायर कर्मचारियों की लंबित मांगों का जल्द समाधान करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों को लेकर हठधर्मिता जारी रखी तो नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा आंदोलन को प्रदेश स्तर पर और तेज करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में शहरों की व्यवस्था प्रभावित होती है या कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन और सरकार की होगी।

जयहिंद और अजय श्योराण ने भी कर्मचारियों से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी सभी लंबित मांगों को लिखित रूप से लागू नहीं किया जाता, तब तक कर्मचारी किसी दबाव या नोटिस से पीछे नहीं हटेंगे। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने सरकारी आदेशों की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

खाद्य पदार्थों में मिलावट करने व नियमों के उल्लंघन पर लगाया एक लाख 99 हजार 996 रुपए का जुमार्ना

खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामलों में एडीसी ने की सुनवाई

समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)

भिवानी, 02 सितंबर। खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन से संबंधित मामलों को लेकर एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न मामलों की सुनवाई की। एडीसी ने सुनवाई के दौरान तीन मामलों में एक लाख 99 हजार 996 रूपए जुमार्ना लगाया।

एडीसी श्री करवा ने सुनवाई के दौरान हालु बाजार निवासी बुधराम बंसल के मामले में मिसब्रांडिड तथा बिना लाईसेंस से संबंधित उल्लंघन करने पर 29 हजार 999 रुपये तथा 9 हजार 999 रुपये का जुमार्ना लगाया है। उन्होंने गांव चांग निवासी रजत के मामले में खाद्य पदार्थ सबस्टेंडर्ड पाए जाने पर 59 हजार 999 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने लोहानी निवासी श्री ओम बीकानेर स्वीट्स एंड सनेक्स और ग्रीन फील्ड ऑर्गेनिक फार्मिंग झज्जर के केस की सुनवाई के दौरान सबस्टेंडर्ड से संबंधित दोषी पाए जाने पर 99 हजार 999 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। सुनवाई के दौरान एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिए कि वे खाद्य सुरक्षा से संबंधित सभी निर्धारित नियमों का पालन करें और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें।

श्री गोगा जी महाराज का वार्षिक उत्सव 4 व 5 सितंबर को

- जागरण, विशाल मेला और कुश्ती प्रतियोगिता बनेगी आकर्षण का केंद्र
- पुरुष कुश्ती के विजेता को 31 हजार, महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये

समाज जागरण,
(महेन्द्र जावला बहल)

बहल। श्री गोगा जी ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री गोगा जी महाराज का वार्षिक उत्सव 4 व 5 सितंबर को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन में जागरण, विशाल मेला और कुश्ती प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

गोगाजी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. दयानंद जावला ने बताया कि 4 सितंबर, शुक्रवार की रात श्री गोगा जी महाराज का जागरण आयोजित किया जाएगा। इसके अगले दिन 5 सितंबर, शनिवार सुबह विशाल मेले का आयोजन होगा। मेले में बहल सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालु गोगाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को शाम 3:15 बजे से कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को 31 हजार रुपये, द्वितीय को 21 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले पहलवान को 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

वहीं महिला कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये, द्वितीय 5100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये रखा गया है। इसके अलावा छोटी कुश्तियां भी करवाई जाएंगी, जिनमें पहलवानों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

डॉ. जावला ने ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे जागरण, विशाल मेले और कुश्ती प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन की शोभा बढ़ाएं और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

गोगामेड़ी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क सेवा शिविर

बहल के राजगढ़ रोड पर रोजाना करीब 1500 श्रद्धालु कर रहे भोजन

मुरारी जांगड़ा की ओर से शुरू किया गया सेवा शिविर लगातार जारी, शुद्ध शाकाहारी भोजन की व्यवस्था

समाज जागरण, (महेन्द्र जावला बहल)

बहल। गोगामेड़ी जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बहल के राजगढ़ रोड स्थित मां ज्वाला ब्लॉक फैक्ट्री के पास निःशुल्क भोजन सेवा शिविर लगातार जारी है। युवा समाजसेवी मुरारी जांगड़ा की ओर से लगाए गए इस

शिविर में राजस्थान की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध एवं शाकाहारी भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है।

सेवा शिविर में प्रतिदिन करीब 1500 श्रद्धालु भोजन ग्रहण कर रहे हैं। गोगामेड़ी जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए शुरू किए गए इस शिविर में सेवा भाव से कार्यकताओं द्वारा श्रद्धालुओं को भोजन करवाया जा रहा है। बलवीर मेंचू ने बताया कि ने बताया कि सालासर बालाजी और खाटू श्यामजी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए क्षेत्र में अक्सर सेवा शिविर आयोजित होते हैं, लेकिन गोगामेड़ी जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के अवसर कम मिलते हैं। इसी भावना के साथ मुरारी जांगड़ा ने अपने साथियों के सहयोग से गोगाजी महाराज के भक्तों के लिए यह निःशुल्क भोजन शिविर शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिविर के वे अपने साथियों के माध्यम से राजस्थान की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान भोजन उपलब्ध करवाकर सहयोग किया जा रहा है। सेवा शिविर लगातार जारी रहेगा।

जन्माष्टमी पर चार सितंबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, दो दर्जन झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

समाज जागरण

फिरोजाबाद। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर चार सितंबर को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। राधाकृष्ण मंदिर से शुरू होने वाली शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए रात 12 बजे गोपाल आश्रम पहुंचकर संपन्न होगी। शोभायात्रा को लेकर आयोजकों ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

शोभायात्रा राधाकृष्ण मंदिर से शुरू होकर घंटाघर, शास्त्री मार्केट, गंज चौराहा, सेंट्रल चौराहा, जलेसर रोड और बर्फखाना चौराहा होते हुए गोपाल आश्रम पहुंचेगी। मार्ग को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक तोरण द्वारों से सजाया जाएगा। आयोजकों के मुताबिक पूरे मार्ग पर करीब दो दर्जन तोरण द्वार बनाए जाएंगे।

कृष्ण की लीलाओं पर आधारित होंगी झांकियां

शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं पर आधारित करीब दो दर्जन झांकियां शामिल होंगी। छह बैंड, दो ढोल, काली अखाड़ा, ऊंट और घोड़ों के अलावा आगरा का किशोर बैंड भी शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएगा। काली अखाड़े के कलाकार करतब दिखाएंगे। एक विशाल तोरण द्वार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

ये होंगे प्रमुख अतिथि

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सिरसागंज हरिओम यादव होंगे। एफएस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव दीप प्रज्वलित करेंगे। सदर विधायक मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर और ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद डॉ. लक्ष्मीनरायन यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहेंगे।

पत्रकार वार्ता में जयंती अध्यक्ष हरेंद्र यादव, संस्थापक एमएस रामवीर सिंह यादव, महासचिव डीपी यादव, कोषाध्यक्ष पंकज यादव, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम यादव, अशोक यादव, हीरेंद्र यादव, मनोज यादव, राजेंद्र यादव और राकेश यादव सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

नारी शक्ति मिशन के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन अभियान के तहत किया गया जागरूक

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। नारी शक्ति मिशन के तहत जे.पी. महिला महाविद्यालय अटेसुआ ,मुर्दहा बाजार, वाराणसी में प्रभारी थाना अध्यक्ष चोलापुर एस0 आर0 गौतम ने महिला सुरक्षा, सम्मान ,स्वालंबन,एंटी रोमियो स्क्वायड, महिला हेल्पलाइन, साइबर सुरक्षा, सखी वन स्टाफ सेंटर, विमेन पावर लाइन के तहत ,1090 वूमेन पावर लाइन ,वीमेन हेल्पलाइन 181 ,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 108, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन 102, अग्निशमन सेवा 101 पुलिस आपातकालीन सेवा112, साइबर हेल्पलाइन 1930 व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में विस्तार से महाविद्यालय के

छात्राओं को जानकारी दिया।

एस0आई0 संध्या जायसवाल चौकी प्रभारी मुर्दहा बाजार ,हेड कांस्टेबल शकील अहमद ,कांस्टेबल गोवर्धन सिंह, सूरज सरोज, बृजेश यादव ,महिला कांस्टेबल श्वेता वर्मा व मीना ने भी सजगता ही सबसे बड़ा ताकत बताते हुए निडर रहकर जीने की सलाह दी। प्रमुख रूप सेमहाविद्यालय के उपप्रबंधक शैलेंद्र प्रसाद, उपनिदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्राचार्य,प्राध्यापक संध्या विश्वकर्मा ,सुनीता सिंह, सरोज ,नीलम, अर्चना, बिंदु निशा, राजेंद्र , दिनेश, लालजी मामा सत्येंद्र एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रही। धन्यवाद, आभार एवं अभिवादन मैनेजिंग डायरेक्टर इंद्रजीत पटेल ने किया।

हरहुआ क्षेत्र में महिलाओं ने पुत्र के मंगल कामना के लिए किया ललही छठ की पूजा।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी।भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हल षष्ठी का व्रत आज हरहुआ क्षेत्र के अनौरा ,चक्का ,करोमा , भटौली,बेरवां ,हरहुआ , दासेपुर ,कोइराजपुर ,औरा , मुर्दहा ,गहनी सहित अन्य गांव की महिलाओं ने अपने संतान की लंबी उम्र के लिए ललही छठ की पूजा किया। वही प0 अन्नू तिवारी के अनुसार हिंदू धर्म में हल षष्ठी या ललही छठ का व्रत महिलाएं अपने संतान की लंबी उम्र के लिए रखती हैं।पौराणिक मान्यता है कि इस दिन श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। साथ ही इस व्रत को विधि-विधान से करने पर संतान के जुड़ी समस्याएं दूर हो जाती हैं।व्रती महिलाएं नदी,सरोवर सहित घरों में स्नान कर आसपास के देवालय या मन्दिर के पास साफ सफाई वाले स्थान पर के गोबर से लेप लगाकर कुश की वेदी बनाकर विधि विधान से पूजा शुरू करती है जिसमें छोटे छोटे सात घरिया में सात तरह के अनाज जैसे तीनी का चावल, महुआ, दही व फलों सहित अन्य सामान महुआ के पत्ते पर सजाकर पूजा करती है। उसके बाद कहानी का श्रवण भी बैठकर सुनती है। मान्यता है कि इस पूजा को विधि विधान से करने से संतान की सुख समृद्धि व आरोग्य कामना से किया जाने वाला व्रत सुहागिन महिलाएं करती है।इस व्रत को रखने से संतान की प्राप्ति होती है।

एक माह में उखड़ने लगी पिच रोड, गड्ढों में भरा बरसाती पानी

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा गोकुलपुर के राजस्व गांव सेहमलपुर में करीब एक माह पहले बनी पिच सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। निर्माण के कुछ ही दिनों बाद सड़क की गिट्टियां

उखड़ने लगीं और बरसात शुरू होते ही सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी किए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-31) से जियो पेट्रोल पंप के बगल से सेहमलपुर जाने वाली सड़क से जमालपुर, सेहमलपुर, सुरवा, बेरवा, भटौली, औसानपुर, करोमा, चक्का सहित कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है। हाईवे से सड़क के जुड़ने वाले स्थान पर ही करीब 50 मीटर हिस्से में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान यह ध्यान नहीं दिया गया कि बारिश का पानी कहां जमा होगा। कई स्थानों पर सड़क का लेवल भी सही नहीं है। कहीं गिट्टियां उखड़ रही हैं तो कहीं सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी हो रही है। कई बार लोग पानी से भरे गड्ढों का अंदाजा नहीं लगा पाते और गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

इसी मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे साइकिल और पैदल आवागमन करते हैं। सड़क की बदहाली के कारण उन्हें भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क को बने अभी एक माह भी ठीक से नहीं बीता है और उसकी गिट्टियां उखड़ने लगी हैं, तो निर्माण की गुणवत्ता का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच में लापरवाही मिलने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए और घटिया निर्माण को हटाकर सड़क का दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप से पीएचसी में बढ़ी मरीजों की संख्या

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी।बदलते मौसम के बीच बीमारियों का प्रकोप बढ़ने से पीएचसी हरहुआ में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। अस्पताल में इन दिनों सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें खांसी, बुखार,जुकाम समेत अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है।

पीएचसी प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार ने बताया कि इन दिनों अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 240मरीज पहुंच रहे हैं।

मौसम में बदलाव के कारण वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी समस्याओं के मरीजों की संख्या बढ़ी है। डॉ0 नन्द आसरे ,डॉ0 मनु चतुवेर्दी ,डॉ0 राजकुमार द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं एवं उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।लैब टेक्नीशियन लक्ष्मीनारायण व सूरज कुमार ने 60 मरीजों की जांच किया।

उन्होंने लोगों से मौसम में बदलाव के दौरान सावधानी बरतने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा बुखार या अन्य लक्षण होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है। फार्मासिस्ट राकेश कुमार ,कार्यालय सहायक पंकज सिंह व वार्ड ब्याय का नियमित योगदान चल रहा है।

पंचायत सहायकों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर सौंपा ज्ञापन

मांगों के समर्थन में 7 सितम्बर को प्रदेश भर से उमड़ेगा जनसैलाब।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी । पंचायत सहायकों के प्रदेश में प्रस्तावित 7 सितंबर के धरना को लेकर विकास खंड पिंडरा के समस्त पंचायत सहायको ने आज सहायक विकास अधिकारी पंचायत को पत्रक सौंपा।पंचायत सहायकों की समस्याओं एवं मांगों को सुना । उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपना मांग रखें।

पंचायत सहायकों की प्रमुख मांगें में 6हजार रुपये वर्तमान अल्प मानदेय को समाप्त कर 30,000 प्रतिमाह मानदेय निर्धारित करने, महिला पंचायत सहायकों के स्थानांतरण की व्यवस्था करने, पंचायत सहायकों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड की व्यवस्था करने,

सभी पंचायत सहायकों के लिए जीवन बीमा की सुविधा सुनिश्चित करने के साथ पंचायत सहायकों की अन्य लंबित समस्याओं का भी शीघ्र समाधान जैसी मांग रही।

पंचायत सहायकों ने कहा कि जब तक उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक वे एकजुट होकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

पत्रक देने वालों में पंचायत सहायक यूनियन संघ के ब्लॉक अध्यक्ष निखिल पटेल, ब्लाक कोषाध्यक्ष शिवानी पटेल, ब्लाक सचिव चंदन भारती, ब्लाक मीडिया प्रभारी शिवेश कुमार पाण्डेय के साथ आकाश सक्सेना, उपेंद्र कुमार प्रजापति, कपिल कुमार गौतम, अभिषेक, संत शील कोविड, जितेंद्र पटेल, अनिशा पटेल, साक्षी यादव, विशाल कुमार आदि पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

उदय नारायण राय के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे पियूष राय

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के मोहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के गोंडी निवासी उदय नारायण राय उम्र 70 वर्ष का हार्ट अटैक के कारण दिनांक 27 अगस्त गुरूवार को निधन हो गया।शोक संवेदना प्रकट करने वाले लोगों का शनिवार से पहुंचने का क्रम जारी है। मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता पियूष राय, श्याम बहादुर राय राजापुर, दिनेश राय गुड्डू प्रोपराइटर बिनायक प्रोडक्ट ,भाजपा किसान मोर्चा गाजीपुर अध्यक्ष कृष्णानंद राय, मेरठ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मयंक राय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डॉ गौरव राय, असिटेंट कमिश्नर सेल टैक्स नोएडा

प्रशांत राय, एपीओ मऊ प्रशांत राय, जोगा निवासी जेपी राय, जोगा निवासी राजेश राय, क्षेत्र पंचायत सदस्य जोगा गोलू श्रीवास्तव, मऊ से सांसद घोसी प्रतिनिधि प्रभात राय, संतोष राय, आशुतोष शाही, अमित सिंह, सुधीर सिंह , जहूराबाद सपा नेता अविनाश विद्यार्थी, सैदपुर से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रत्याशी अजीत विधायक, समेत ढेर सारे लोगों ने गोंडी पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट किया। मृत्युंजय राय ने बताया की त्रयोदशाह एवं श्रद्धांजलि का कार्यक्रम 8 सितंबर दिन मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।

राजगढ़ पुल के पास झाड़ियों में मिला अधेड पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर / राजगढ़ थाना क्षेत्र के राजगढ़ पुल के पास झाड़ियों में मिला अधेड पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल। जानकारी के अनुसार अशोक 65 वर्षीय पुत्र मथुरा निवासी औरंगाबाद बिहार। अशोक राजगढ़ क्षेत्र में कई दिनों से इधर-उधर घूम रहा था साथ ही बारिश भी हो रही थी राजगढ़ पुल के पास झाड़ियां में यह कैसे पहुंचा ज्ञात नहीं हो सका किसी राहगीर की सूचना पर राजगढ़ थाने की पुलिस पहुंची और वहां से उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले गई जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है।

श्रीमती बिन्दू राय के निधन पर अरविन्द राय अभियंता ने जताया शोक

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल की मां श्रीमती बिन्दू राय पत्नी श्री रमेश चन्द्र राय का निधन 26 अगस्त बुधवार को हो गया।

इस समय आपके गाजीपुर सिद्धेश्वर नगर कालोनी स्थित आवास पर लोगों के पहुंचने एवं शोक संवेदना प्रकट करने का तांता लगा हुआ है।सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधीनगर के संस्थापक,डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर के चेयरमैन गाजीपुर के प्रमुख समाजसेवी अरविन्द राय अभियंता ने सिद्धेश्वर नगर कालोनी स्थित आवास पर

पहुंचकर स्व0 बिन्दू राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया।राज्य सभा सांसद डाक्टर संगीता बलवंत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सपना सिंह ने भी पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों से शोक संवेदना प्रकट किया।रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने बताया की श्रद्धांजलि सभा एवं ब्रह्मभोज का आयोजन 6 सितंबर दिन रविवार को 11बजे से आयोजित किया गया है। समस्त कार्यक्रम सिद्धेश्वर नगर कालोनी गाजीपुर से सम्पन्न किया जाएगा।

शहनाई कंस्ट्रक्शन ने बदहाल सड़क का कराया मरम्मत आवागमन में मिली सहूलियत ग्रामीणों के खिले चेहरे

समाज जागरण

मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के भेड़ी गांव में कई वर्षों से सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी थी। गांव के ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत तहसील से लेकर जिला मुख्यालय तक की थी।लेकिन सड़क नहीं बन पाई सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दिनों में होती थी। स्कूली बच्चों के अलावा गांव के ग्रामीणों को भी इन्हीं गढ्ढा में होकर गुजरना पड़ता था। जहां पर गिरकर बच्चे घायल हो रहे थे। इस वर्ष से ज्यादा बारिश होने से सड़क का पता नहीं चल पा रहा था।ग्रामीणों ने इसकी सूचना शकतेशगढ़ क्षेत्र के युवा समाजसेवी शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल सें की। छोटू पटेल के द्वारा गिट्टी गिराकर सड़क की मरम्मत कर दी गई। इससे पहले राजगढ़ क्षेत्र के दर्जन भर से ज्यादा गांव में सड़क की मरम्मत इन्हीं के द्वारा की गई है जिसमें राजगढ़ क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ की सड़क को भी इन्हीं के द्वारा पानी के जल जमाव को देखते हुए मरम्मत कराकर

आवागमन सुचारु रूप से चालू हुआ, इन्हीं के द्वारा नदीहर कुड़ी संपर्क मार्ग, नदिहार गांव के प्रसिद्ध कजरहवा मेला रोड, पिपरवार गांव में संपर्क मार्ग, धनसीरिया गांव में जल जमाव को देखते हुए जगह-जगह गिट्टी गिरकर सड़कों के गड्ढे भर दिए गए,कोन भरुहवा गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास गिट्टी गिरकर सड़क के गढ्ढा भर दिया गया ।ददरा पहाड़ी में स्कूल आने जाने वाले रास्तों में गिट्टी गिरकर गड्ढे को भर दिया गया। इसके अलावा चुनार तहसील क्षेत्र के जमुई रेलवे अंडरपास में छात्राओं और ग्रामीण को आने-जाने में दिक्कत होने पर गिट्टी भस्सी गिराकर रास्ते को दुरुस्त कराया था। शहनाई कंस्ट्रक्शन की टीम को जैसे ही सूचना मिलती है मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता और सड़कों को दुरुस्त करने का कार्य कर रही है। शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह छोटू पटेल ने कहा कि सूचना मिलने पर शहनाई परिवार के सदस्यों के द्वारा गिट्टी गिराकर सड़क के गाढ्ढा को भर दिया जा रहा है। जो सड़के चलने लायक लायक नहीं थी आज वहाँ पर फरार्टा गाड़ियां वहां पर भर रही है। शहनाई कंस्ट्रक्शन ने कई बार गांव के ग्रामीणों की आर्थिक सहायता भी की है। मौके पर शहनाई परिवार के सदस्य अजय कुमार सिंह,सत्येंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, पीयूष कुमार सिंह रहे।

ऑपरेशन दहन के तहत सम्भल पुलिस ने 16.026 किलोग्राम मादक पदार्थ किया नष्ट

11 मुकदमों में बरामद करीब 5.75 लाख रुपये कीमत के डोडा, स्मैक, चरस और नशीली गोलियों का किया गया विनिष्टीकरण

समाज जागरण

सम्भल। उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक के निदेर्शों के क्रम में नशामुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए जनपद सम्भल में चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में बरामद मादक पदार्थों का विधिवत विनिष्टीकरण कराया।

पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद के थाना सम्भल, हयातनगर और जीआरपी चन्दौसी से संबंधित कुल 11 अभियोगों में न्यायालय के आदेश के बाद निस्तारित किए गए 16.026 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। इन मादक पदार्थों का अनुमानित मूल्य 5,75,200 रुपये से अधिक बताया गया है। नष्ट किए गए पदार्थों में डोडा, स्मैक, चरस और नशीली गोलियां आदि शामिल थीं।

मादक पदार्थों के सुरक्षित निस्तारण के लिए निर्धारित मानकों का पालन

करते हुए यह कार्रवाई पुनः चक्रण प्राइवेट लिमिटेड, बबराला, जनपद सम्भल में की गई। पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए उच्च क्षमता वाले भस्मीकरण संयंत्र के माध्यम से बरामद मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण कराया गया। संपूर्ण कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सम्भल मनोज कुमार रावत एवं क्षेत्राधिकारी लाइन स्तुति सिंह की उपस्थिति में गठित मादक पदार्थ निस्तारण समिति की निगरानी में संपन्न हुई। कार्रवाई को पारदर्शी बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया की तस्वीरें एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई।

इस दौरान प्रभारी नारकोटिक निरीक्षक कश्मीर सिंह यादव, आरक्षी मृगेंद्र प्रताप सिंह, आरक्षी रवि सहरावत तथा संबंधित थानों के हेड मोहर्रिर मौजूद रहे। पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन दहन के माध्यम से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जनपद में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार को किसी भी स्थिति में पनपने नहीं दिया जाएगा। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध कठोर नीति के तहत भविष्य में भी मादक पदार्थों के निस्तारण एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर हुआ भजन-कीर्तन का आयोजन

समाज जागरण

चन्दौसी। सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में श्री गीता सत्संग महिला मंडल की महिलाओं ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सर्वप्रथम श्री कृष्ण भगवान के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर भजन कीर्तन के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर संयोजकता इंदू अग्रवाल ने बताया कि यह एक धार्मिक उत्सव है जिसे भगवान के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है यह भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है श्री कृष्ण का जन्म कंस के कारागार में हुआ था इस दिन मंदिरों को सजाया जाता है भजन कीर्तन होते हैं कई जगह माखन चोरी और दही -हांडी की प्रतियोगिताएं भी होती हैं। अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने बताया यह पर्व हमें प्रेम करना और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है कृष्ण

जन्म का संदेश है कि सत्य और हर्ष की सदैव विजय होती है

इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा नृत्य, रासलीला एवं दही -हांडी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया सभी बच्चों को संतापना पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण एवं सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था थी इस अवसर पर संयोजिका इंदू अग्रवाल,अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ,वित्त मंत्री रानी अग्रवाल, सीमा, मीरा,क्षमा ,रूपाली, सीता , गार्गी,मंजू, कविता, माधुरी, साधना, पूनम, शिखा ,मनीषा, चंचल, माया, बीना, आशा, नीलम, रेखा लता ,नीलम, शालू, प्रतिभा, रेनू ,सुनीता, प्रीति ,मधु , मलती, कल्पना आदि उपस्थित रहीं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कर्मी की मां की कानपुर में हत्या समेत लाखों की लूट

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां कमिश्नरेट पुलिस की सक्रियता के बाद भीअपराधी वारदातों को अनजान देने में लगातार सफल हो रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में तैनात एक कर्मचारी की मां की हत्या करने के साथ ही

लाखों का माल भी लूट ले गए। अब पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। यह घटना रावतपुर थाना क्षेत्र के केशवपुरम में हुई।

पुलिस की छानबीन के दौरान यह खुलासा हुआ है कि बदमाशों को घर की पूरी जानकारी थी। लुटेरों ने चाबी से अलमारी खोली और सिर्फ बड़े बेटे अमरीष की अलमारी को निशाना बनाया, जबकि छोटे बेटे की अलमारी को छुआ तक नहीं। लॉकर को किसी नुकीली चीज से तोड़ा गया था। लूट के आरोपियों को घर की पूरी जानकारी थी। उन्हें पता था कि गहने और नकदी कहां रखी हुई है। यहां तक की उन्हें बड़े बेटे की अलमारी की चाभी की जानकारी भी थी। घटना के बाद उमा के पति शिवमंगल जैसे ही घर पहुंचे। उन्हें बड़े बेटे अमरीष की ही अलमारी टूटी हुई मिली, जबकि छोटे बेटे आशीष की अलमारी को लुटेरों ने छुआ भी नहीं था। शिवमंगल के मुताबिक अलमारी में बड़े बेटे की पत्नी नेहा और उमा के जेवर थे। अलमारी की चाबी घर में एक सुरक्षित स्थान पर रखी जाती है।

अलमारी चाबी से खोली गई है, लेकिन जेवर वाले लॉकर को किसी नुकीली चीज से तोड़ा है। अमरीष पिछले नौ साल से पत्नी नेहा के साथ मसवानपुर स्थित दूसरे मकान में रह रहा है। उसी में नीचे बनी मार्केट की एक दुकान में पिता पुत्र बुक स्टॉल चला रहे हैं। अमरीष का तीन माह पहले अपनी पत्नी नेहा से महीने के खर्च को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद नेहा दोनों बच्चों को लेकर गोविंदनगर स्थित मायके चली गई। बताया गया कि जब वारदात हुई, तो अमरीष ने फोन कर नेहा को भी बुला लिया। नेहा का एक बेटा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में कर्मचारियों के रूप में नियुक्त बताया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना की गहन छानबीन करने के साथ ही लुटेरों का पता लगाया जा रहा है।

कैंटर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर तीन घायल

समाज जागरण

बबराला थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह वर्द्धमान पुल पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे में 15 वर्षीय किशोर भी शामिल है। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जबकि पुलिस ने टक्कर मारने वाले कैंटर और उसके चालक को पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार, जुनावई थाना क्षेत्र के गांव ऐरोला नवादी निवासी 15 वर्षीय आकाश पुत्र कालीचरन अपने मामा देवेंद्र सिंह पुत्र राजवीर और विनोद पुत्र कल्याण के साथ बाइक से जा रहा था। बताया गया कि देवेंद्र सिंह और विनोद आकाश को उसके घर से लेकर मेवुआ हसन की मड़ैया स्थित अपने घर जा रहे थे। बुधवार सुबह जब तीनों बाइक से वर्द्धमान पुल पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और उस पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद करते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद कुछ समय तक वर्द्धमान पुल पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। थाना प्रभारी लवनीश चौधरी ने कहा वाहन को कब्जे में ले लिया है तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

क्या 2027 में 'राम के बाद कृष्ण' पर चुनावी दांव? योगी के जयकारे से गरमाई उत्तर प्रदेश की सियासत

समाज जागरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में अभी समय है, लेकिन राजनीतिक दलों ने चुनावी मुद्दों और रणनीतियों को धार देना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया मथुरा दौरे और उनके मंचों से भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे को इसी राजनीतिक माहौल से जोड़कर देखा जा रहा है। खास तौर पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े मुद्दे पर योगी द्वारा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को घेरना सियासी चर्चा का विषय बन गया है।

हर वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन-पूजन करते हैं। इस बार उनका मथुरा दौरा विशेष रूप से चर्चा में रहा, क्योंकि मुख्यमंत्री जन्माष्टमी से एक दिन पहले ही मथुरा पहुंच गए और दो दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। मथुरा में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े विषयों पर अखिलेश यादव की चुप्पी को लेकर सवाल खड़े किए। योगी के इस रुख को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

कटनी में 6 सितंबर को उमड़ेगा आस्था और उत्साह का सैलाब

ऐतिहासिक दधिकांदो महोत्सव की भव्य शोभायात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में

देशभर के कलाकार बिखेरेंगे अपनी कला का रंग

समाज जागरण

कटनी। शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान से जुड़े ऐतिहासिक दधिकांदो महोत्सव को इस वर्ष भव्य और यादगार बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। भगवान श्री मुरली मनोहर जी की भव्य शोभायात्रा 6 सितंबर, रविवार को शाम 5 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से धूमधाम के साथ निकलेगी। आकर्षक साज-सज्जा, मनमोहक झांकियां, अखाड़ों के रोमांचक प्रदर्शन, देश के विभिन्न शहरों से आने वाले कलाकार और जगह-जगह होने वाले भव्य स्वागत इस बार के आयोजन को खास बनाने जा रहे हैं। श्री बधाई उत्सव कमेटी के संयोजक प्रेमप्रकाश दीक्षित एवं संजीव चौदहा, अध्यक्ष अभिषेक पुरवार, सचिव अतीश खम्परिया, कोषाध्यक्ष संतोष पाण्डेय एवं शिवम पहारिया ने बताया कि दधिकांदो महोत्सव की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। शोभायात्रा के प्रारंभ होने से पूर्व श्री जालपा भगत मंडली द्वारा भगवान श्री की भव्य महाआरती की जाएगी। भव्य झांकियां और जीवंत प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र शोभायात्रा में शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा आकर्षक एवं जीवंत झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। श्री बजरंग बाल रामायण समाज, मस्तराम अखाड़ा, शिवाजी अखाड़ा, राजयोग केंद्र की संचालिका लक्ष्मी बहन, गहोई वैश्य महिला समिति, सतीश मोरे कैटर्स, सर्व शक्ति वूमेन पावर, पुरवार मंडल, ओ.पी. एलाउंसर्स, गोलू नामदेव एवं अजय सेठिया सहित अनेक संस्थाएं अपनी प्रस्तुतियां देंगी।श्री बधाई उत्सव कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य भी विशेष झांकी के साथ शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाएंगे। जबलपुर और सागर के अखाड़े दिखाएंगे हैरत अंगेज करतब दधिकांदो महोत्सव में अखाड़ों के प्रदर्शन को लेकर भी खासा उत्साह है। स्व. प्यारेलाल अखाड़ा, जबलपुर के कलाकार व्यायाम प्रदर्शन के साथ ऊंची मटकी फोड़ने का रोमांचक प्रदर्शन करेंगे। वहीं सतगुरु अखाड़ा, सागर द्वारा झांझर प्रदर्शन प्रस्तुत किया जाएगा। अखाड़ों के हैरतअंगेज करतब दर्शकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेंगे। राजस्थान से लेकर भोपाल और मेरठ तक के कलाकार होंगे शामिल इस बार शोभायात्रा में देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान से आई मोट-पतलू की टीम विशेष आकर्षण रहेगी। मेरठ के प्रसिद्ध कलाकार उदित शर्मा द्वारा शिव तांडव, असुरों एवं रक्षा गढ़ की झांकी और नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। मेरठ के कलाकारों द्वारा हवा में उड़ती हुई झांकी दर्शकों को रोमांचित करेगी। जयश्री नगर से आए बड़े महादेव डमरू पार्टी के कलाकार डमरू एवं ताशा वादन की प्रस्तुति देंगे। वहीं भोपाल के ए.डी.सी. ग्रुप द्वारा राधा-कृष्ण की मनमोहक नृत्य झांकी प्रस्तुत की जाएगी। जवाहर चौक में सजेगा महोत्सव का भव्य मंच इस वर्ष दधिकांदो महोत्सव की एक बड़ी विशेषता जवाहर चौक रूई बाजार, अशोक स्तंभ के पास बनाया जाने वाला विशेष मंच होगा। शाम 6 बजे से इसी मंच पर राजस्थान की सुप्रसिद्ध कठपुतली डांस का आयोजन किया जाएगा। मंच से शोभायात्रा में सहभागी विभिन्न संस्थाओं का सम्मान भी किया जाएगा। इसके साथ ही शोभायात्रा में आकर्षक एवं कौतुक वेशभूषा में शामिल होने वाले छोटे बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और प्रस्तुतियां आयोजन में चार चांद लगाएंगी। मटकी बांधने और दही-मक्खन लुटाने की लगी होड़ दधिकांदो महोत्सव की सबसे खास परंपराओं में शामिल मटकी बांधने और भगवान श्री की शोभायात्रा पर दही-मक्खन लुटाने को लेकर भी शहरवासियों में उत्साह चरम पर है। इस बार बड़ी संख्या में लोगों और संस्थाओं ने मटकी बांधने एवं प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी ली है। लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर, साईं फ्रेंड्स क्लब द्वारा साईं मंदिर के पास, उस्ताद सुक्खन अखाड़ा, चौरसिया पान पैलेस, घंटाघर मैदान में मनोज डंगरे, गिरिराज एंड कंपनी, वंदना साड़ी सेंटर के सामने सतीश बजाज, साहू प्लाजा में पार्षद शिब्बू साहू, चौहान परिवार, कटनी टेंट एंड लाइट एसोसिएशन एवं हीरागंज व्यापारिक संघ, ताम्रकार परिवार, बैंकेटेश मंदिर, गजानन टॉकीज चौराहा में गुप्ता परिवार, हिंदू युवा समिति, भारती परिवार, गोल बाजार में फल एवं सब्जी विक्रेता संघ, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आनंद महाराज द्वारा मटकी बांधने एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जाएगी।

वहीं सुभाष चौक में विधायक संजय पाठक, अध्यक्ष मनीष पाठक एवं पार्षद अवकाश जायसवाल द्वारा मटकी बांधने और प्रसाद वितरण की जानकारी दी गई है। शहरभर में होगा भव्य स्वागत, जगह-जगह बंटेगा प्रसाद भगवान श्री मुरली मनोहर जी की शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए शहर की सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाएं भी पूरी तरह तैयार हैं। श्री गहोई वैश्य समाज, श्री पुरवार मंडल, राष्ट्रीय यादव संघ समाज, गायत्री योग अनुसंधान केंद्र, सिंधु नौजवान मंडल, वैष्णव मंडल एवं गटटानी परिवार, ब्राह्मण समाज, सीमेंट व्यापारी संघ, नगर भाजपा, कटनी लघु उद्योग भारतीय निगम, हिंदू उत्सव समिति, जिला ब्राह्मण समाज, टिंकू बनारसी गली चौराहा, कटनी टेंट एंड लाइट एसोसिएशन, हीरागंज व्यापारिक संघ, अग्रहरी समाज, सब्जी-फल विक्रेता संघ, मेन रोड व्यापारी संघ एवं दूध डेयरी समाज सहित अनेक संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत और प्रसाद वितरण किया जाएगा। तैयारियों में जुटी पूरी कमेटी दधिकांदो महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री बधाई उत्सव कमेटी के संरक्षक राजू खण्डेलवाल, राजू अग्रवाल, बिहारी सोनी, अनिरुद्ध अग्रवाल, गणेश मोर, ओमप्रकाश टुड़हा, सुरेश सराफ, विपुल कोटक, अजय सरावगी, नरेंद्र खंताल, पदम त्रिपाठी (मामा), कृष्णा सोनी, पप्पू गर्ग, अभिषेक बर्मन, अशोक नगरिया, राहुल सुहाने, मयंक सोनी, अखिलेश पुरवार, बेबू चौदहा, मनीष सराफ, राज सोनी, कृष्णा सेठिया, सिद्धार्थ खर्द, यश चौधरी, राहुल सरावगी, शुभम सोनी एवं संदीप पाण्डेय सहित समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं। नगर निगम ने भी दिया व्यवस्थाओं का भरोसा महोत्सव को लेकर नगर निगम स्तर पर भी आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी की जा रही है। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, नगर निगम आयुक्त एवं नगर निगम अध्यक्ष ने शोभायात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। श्री बधाई उत्सव कमेटी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे भगवान श्री मुरली मनोहर जी की इस ऐतिहासिक एवं भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होकर दधिकांदो महोत्सव की परंपरा और धार्मिक उत्साह को और भव्य बनाएं। 6 सितंबर की शाम कटनी की सड़कों पर आस्था, परंपरा, संस्कृति और उत्सव का ऐसा संगम दिखाई देगा, जिसका शहर वासियों को पूरे वर्ष इंतजार रहता है।

जैतपुर तहसील में फाइलों के साथ रखे हैं पानी के टब!

टपकती छत के नीचे चल रहा सरकारी कामकाज, रिकॉर्ड बचाने पन्नी का सहारा; कंप्यूटर में करंट की शिकायत से बढ़ा खतरा

समाज जागरण

शहडोल। जैतपुर तहसील कार्यालय का भवन इन दिनों बारिश के दौरान बदहाल स्थिति में नजर आ रहा है। छत से लगातार पानी टपकने के कारण तहसील के कई कमरों में कर्मचारियों को पानी के टब रखकर काम करना पड़ रहा है। सरकारी रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को बारिश के पानी से बचाने के लिए पन्नी का सहारा लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तहसील कार्यालय के कई कमरों में 3 से 4 टब तक रखे गए हैं। बारिश के दौरान छत से पानी रिसने के कारण कर्मचारियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीवारों में नमी आने के साथ ही बिजली के उपकरणों को लेकर भी सुरक्षा संबंधी चिंता बनी हुई है। कार्यालय में कंप्यूटर में करंट आने की शिकायत भी सामने आई है, जिससे कर्मचारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पुराना भवन, सोलर सिस्टम के बाद बढ़ी समस्या नायब तहसीलदार के मुताबिक तहसील भवन काफी पुराना है। इस वर्ष सोलर सिस्टम लगाए जाने के दौरान छत पर किए गए कार्य के बाद पानी रिसने की समस्या और बढ़ गई है। हालांकि समस्या के बीच तहसीलदार और कर्मचारी टपकती छत के नीचे ही बैठकर अपना कामकाज करने को मजबूर हैं।

सरकारी रिकॉर्ड की सुरक्षा पर सवाल तहसील कार्यालय में राजस्व से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज और रिकॉर्ड मौजूद रहते हैं। ऐसे में बारिश का पानी सीधे कार्यालय के अंदर पहुंचना रिकॉर्ड की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर स्थिति मानी जा रही है। फिलहाल पन्नी और टब के सहारे रिकॉर्ड और कार्यालयीन सामग्री को सुरक्षित रखने की कोशिश की जा रही है। हर बारिश में टब रखकर कब तक चलेगा काम? जैतपुर तहसील भवन की स्थिति को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर हर बारिश में टब रखकर सरकारी कार्यालय का कामकाज कब तक चलता रहेगा? यदि भवन की छत और विद्युत व्यवस्था की समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी दिन सरकारी रिकॉर्ड को नुकसान होने के साथ कर्मचारियों और आम लोगों की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। प्रशासन को मामले का संज्ञान लेकर भवन की स्थिति का तकनीकी परीक्षण और आवश्यक मरम्मत कराने की जरूरत है।

जिला पंचायत के आदेश पर रोक, सरपंच पद पर बने रहेंगे नन्हू सिंह

समाज जागरण

उमरिया--- ग्राम पंचायत गिंजरी के सरपंच नान्हू सिंह को हटाने का जिला पंचायत उमरिया का मनमाना फरमान आखिरकार कमिश्नर कोर्ट शहडोल में टिक नहीं पाया। जिला सीईओ द्वारा 3 जुलाई 2026 को जारी एकपक्षीय बर्खास्तगी आदेश पर कोर्ट ने 24 अगस्त को रोक लगाते हुए जिला पंचायत की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। अब नन्हू सिंह 28 दिसंबर 2026 तक सरपंच पद पर बने रहेंगे। दरअसल पूरा मामला ही जिला पंचायत की जल्दबाजी और लापरवाही की कहानी बयां करता है। अमृत सरोवर जैसे सरकारी कार्य में भुगतान विलंब हुआ तो उसका ठीकरा सीधे ग्राम पंचायत की कार्य एजेंसी यानी सरपंच के सिर फोड़ दिया गया। हकीकत यह है कि कार्य का मूल्यांकन संबंधित उपयंत्री द्वारा ही समय पर नहीं किया गया था, फिर भी जिला पंचायत ने बिना इस तथ्य को जांचे धारा-91 के तहत सरपंच को बर्खास्त कर दिया। वहीं ग्राम पंचायत के सचिव को भी पद से निलंबित कर दिया गया था, हालांकि आयुक्त शहडोल ने सचिव के निलंबन को रद्द करते हुए जिला पंचायत को पदस्थापना के निर्देश दे दिए हैं। इस पूरे प्रकरण में जनपद पंचायत पाली की भूमिका नगण्य रही, सारा खेल जिला पंचायत स्तर पर ही रचा गया था। सरपंच ने जब अपील क्रमांक 0070/ अपील/ 2026-27 के तहत कमिश्नर कोर्ट में गुहार लगाई तो कोर्ट ने भी जिला पंचायत के आदेश को संदिग्ध माना और सीईओ को मूल अभिलेख सहित बिंदुवार जवाब पेश करने का फरमान सुना दिया। गिंजरी पंचायत के मामले में बड़ा सवाल यह है कि दोषियों को बचाने के लिए जिला पंचायत उमरिया द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव को सबक सिखाने की ठान ली गई है। इसका प्रमाण यह है कि सचिव का निलंबन दो महीने पूर्व ही वापस हो चुका है, बावजूद इसके आज तक उन्हें ग्राम पंचायत का प्रभार नहीं दिया गया है। अब सवाल उठता है कि जब उपयंत्री की लापरवाही से भुगतान रुका था तो सरपंच को क्यों बलि का बकरा बनाया गया? कमिश्नर कोर्ट के स्टे ने जिला पंचायत के इस एकपक्षीय रवैये की पोल खोल दी है।

अगली सुनवाई 28 दिसंबर को होगी, तब तक सरपंच की कुर्सी सुरक्षित है, लेकिन आगे जिला पंचायत के प्रशासनिक अधिकारियों के दांव-पेंच से एक आदिवासी सरपंच कितना सुरक्षित रह पाएगा, इसको लेकर अभी भी चचाओं का बाजार गर्म है।

आजादी के 78 साल बाद भी जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर बच्चे तैर कर स्कूल जाने को मजबूर !

खतरनाक नदी पार कर स्कूल जाने को मजबूर आदिवासी बच्चे, साधन से शिकायत के बाद भी हादसे के इंतजार में प्रशासन?

समाज जागरण

सीधी। आजादी के 77 साल बाद भी अगर जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर दूर रहने वाले बच्चों को स्कूल जाने के लिए उफनती और खतरनाक नदी पार करनी पड़े, तो इसे विकास कहा जाए या सरकारी योजनाओं की हकीकत? सीधी मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित कठौली मोर्चा ग्राम की एक बस्ती में रहने वाले आदिवासी परिवारों के बच्चों की तस्वीरें शासन-प्रशासन के विकास के दावों पर सवाल खड़े कर रही हैं। स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं। ठेकेदार ने पुल उखाड़ा, रास्ते का काम अधर में बस्ती के रहने वाले भोले सिंह ने बताया कि गांव तक पहुंचने वाले मार्ग पर नदी के ऊपर पुल एवं सड़क निर्माण का काम ठेकेदार द्वारा शुरू किया गया था। लेकिन पिछले दो-तीन महीनों से निर्माण कार्य बंद पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नदी पर लगाया गया अस्थायी पुल भी ठेकेदार द्वारा उखाड़कर वहां से हटा दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों के सामने नदी पार करने का कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा। जिसकी शिकायत जिला मुख्यालय में कलेक्टर साहब को भी की गई लेकिन उनके आदेश का भी पालन होता दिखाई नहीं पड़ रहा है नदी में पानी का बहाव बहुत तेज है यदि किसी का पैर पानी में अचानक फिसलता है तो दर्दनाक हादसा निश्चित है ग्रामीणों ने नदी के ऊपर रखा हुआ है पेड़ की बल्ली

पिछले महीने से बरस रहे पानी से यहां के ग्रामीण किसी दूसरे जगह नहीं जा पा रहे हैं जरूरत के समान के लिए तरस रहे हैं एवं जिससे तैराकी बनती है वही नदी को क्रॉस करके शहर की ओर जाता है और जरूरतमंदों के सामान लेकर आता है नदी को क्रॉस करने वाले जमाहिर बैगा हमारे संवाददाता से बताया कि नदी पहाड़ी है और पानी का बहाव बहुत तेज रहता है नदी पार करने में दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है और फिर भी जरूरत के सामान लाना भी मजबूरी है और उसे लाकर गांव वालों को देना भी है तो

मजबूरी में हम ग्रामीणों ने लकड़ियां रखकर नदी के ऊपर अपने स्तर का रास्ता बनाया है। इसी लकड़ी के सहारे बड़े ही नहीं, बल्कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी रोज नदी पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं। जरा सोचिए, बारिश के मौसम में फिसलन भरी लकड़ियों पर पैर रखते हुए अगर किसी बच्चे का संतुलन बिगड़ गया तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?* हादसा होने का इंतजार कर रहा प्रशासन? * सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मामला जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर की दूरी का है, तो जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस समस्या पर अब तक क्यों नहीं पड़ी? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

क्या किसी बच्चे के नदी में बह जाने के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी? आदिवासी परिवारों के लिए शासन की योजनाएं आखिर किस काम की हैं, जब उनके बच्चे आज भी स्कूल जाने के लिए जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं? जिम्मेदारों पर कार्रवाई और सड़क-पुल का काम तत्काल पूरा करने की मांग ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से लिखित में आवेदन देकर मांग की है कि मौके का तत्काल निरीक्षण कराया जाए, निर्माण कार्य बंद होने के कारणों की जांच की जाए और संबंधित ठेकेदार को सड़क एवं पुल का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश दिए जाएं। क्योंकि विकास सिर्फ कागजों पर नहीं, जमीन पर दिखाई देना चाहिए।

आज बच्चे लकड़ी के सहारे नदी पार कर रहे हैं। कल अगर कोई हादसा हुआ तो जिम्मेदारी किसकी होगी–ठेकेदार की, विभाग की या उस प्रशासन की जो सब कुछ जानते हुए भी चुप बैठा है?

आंगनबाड़ी के नाम पर बच्चों की जान से खिलवाड़

महिला बाल विकास विभाग लाचार

समाज जागरण

उमरिया ---उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली जनपद में महिला बाल विकास विभाग की लाचारी का सबसे वीभत्स चेहरा आंगनबाड़ी केंद्रों में दिख रहा है। कागजों में ये केंद्र चमक रहे हैं, बाहर से पेंटिंग-पुताई कर दी गई है ताकि फोटो खिंच सके, लेकिन अंदर की हकीकत यह है कि छत से पानी टपक रहा है, प्लास्टर सिर पर गिर रहा है और मासूम बच्चे कीचड़ और पानी के बीच जमीन पर बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। यह कोई एक केंद्र की कहानी नहीं है। पाली जनपद के लगभग हर ग्रामीण आंगनबाड़ी का यही हाल है। फर्श टूटी हुई, दीवारों में सीलन, बिजली-पंखे गायब। सावन की रिमझिम बारिश में ये भवन तालाब बन चुके हैं। सबसे शर्मनाक बात यह है कि यह सब जानकारी महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर से लेकर जिला अधिकारियों तक को पहले से है, फिर भी विभाग किंकर्तव्यविमूढ़ बना हुआ है।विभाग के अधिकारी मरम्मत के लिए शासन से राशि न मिलने का

रोना रोते हैं। यद्यपि पिछले दिनों आंगनबाड़ी भवनों के रंग-रोगन के लिए एक छोटी राशि उपलब्ध कराई गई थी, वह सिर्फ बाहरी रंगाई में खर्च कर दी गई, अंदर के सुधार के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने जरूरत ही नहीं समझी।

नतीजा यह है कि शासकीय भवन छोड़कर कार्यकर्ता गांव में किराए के कमरों में आंगनबाड़ी चलाने को मजबूर हैं। यानी शासन का अपना भवन जर्जर पड़ा है और विभाग किराए पर पैसा फूंक रहा है।

स्थानीय अभिभावक अब पूछ रहे हैं कि क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार हो रहा है? पिछले साल भी यही स्थिति थी, छत गिर रही थी, पानी भर रहा था, शिकायतें हुईं, पर फाइल नहीं हिली। आज भी वही जर्जर भवन बच्चों के सिर पर लटके हैं। आखिर यह नामुराद व्यवस्था में सुधार कब होगा? महिला बाल विकास विभाग इन टपकती छतों के नीचे अपने बच्चों को इसी परिस्थिति में संचालित करने के लिए मजबूर है। गरीब आदिवासी और मजदूरों के ही बच्चे अधिकांशतः इन आंगनबाड़ियों में आते हैं, इन नौनिहालों को मौत के साए में पढ़ने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है? यह बदहाली नहीं, सीधे-सीधे बच्चों की सुरक्षा के साथ आपराधिक लापरवाही है। सचमुच में पाली विकासखंड तो सिर्फ एक झांकी है, वास्तविक रूप से यह पूरे उमरिया जिले की ही असली तस्वीर है। जिसकी सूरत बदलने के लिए अब जिला प्रशासन को ही ठोस पहल करने की जरूरत है।

हाईकोर्ट के स्थगन के बाद आशा भंडारी की नगरपालिका में वापसी

अब टकराव की राजनीति चलेगी या विकास की गाड़ी? शहडोल नगरपालिका में फिर शुरू हुई हलचल, शहर की निगाहें अगले कदम पर

समाज जागरण

शहडोल। हाईकोर्ट से स्थगन आदेश मिलने के बाद आशा भंडारी की शहडोल नगरपालिका में दोबारा वापसी ने नगर की सियासत और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, आशा भंडारी ने बुधवार शाम शहडोल पहुंचकर नगरपालिका में अपनी ज्वाइनिंग दर्ज कराई। उनकी वापसी के साथ ही अब सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा हो गया है कि नगरपालिका में आगे कामकाज किस दिशा में जाएगा–आपसी टकराव और खींचतान की ओर या शहर के विकास की ओर? आशा भंडारी की वापसी ऐसे समय हुई है, जब नगरपालिका के कामकाज और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय को लेकर पहले से ही चचाएं होती रही हैं। ऐसे में हाईकोर्ट के स्थगन के बाद उनकी दोबारा मौजूदगी ने आने वाले दिनों की तस्वीर को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थगन के बाद वापसी, अब असली परीक्षा शुरू न्यायालय से मिले स्थगन के बाद आशा भंडारी की नगर पालिका में वापसी को लेकर शहर में चचाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि अब असली परीक्षा केवल पद और अधिकार को लेकर नहीं, बल्कि नगरपालिका के कामकाज को लेकर होगी। सवाल यह है कि क्या पुराने मतभेद और राजनीतिक खींचतान फिर हावी होगी या सभी पक्ष पीछे की कटुता को छोड़कर शहर के हित में साथ काम करेंगे? शहर की जनता लंबे समय से सड़क, नाली, जल निकासी, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की अपेक्षा कर रही है। ऐसे में नगरपालिका की अंदरूनी राजनीति यदि विकास कार्यों पर भारी पड़ती है तो इसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ेगा।

शहर को राजनीति नहीं, काम चाहिए नगरपालिका में सत्ता और प्रशासन के बीच तालमेल किसी भी शहर के विकास की बुनियादी जरूरत है। यदि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे के साथ समन्वय बनाकर काम करते हैं, तो योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ सकती है। इसके विपरीत यदि आरोप-प्रत्यारोप, अधिकारों की लड़ाई और राजनीतिक खींचतान प्राथमिकता बन गई, तो विकास कार्यों की रफ्तार प्रभावित होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

अब शहडोल की जनता यह देखना चाहती है कि नगरपालिका में कुर्सी की लड़ाई बड़ी होती है या शहर का विकास। आने वाले दिनों में नगरपालिका की बैठकों, निर्णयों और विकास कार्यों की दिशा से इसका जवाब सामने आने की उम्मीद है।

फैसला अब कामकाज से होगा

आशा भंडारी की वापसी के बाद नगरपालिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि पूर्व की परिस्थितियों को दोहराने के बजाय कामकाज को सुचारु बनाया जाए। शहरवासियों को उम्मीद है कि न्यायालयीन प्रक्रिया अपनी जगह चलेगी, लेकिन नगरपालिका के दैनिक काम और विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे। फिलहाल शहडोल नगरपालिका में हुई इस वापसी ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल जरूर बढ़ा दी है। अब नजर इस बात पर है कि आने वाले दिनों में नगरपालिका आपसी सामंजस्य का उदाहरण बनेगी या एक बार फिर खींचतान का अखाड़ा।

बलराम कृषि महोत्सव में वैज्ञानिक खेती पर जोर, किसानों को दी आधुनिक तकनीकों की जानकारी

लागत घटाकर उत्पादन और आय बढ़ाने का आह्वान, अन्नदाताओं से संवाद कर जानी समस्याएं और सुझाव

समाज जागरण

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं कृषि विभाग शहडोल के तत्वावधान में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता की। महोत्सव के दौरान कृषि विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों, जैविक खेती तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में विधायक जय सिंह मरावी क्षेत्र के अन्नदाता किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी ली गई। वक्ताओं ने कहा कि किसान देश की

अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। किसानों के सम्मान, सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश चतुर्वेदी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर खेती की लागत को कम किया जा सकता है। साथ ही बेहतर उत्पादन प्राप्त कर किसानों की आय में भी वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने किसानों से कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का आह्वान किया।

किसानों को अधिक उत्पादन देने वाली उपयुक्त फसलों का चयन करने और बेहतर कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं जिला मुख्यमंत्री नरेंद्र तिवारी ने जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राकृतिक एवं जैविक संसाधनों के अधिक से अधिक उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के साथ खेती को अधिक टिकाऊ बनाने में सहायक है। महोत्सव के दौरान किसानों को कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, तकनीकी उपायों और आधुनिक खेती के तरीकों की उपयोगी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन हासिल करने तथा कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में आवश्यक सुझाव दिए।

कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

जिले के करकेली ब्लॉक के सिंघवाड़ा मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, मटकी फोड़ और भजन-कीर्तन का होगा आयोजन

समाज जागरण विजय तिवारी

उमरियाः---- उमरिया जिले के करकेली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सिंघवाड़ा में स्थित धर्मस्व से संधारित प्रसिद्ध मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी विजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 सितंबर को मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत शाम को भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार के साथ होगी। इसके बाद मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय बच्चों और कलाकारों द्वारा कृष्ण लीलाओं पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रात्रि में भगवान कृष्ण जी के जन्म का मुख्य उत्सव मनाया जाएगा, जिसके बाद मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जो इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही देर रात तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलेगा, जिसमें कृष्ण

भक्त झूमते नजर आएंगे। मंदिर पुजारी विजय तिवारी ने सभी ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर इस धार्मिक कार्यक्रम में अपनी सह भागिता सुनिश्चित करें और भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त करें।

तेज बारिश के बीच बांधों से पानी की निकासी लगातार जारी, निचले इलाकों में सतर्कता का अलर्ट

समाज जागरण/
ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जिले में लगातार हो रही तेज बारिश से सभी प्रमुख नदियों और बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। हालात को देखते हुए सोनभद्र को डेंजर जोन में रखा गया है। सूचना विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, सीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट में जिले को ऑरेंज लेवल में रखा गया है। नेवारी और निगाही गांव को अधिक प्रभावित क्षेत्रों में बताया गया है। प्रशासन ने नदी और बांधों के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। रिहंद बांध का जलस्तर लगातार बढ़ने के बाद मंगलवार रात करीब 10:30 बजे दो और गेट खोले गए। इसके बाद बांध के कुल पांच गेट खुले हैं। गेट नंबर 5, 6, 7, 8 और 9 को 16-16 फीट खोला गया है। पांचों गेटों से करीब 55 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा बांध की टरबाइन से भी 17,960 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन ने अलर्ट बढ़ा दिया है। वहीं ओबरा डैम के भी पांच गेट खोले गए हैं। इनमें चार फाटकों को 12-12 फीट और एक फाटक को छह फीट खोला गया है। बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति और गंभीर होने की आशंका है। कनहर बांध के 16 में से 12 गेट खोल दिए गए हैं। इनसे 50 हजार क्यूसेक से अधिक पानी निकाला जा रहा है। नगवां बांध के भी सात गेट खोलने पड़े हैं। धंधरौल और नगवां बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। उधर, मध्य प्रदेश स्थित बाणसागर से पानी छोड़े जाने के बाद चोपन क्षेत्र में सोन नदी उफान पर है। नदी का तेज बहाव तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। लगातार बारिश के चलते जिले के कई निचले और नदी किनारे के इलाकों में पानी घरों में घुस गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी इलाकों में भी जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद रात में साउंड सिस्टम और माइक के माध्यम से ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। जुगैल थाना प्रभारी ने भी ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा है। रिहंद बांध के आसपास के थाना क्षेत्रों में पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। डीएम चर्चित गौड़ ने नदी, बांध और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने तथा बच्चों और मवेशियों को वहां न जाने देने की अपील की है। प्रशासनिक टीमें स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

बाढ़ की आशंका को लेकर प्रशासन अलर्ट, रेणुका नदी छठ घाट पर हुआ मॉक ड्रिल

समाज जागरण/
ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। लगातार हो रही बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर के साथ डेम से पानी की निकासी को देखते हुए जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर बुधवार को ओबरा तहसील क्षेत्र स्थित रेणुका नदी के छठ घाट पर मॉक ड्रिल किया गया। इसमें सीआईएसएफ, राजस्व, पुलिस, मेडिकल टीम, आपूर्ति विभाग और पंचायती राज विभाग की टीमों ने हिस्सा लिया। मॉक ड्रिल के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। टीमों ने आपात स्थिति में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और पशुओं को सुरक्षित बाहर निकालने की तैयारियों का भी प्रदर्शन किया। राहत एवं बचाव दल को आवश्यक संसाधनों के साथ मौके पर तैनात रहने की स्थिति में रखा गया। क्षेत्राधिकारी प्रभात राय ने कहा कि बाढ़ राहत एवं बचाव टीम के सभी सदस्य मौके पर पहुंच चुके हैं। राहत कार्य के लिए आवश्यक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध हैं। किसी भी व्यक्ति या परिवार को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में एक-एक व्यक्ति को सुरक्षित निकालना प्राथमिकता होगी। बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और पशुओं को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने निचले और तत्वर्ती इलाके के ग्रामीणों से धैर्य बनाए रखने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर समय लोगों की सहायता के लिए तैयार है और किसी भी परिवार को परेशानी में नहीं पड़ने दिया जाएगा। वहीं, ओबरा एसडीएम रवि कुमार पासवान लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों को नदी से दूर रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को नदी और जलभराव वाले स्थानों के आसपास नहीं जाने देने की अपील की। प्रशासन की ओर से वाटर और सायरन के माध्यम से भी लोगों को सतर्क किया जा रहा है।
स्वास्थ्य विभाग की टीमें चिकित्सा व्यवस्था को लेकर अलर्ट हैं, जबकि आपूर्ति और पंचायती राज विभाग की ओर से जरूरत पड़ने पर भोजन और लंच पैकेट उपलब्ध कराने की तैयारी की गई है। सीआईएसएफ और पुलिस की टीमें भी राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग के लिए तैयार हैं। एसडीएम ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के साथ भोजन, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सीएचसी की सभी मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने के निर्देश - मुख्य विकास अधिकारी

समाज जागरण/ ब्यूरो
चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी. ने जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षकों (एमओआईसी) को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपदवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता एवं आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आई० सी०डी०एस० विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि एन0आर0सी0 सेन्टर में सैम मैम बच्चों को भर्ती करने की कार्यवाही सुनिश्चि की जाये जिससे की अति दुर्बल बच्चें जल्द स्वस्थ्य हो सके इस दौरान उन्होने कहा कि जिन आशाओं द्वारा डिलवरी अस्पतालों मे एक भी नहीं करायी गयी है उन्हें नोटिस देने की कार्यवाही सुनिश्चि की जाये इस दौरान उन्होने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के प्रगति की समीक्षा की जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी की प्रगति धीमी पायी गयी जिसके लिए उन्होने सम्बन्धित सी0एच0ओ0 और डी0 पी0एम0 के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये और प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने पर अगले माह में एम0वाई0सी0 के विरूद्ध एडवर्स एन्ट्री की कार्यवाही की जाये। उन्होने बैठक के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्दों पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये तथा जो कर्मी साफ-सफाई के लिये नियुक्त किया गया है उसके कार्यों में लापरवाही पायी जाती है तो चयनित एजेंसी को सूचित कर तत्काल हटाये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाये। डी० पी०ओ० आई०सी०डी०एस० को निर्देशित किया गया कि आर0 बी0एस0के0 टीम द्वारा नियमित रूप से आशा आगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाय। इस मौके मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रमेश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जयराम सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विनीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

मण्डल कार्यसमिति सत्यापन एवं प्रवास योजना को लेकर बैठक संपन्न

डॉ. अरुण पाण्डेय
"गुरुजी" दैनिक समाज जागरण

घोरावल/ सोनभद्र। बुधवार को नगर के वृन्दावन गार्डेन सभागार मे मण्डल कार्यसमिति एवं प्रवास योजना को लेकर घोरावल मण्डल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया. बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्त्ता आधारित पार्टी है भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसके कार्यकर्त्ता तीन सौ पैसठ दीन बूथों पर सक्रिय रहते है.कार्यसमिति की सत्यापन केवल इस लिये जरुरी नही है की बूथों और शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्त्ता कितना सक्रिय है बल्कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं जनता को दी जा रही है लोगों तक उसका लाभ पहुंच रहा है की नही. इसलिए प्रत्येक शक्ति केंद्रों के संयोजक और प्रभारी अपने-अपने शक्ति केंद्रों के प्रत्येक बूथों पर प्रवास कर बूथों पर कोई कार्यकर्त्ता अगर किसी कारण निष्क्रिय है तो उसकी समीक्षा कर उस बूथ को मजबूती देने का कार्य करें.इसी क्रम मे भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र भाई पटेल ने कहा कि बूथ पर कार्य का मूल्यांकन जिले से होकर प्रदेश तक होती है अगर कोई भी बूथ अध्यक्ष बूथ पर अच्छा कार्य करता है तो उसके कार्य को सराहा जाता है आगे बढ़ाने के लिये प्रेरित किया जाता है.बैठक मे मण्डल अध्यक्ष सीमा गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुछ व अंग वस्त्र देकर किया. संचालन महामंत्री दिनेश पटेल ने किया वही बैठक मे पूर्व जिला मंत्री कैलाश सिंह, अभय पटेल, सुभाष पटेल, राकेश उमर, पंकज मिश्रा, राजेंद्र शर्मा, विद्या सागर मौर्य, रवि शंकर दूबे, अनुराग अग्रहरि, बाबू लाल शर्मा, मनोज चौबे,शक्ति केन्द्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, मण्डल के पूर्व पदाधिकारी मौजूद रहे।

ब्रांडेड डिब्बों में मिलावटी मिठाई की आशंका, 90 किलो मिठाई बरामद; कार्रवाई की सूचना पर दुकानदारों में हड़कंप

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

बीजपुर/ सोनभद्र। म्योरपुर ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों में संचालित होटलों व मिष्ठान दुकानों में कथित तौर पर ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर मिलावटी मिठाई बेचे जाने का मामला सामने आया है। सोमवार देर शाम बीजपुर क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक चार पहिया वाहन से मिठाई की सप्लाई करने पहुंचे व्यक्ति को देखकर स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेते हुए मामले की जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग को दी। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कीर्ति आनंद ने थाने पहुंचकर अभिषेक कुमार पुत्र गुड्डू प्रसाद, निवासी रामनगर, दुद्धी की मौजूदगी में वाहन से मिली मिठाई का नमूना लिया। विभाग द्वारा विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद नमूने को जांच के लिए भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार स्विफ्ट डिजायर वाहन से नंदनी और कृष्णा ब्रांड की करीब 90 किलो मिठाई बरामद हुई है। मिठाई क्षेत्र में कब से और किन-किन दुकानों पर सप्लाई की जा रही थी, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।
कार्रवाई की सूचना फैलते ही शटर गिराकर बंद हुईं दुकानें खाद्य विभाग की कार्रवाई की सूचना क्षेत्र में फैलते ही कई होटल एवं मिष्ठान संचालकों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि कुछ दुकानदारों ने आनन-फानन में अपनी दुकानों के शटर गिराकर ताले लगा दिए। जिस होटल में मिठाई सप्लाई किए जाने की बात सामने आई, उसके संचालक के भी दुकान बंद कर चले जाने की चर्चा रही।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि ब्रांडेड कंपनियों के डिब्बों की आड़ में दूसरी मिठाई पैक कर ग्राहकों को बेची जा रही है। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि अभी नहीं हुई है। पूरे मामले की वास्तविकता खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

दुद्धी के जोरूखाड़ में मालिया नदी का पुल टूट कर धंसा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

दुद्धी/सोनभद्र। तहसील दुद्धी के अंतर्गत जोरूखाड़ और महुअरिया गांव के बीच मालिया नदी पर बना पुल पूरी तरह से टूट कर धंस गया है। हालत इतनी गंभीर है कि पुल कभी भी भरभरा कर नदी में समा सकता है और कोई भी बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। मौके की तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि पुल के एप्रोच का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह से टूट कर अलग हो गया है। मिट्टी कट गई है, पत्थर बिखर गए हैं। नदी उफान पर है और तेज बहाव पुल के पिलरों से टकरा रहा है। इसके बाद भी जान जोखिम में डालकर लोग इसी पुल से निकलने को मजबूर हैं। यह पुल जोरूखाड़, महुअरिया और सहित दर्जनों गांवों की लाइफलाइन है। बगल में स्कूल होने के कारण इसी रास्ते से रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चे पढ़ने के लिए गुजरते हैं। इस संबंध में ग्राम सभा फुलवार के जागरूक नागरिक प्रेम शंकर यादव ने बताया कि "मालिया नदी के पुल की स्थिति बहुत ही गंभीर और दयनीय हो गई है। यह पुल कभी भी हादसे का शिकार बन सकता है। इसी रास्ते से बगल के स्कूल के तमाम बच्चे रोज पढ़ने जाते हैं, उनकी जान को हमेशा खतरा बना रहता है। हमारी जिला प्रशासन सोनभद्र से मांग है कि इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जल्द से जल्द पुल की मरम्मत / निर्माण कराने का कष्ट करें, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।" ग्रामीणों ने मांग की है कि किसी बड़े हादसे से पहले प्रशासन मौके का निरीक्षण कर पुल पर आवागमन को सुरक्षित करे।

जनपद में हो रही लगातार बारिश से गरीबों का आशियाना उजड़ने का सता रहा डर, पीड़ित परिवार ने किया कनहर डिवीजन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। सदर विधान सभा के ओबरा तहसील के ग्राम पंचायत कुड़वा के टोला तुमियां कमरान टोला में कनहर डिवीजन 6 के द्वारा नहर किनारे सड़क का निर्माण कराया गया था जो बारिश के दिनों में मुसीबत बन गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त बांध कई वर्ष पहले भूमि संरक्षण विभाग से वर्ष 1985 में बांध बनवाया गया था जिसमें बांध से पानी निकालने के लिए कई निकास द्वार बनाये गये थे जो सड़क बनाने के लिए कनहर सिंचाई परियोजना निर्माण खंड 6 द्वारा ग्रामीणों के विरोध के बावजूद बंद कर दिया गया जो वहाँ के गरीब आदिवासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जिसके क्रम में स्थानीय लोगों के द्वारा संबंधित विभाग को अवगत कराया जा चुका है फिर भी उनके कान तक आदिवासियों की आवाज सुनाई नहीं दे रही है। जिससे क्षुब्ध होकर स्थानीय लोगों द्वारा कई बार प्रदर्शन किया जा चुका किंतु संबंधित विभाग द्वारा कोई कारगर उपाय नहीं किया गया बल्कि उनके द्वारा सिर्फ कोरा आश्वासन देने का सिलसिला अनवरत जारी है। बतादें कि बुधवार को राम बेलास गोंड की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने कनहर सिंचाई परियोजना के विपरीत जमकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करायें ताकि गरीबों का आशियाना बच सके। जिसके क्रम में राम बेलास व मुकेश ने बताया कि कनहर बांध सिंचाई पारियोजना के अधिकारियों व कार्यदायी संस्था (ठेकेदारों) की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि समय रहते उन्हें बार बार अवगत कराया गया किंतु अपनी हठधर्मिता के सामने एक नहीं सुनीं जिसका नतीजा रहा कि आज लगभग 600 मीटर की फसल जलमग्न हो गया और घर के पास मात्र 2 फीट पानी पहुँचने की देर है अगर इसी तरह से बारिश होती रही तो घर कभी भी धाराशायी हो सकता है। आगे उन्होंने बताया कि लोगों के सामने रहने खाने, पशु को निश्चित ठिकाना के लिए दिन रात सोचने को मजबूर हैं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से राम बेलाश गोंड, अनिल गोंड, सुनिता, कलावती, कमला देवी, लखन, जागशाह, जगू, रामप्यारे, हीरा लाल, लक्षुमन, दिनेश, वंशीधर, जगनारायन शामिल रहे। इस बावत अधिशासी अभियंता (एकशियन) कनहर डिवीजन निर्माण खंड -6 ने कहा कि जल्द ही समस्या का निराकरण करा दिया जायेगा। किसानों व रहवासियों की समस्या को देखते हुए संबंधित विभाग ने मौके पर जे सी बी भेजा जिसे देखकर किसान रामचंद्र, रामधनी, कैलास, विनोद, नंदू, मुन्ना, प्रमोद आदि विरोध करने लगे। विरोध के कारण मामला जस का तश रहा। किसानों का आरोप है कि अगर बाँध काट दिया गया तो बांध के नीचे के किसानों के दर्जनों किसानों की धान की फसल चौपट हो जायेगी इसके लिए अन्य वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य मशीनों की सहायता से बांध का पानी पंडा नदी में गिराया जाय और तत्काल क्षतिपूर्ति के साथ मुआवजा दिलाया जाय।

एनटीपीसी परिसर में बारिश ने खोली जलनिकासी व्यवस्था की पोल, पानी में उतरकर स्कूल जाने को मजबूर नौनिहाल

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

बीजपुर/ सोनभद्र। जनपद में हुई तेज बारिश के बाद बीजपुर क्षेत्र के सरस्वती में जलभराव ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। सड़क पर इतना पानी भर गया कि लोगों के आवागमन के साथ-साथ स्कूली बच्चों के लिए भी रास्ता पार करना मुश्किल हो गया। सरकारी कंपोजिट विद्यालय के छात्र-छात्राएं पानी से भरी सड़क को पार करते हुए भीगकर स्कूल पहुंचने को मजबूर नजर आए। बारिश के दौरान बच्चों के कपड़े और स्कूल बैग तक भीगते दिखाई दिए। सड़क पर जमा पानी के बीच से गुजरते छोटे-छोटे बच्चों का दृश्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता नजर आया। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों को प्रतिदिन इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में किसी हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरस्वती क्षेत्र एनटीपीसी के परिसर में आता है, जहां मूलभूत सुविधाओं और बेहतर आवागमन की व्यवस्था होने की उम्मीद की जाती है। इसके बावजूद भारी बारिश होते ही सड़कें जलमग्न हो जाना और आवागमन बाधित होना जिम्मेदार व्यवस्थाओं की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों के अनुसार जलनिकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर जमा हो जाता है और कई स्थानों पर स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। लोगों ने मांग की है कि जलभराव वाले स्थानों का स्थायी समाधान, नालियों की सफाई और प्रभावी जलनिकासी व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि स्कूली बच्चों समेत आम लोगों को परेशानी से राहत मिल सके। सवाल यह है कि जब एनटीपीसी जैसे बड़े औद्योगिक परिसर में भी बारिश के दौरान बच्चों को पानी में उतरकर सड़क पार करनी पड़े, तो जिम्मेदार व्यवस्था आखिर कब जागेगी?

मौज में मिली मौत -झरने में पिकनिक बनी मौत का सबब! पैर फिसला, पत्थर पर गिरा युवक, इलाज के दौरान मौत

•~ मारकुंडी घाटी में पिकनिक के समय स्नान के दौरान हुआ दर्दनाक हादसा, परिजनों में मचा कोहराम, गांव में पसरा मातम

समाज जागरण तहसील
संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। मारकुंडी घाटी के झरने में पिकनिक और मौज-मस्ती करने गए युवकों की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब स्नान के दौरान एक युवक का पैर फिसल गया और वह पत्थर पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई।
जानकारी के अनुसार गुरमा पुलिस चौकी क्षेत्र के मारकुंडी घाटी के नीचे भुईहरिया के समीप मारकुंडी गांव के करीब आधा दर्जन युवक पिकनिक मनाने पहुंचे थे। इसी दौरान झरने में स्नान करते समय सूबेदार यादव उर्फ मुन्ना (35) पुत्र भोला यादव का अचानक पैर फिसल गया।बताया जाता है कि संतुलन बिगड़ते ही वह पास के पत्थर पर जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद साथियों में अफरा-तफरी मच गई। साथी युवक आनन-फानन में घायल सूबेदार यादव को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना जैसे ही घर पहुंची, परिवार में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते पूरे गांव में मातम पसर गया।
मारकुंडी घाटी और आस- पास के झरनों में बारिश के मौसम में पानी का बहाव तेज होने के साथ ही पत्थर बेहद फिसलन भरे हो जाते हैं। यह दर्दनाक हादसा एक बार फिर झरनों और जल स्त्रोतों पर स्नान व पिकनिक के दौरान सावधानी बरतने की जरूरत की ओर ध्यान खींचता है।

शिक्षामित्रों की बैठक में कैशलेस इलाज और सैलरी अकाउंट पर चर्चा, बभनी में खंड शिक्षा अधिकारी के व्यवहार पर नाराजगी

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

सोनभद्र। जनपद के बभनी ब्लॉक संसाधन केंद्र में आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन बभनी इकाई की बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद अफजल अहमद मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। बुधवार को हुई इस बैठक की अध्यक्षता जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र ने की। बैठक में शिक्षामित्रों के हित से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बात हुई। इनमें कैशलेस इलाज सुविधा के आवेदन और उसके फायदे, सैलरी अकाउंट खुलवाने और उसके लाभ, और उपस्थिति पत्रक जमा करने से जुड़ी समस्याओं के समाधान शामिल थे। इसके अलावा, खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सार्वजनिक बैठकों और प्रशिक्षण के दौरान शिक्षामित्रों के प्रति दिए गए बयानों पर भी चर्चा हुई। बैठक में मौजूद सभी शिक्षामित्रों ने अपनी स्कूल और विभागीय समस्याएं भी बताईं। ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र नारायण पांडे ने ब्लॉक संसाधन केंद्र के कर्मचारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी के व्यवहार की निंदा की और शिक्षामित्रों को आश्वासन दिया कि जल्द ही खंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर बात की जाएगी। बैठक के आखिर में, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र ने सभी शिक्षामित्रों से एकजुट रहने की अपील की। इस दौरान सुजीत कुमार पांडे, शकीर अख्तर, मुनेश्वर जायसवाल, प्रवीण केशरी, श्याम जी पांडे, शंभू प्रसाद, सीता कुंवर, ललिता देवी, चंद्रशेखर और सुभेष कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षामित्र मौजूद रहे।

कनहर नदी में मछली पकड़ने के लिए नाव लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। कनहर नदी से संबंधित ग्राम भिसुर में सुरक्षा के दृष्टिगत मछली पकड़ने के लिए नाव लगाने पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है। नदी में जलप्रवाह एवं संभावित जोखिम को देखते हुए प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया गया है। स्थानीय चौकी इंचार्ज को क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखने तथा प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से नदी में अनावश्यक रूप से जाने से बचने एवं सुरक्षा संबंधी निदेशों का पालन करने की अपील की है।

कोचाधामन प्रखंड में विकास कार्यों की समीक्षा, सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने दिए तेजी लाने के निर्देश

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के कोचाधामन प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीराम पासवान के नेतृत्व में किया गया। इसमें प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में सांसद ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन तथा जमीनी स्तर की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से योजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं और उनके समाधान को लेकर भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद ने अधिकारियों को विकास योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने तथा पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाए और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान क्षेत्र के समग्र विकास, विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। सांसद ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय के साथ विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

घर-घर होगी स्वास्थ्य जांच, शुरू हुआ 'चिकित्सा आपके द्वार' अभियान

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

2 सितंबर। बीमारी के गंभीर होने का इंतजार करने के बजाय अब स्वास्थ्य विभाग लोगों के घर तक पहुंचेगा। गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान और उपचार के लिए जिले में ह्यजांच एवं उपचार–चिकित्सा आपके द्वारह्ल अभियान शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। किशनगंज में जिलापदाधिकारी नवीन कुमार ने फीता काटकर इसकी शुरूआत की। अभियान 30 नवंबर तक चलेगा। इसके तहत आशा एवं स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर खासकर 30 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, हृदय रोग, सीओपीडी सहित अन्य गैर-संचारी रोगों के जोखिम की पहचान की जाएगी। जरूरत पड़ने पर मरीजों को आगे की जांच, उपचार और नियमित फॉलोअप से जोड़ा जाएगा।

डीएम नवीन कुमार ने लोगों से स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करने और 30 वर्ष से अधिक उम्र के परिवार के सदस्यों की जांच अवश्य कराने की अपील की। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी, जिला गैर-संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. उर्मिला कुमारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

दो करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार, पुलिस-रग्इ की संयुक्त कार्रवाई

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत किशनगंज पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (रग्इ) की संयुक्त टीम ने गलगलिया थाना क्षेत्र के ठीकाटोली में छापेमारी कर एक कथित नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. जलाल, पिता नूर मोहम्मद, निवासी ठीकाटोली वार्ड संख्या-4, थाना गलगलिया के रूप में हुई है। उसके घर की तलाशी के दौरान 952 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (हेरोइन/ब्राउन शुगर जैसा)

और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य करीब दो करोड़ रुपये आंका है। पुलिस के अनुसार, 2 सितंबर 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि मो. जलाल अपने घर में अवैध मादक पदार्थ का भंडारण कर खरीद-बिक्री का काम करता है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ-2 मनोज कुमार के नेतृत्व में गलगलिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार, पुलिस बल और रग्इ कैंप भटगांव के पदाधिकारियों व जवानों की संयुक्त टीम ने उसके घर पर विधिवत छापेमारी की। तलाशी के दौरान मादक पदार्थ बरामद होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी द्वारा घर में मादक पदार्थ का भंडारण कर खरीद-बिक्री करने की जानकारी दी गई है। अब पुलिस तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के साथ बरामद मादक पदार्थ के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का पता लगाने में जुटी है। साथ ही तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति का पता लगाकर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। मामले में गलगलिया थाना कांड संख्या-89/26, दिनांक 2 सितंबर 2026, धारा 8(c)/21(c)/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में एसडीपीओ-2 मनोज कुमार, गलगलिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार, रग्इ कैंप भटगांव के पदाधिकारी एवं जवान तथा गलगलिया थाना के पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे।

पटना के बिहटा में बागमती एक्सप्रेस से गिरकर वृद्ध यात्री की मौत, नागपुर जा रहे थे

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दानापुर रेल मंडल के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल हॉल्ट के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया। चलती ट्रेन से नीचे गिरने के कारण लगभग 80 से 85 वर्षीय एक वृद्ध यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। मृतक की पहचान लखीसराय थाना क्षेत्र के निवासी ओमप्रकाश के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वह अपनी बहनों के साथ मोकामा से ट्रेन पकड़कर नागपुर की यात्रा पर जा रहे थे। वे 12577 अप बागमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जरिए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे, तभी यह अप्रत्याशित और दुखद हादसा घटित हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, ट्रेन जब पटेल हॉल्ट के समीप से गुजर रही थी, तभी किसी कारणवश ओमप्रकाश अचानक चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े। जमीन पर गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रेन में साथ सफर कर रही उनकी बहनों और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही दानापुर राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) और रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की टीमें तुरंत हरकत में आईं और दलबल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया।

मृतक के पुत्र बंटी गुप्ता को जब इस हृदय विदारक घटना की सूचना मिली, तो वे तुरंत स्तब्ध रह गए। परिवार के अन्य सदस्य भी दानापुर के लिए रवाना हो गए। इस संबंध में दानापुर जीआरपी थानाध्यक्ष अजय कुमार ने घटना की आधिकारिक पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि ट्रेन से गिरकर एक वृद्ध व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी, जिनकी शिनाख्त ओमप्रकाश के रूप में कर ली गई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रेलवे अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पटना के दुल्हिन बाजार में दर्दनाक सड़क हादसा

बालू लदे ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के रानितलाब थाना अंतर्गत काब गांव के पास एनएच-139 मुख्य सड़क पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। बालू लदे एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे पटना एम्स रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के उलार अलीपुर गांव निवासी जय कुमार गुप्ता का 22 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार और नागेंद्र पंडित का 20 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार किसी काम से गए थे। बताया जा रहा है कि दोनों युवक पालीगंज स्थित इंडेन गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर लेकर अपनी बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रानितलाब थाना क्षेत्र के काब गांव के पास एनएच-139 पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित बालू लदे ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर अहोश हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को देखकर पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने पाया कि प्रकाश कुमार की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल अवस्था में तड़प रहा था। सूचना मिलते ही रानितलाब थाने की पुलिस दल-बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल राहुल कुमार को शुरूआती इलाज के लिए पहले बिक्रम पीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत पटना एम्स अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में रानितलाब पुलिस ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन और फरार ट्रक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच की जा रही है। हादसे के बाद से इलाके में शोक का माहौल है।

पटना के नौबतपुर में किराना दुकान की आड़ में चल रहा था स्मैक का धंधा

50 ग्राम स्मैक के साथ दुकानदार गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पस्तना/ जिले के ग्रामीण इलाकों में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। नौबतपुर थाना क्षेत्र के गोनवां ओपी अंतर्गत रेंगनिया बाग गांव में मंगलवार की रात पुलिस ने एक किराना और पान की दुकान की आड़ में चल रहे स्मैक तस्करी के बड़े रैकेट का पदार्फाश किया है। पुलिस ने मौके से करीब 50 ग्राम स्मैक के साथ एक कुख्यात दुकानदार को धर दबोचा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के

अनुसार, गिरफ्तार तस्कर की पहचान रेंगनिया बाग निवासी शंभू प्रसाद (पिता: रामदास राय) के रूप में हुई है। आरोपी अपनी दुकान की आड़ में लंबे समय से गुप्त रूप से मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री का अवैध धंधा चला रहा था। गोनवां ओपी पुलिस को इस बात की पुख्ता गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी दुकान की आड़ में युवाओं को नशीले पदार्थ सप्लाई कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रेंगनिया बाग स्थित शंभू प्रसाद की पान की गुमटी और किराना दुकान पर अचानक छापेमारी की। गहन तलाशी के दौरान दुकान के अंदर बने गुप्त स्थानों और बक्से में छिपाकर रखी गई कुल 79 पुड़िया स्मैक बरामद की गई। जब्त की गई इस स्मैक का कुल वजन करीब 50 ग्राम आंका गया है, जिसकी बाजार में काफी अधिक कीमत आंकी जा रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी अपनी दुकान का इस्तेमाल आम ग्राहकों की आड़ में करता था। दिनभर किराना सामान और पान बेचने के कारण किसी को भी उसकी इस आपराधिक गतिविधि पर शक नहीं होता था। वह विशेष तौर पर इलाके के युवाओं को नशे की ये पुड़िया सप्लाई करता था। गोनवां ओपी थानाध्यक्ष मंजीत यादव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि शंभू प्रसाद यह अवैध स्मैक कहां से खरीदकर लाता था और इस तस्करी के नेटवर्क में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

पटना के दानापुर में अवैध हथियार और 32 गोलियों के साथ कुख्यात संतोष पोद्दार गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दानापुर रेल एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। शाहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुबारकपुर कृषि फार्म स्थित शांति नगर इलाके में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध हथियारों और जिंदा कारतूसों के साथ एक शातिर अपराधी को दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान शांति नगर निवासी संतोष पोद्दार के रूप में हुई है। गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी ने अपने घर के भीतर अवैध हथियारों का जखीरा छिपाकर रखा है। इस पुख्ता सूचना के आधार पर शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ तुरंत संतोष पोद्दार के आवास पर दबिश दी।छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली, जिसमें एक देसी कट्टा (पिस्टल), दो पिस्टल मैगजीन और कुल 32 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने सभी अवैध हथियारों और गोलियों को तुरंत जब्त कर लिया। मामले की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को बीते रात ही यह गुप्त सूचना मिली थी कि संतोष पोद्दार अपने घर में अवैध हथियार छिपाए हुए है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर ही यह भारी मात्रा में हथियार व गोलियां बरामद हुईं। पुलिस अब यह गहराई से जांच कर रही है कि बरामद इन हथियारों का इस्तेमाल पहले किसी बड़ी आपराधिक वारदात में किया गया था या नहीं। इसके साथ ही, यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी तक यह अवैध हथियार कहां से और कैसे पहुंचे थे। पूछताछ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपी संतोष पोद्दार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से इलाके के अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

पटना में ईंट से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर 13 वर्षीय कबीर की हत्या, दो नाबालिग हिरासत में

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में इंसानियत को झकझोर देने वाला एक मामला सामने आया है, जहां पुरानी रंजिश या आपसी विवाद में महज 13 वर्षीय एक किशोर की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस जघन्य वारदात के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है और पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौतम नगर जनता रोड निवासी टिंकू राम के 13 वर्षीय पुत्र कबीर कश्यप की यह दर्दनाक हत्या की गई है। कबीर अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता था। गत 30 अगस्त को दो नाबालिग आरोपी उसे घर से बहला-फुसलाकर नौरंगी स्कूल के पास ले गए। वहां पूर्व विवाद को लेकर दोनों ने मिलकर उस पर कातिलाना हमला कर दिया।

साजिश के तहत एक नाबालिग ने कबीर के दोनों हाथ मजबूती से पकड़ लिए, जबकि दूसरे ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए उसके सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ कई वार किए। सिर पर गंभीर चोट लगने से कबीर लहूलुहान होकर मौके पर ही अज्ञाना की स्थिति में गिर पड़ा।घटना के बाद गंभीर रूप से घायल कबीर को तुरंत इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, सिर पर अत्यधिक प्रहार होने के कारण उसके सिर के अंदर गंभीर चोट आई थी और खून का खतरनाक थक्का जम गया था। कबीर ने दो दिनों तक मौत के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन आखिरकार मंगलवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वारदात की सूचना मिलते ही गर्दनीबाग थाना पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दोनों नामजद नाबालिग घटना को अंजाम देते हुए साफ तौर पर नजर आए। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने पहले ही प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों नाबालिग आरोपियों को अपनी हिरासत में ले लिया है। वहीं, घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल (FSL) की टीम को भी बुलाया गया था। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

पटना के बाढ़ में जहरीली शराब से चार युवकों की मौत का खुलासा

प्रेम प्रसंग में रची गई थी साजिश, तीन आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना गांव में बीते 30 अगस्त को चार युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले से पर्दा उठ गया है। पुलिस ने इस घटना को कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या करार दिया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बीते 30 अगस्त को बेढ़ना गांव में जहरीला पेय पदार्थ पीने से निशू राज, शशि, विकास और पंकज नामक चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक विशेष जांच टीम (रक्ळ) का गठन किया था। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने प्रेसवार्ता में खुलासा करते हुए बताया कि यह हत्या प्रेम प्रसंग के विवाद का नतीजा थी। जांच में सामने आया कि मृतक निशू कुमार का पिछले करीब ढाई वर्षों से मुख्य आरोपी लाली कुमार की बहन के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। लाली इस रिश्ते और निशु की हरकतों से बेहद परेशान था। इसके अलावा, मारे गए निशू के अन्य साथी अक्सर इस बात को लेकर लाली को चिढ़ाया करते थे, जिससे उसके मन में भारी रंजिश पैदा हो गई थी। इसी अपमान और खुन्नस का बदला लेने के लिए लाली ने अपने साथियों के साथ मिलकर खौफनाक साजिश रची। पुलिस पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी लाली कुमार ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि उसने बाजार से खतरनाक जहर खरीदकर शराब में मिला दिया था। इसके बाद उसने सोची-समझी रणनीति के तहत निशू और उसके तीनों दोस्तों को शराब पीने का झांसा देकर आमंत्रित किया। जहरीली शराब पीने के कुछ ही देर बाद चारों युवकों की तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई।ग्रामीण एसपी ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए गठित विशेष टीम में बाढ़-2 के एसडीपीओ, बाढ़ थानाध्यक्ष और कई अन्य थानों के प्रभारी शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य साजिशकर्ता लाली कुमार, उसके दोस्त रुदल कुमार और एक अन्य नाबालिग साथी को गिरफ्तार व निरुद्ध कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में सनसनी फैल गई है और सभी आरोपी अब कानून के शिकंजे में हैं।

पटना के सिगोड़ी में छात्रों का हंगामा रिजल्ट में भारी गड़बड़ी का आरोप लगा कर कॉलेज के सामने सड़क जाम

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के सिगोड़ी थाना क्षेत्र स्थित हिमालय यूनिवर्सिटी चिक्सी मेडिकल कॉलेज के बीएससी नर्सिंग और फामेर्सी के विद्यार्थियों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। सेमेस्टर-3 के परीक्षा परिणाम में भारी अनियमितता और बड़े पैमाने पर छात्रों को फेल किए जाने का आरोप लगाते हुए विद्यार्थियों ने कॉलेज के बाहर मुख्य सड़क को जाम कर दिया और धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी द्वारा जारी सेमेस्टर-3 के रिजल्ट में गंभीर गड़बड़ियां की गई हैं। फामेर्सी विभाग के घोषित परिणामों के अनुसार, करीब 100 विद्यार्थियों में से मात्र 7 छात्र ही पास हो सके हैं, जबकि 92 छात्र फेल कर दिए गए हैं। वहीं, बीएससी नर्सिंग कोर्स में भी लगभग 100 में से सिर्फ 22 छात्र सफल हुए हैं और 77 छात्र असफल घोषित किए गए हैं। छात्रों का यह भी कहना है कि जो विद्यार्थी पूरे सत्र में रेगुलर क्लास नहीं आते थे और कॉलेज स्तर के आंतरिक (इंटरनल) परीक्षाओं में फेल हो गए थे, वे यूनिवर्सिटी की मुख्य परीक्षा में कैसे पास हो गए? इसके विपरीत, नियमित रूप से क्लास करने वाले मेधावी और टॉपर छात्रों को बेहद कम नंबर देकर फेल कर दिया गया है। छात्रों का साफ आरोप है कि संस्थान और मूल्यांकन प्रक्रिया में जानबूझकर धांधली की गई है।नतीजों से आक्रोशित छात्रों ने हिमालय मेडिकल कॉलेज के बाहर पाली-किंजर मुख्य मार्ग (एसएच-69) पर बैठकर प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी। अचानक हुए इस सड़क जाम के कारण मुख्य मार्ग पर घंटों वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो जाने से आम लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही सिगोड़ी थानाध्यक्ष तनेश पायल अपने दल-बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित छात्रों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाते हुए सड़क जाम को हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। छात्र गलत तरीके से कॉपियों की जांच करने वाले प्रोफेसरों पर कार्रवाई करने और उत्तरपुस्तिकाओं की दोबारा जांच करवाकर नया रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। वहीं, इस संबंध में जब कॉलेज के प्रिंसिपल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने बताया कि वे फिलहाल पटना में किसी मीटिंग में व्यस्त हैं।

पटना और बेगूसराय में वांछित कुख्यात अपराधी आदित्य राज गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ बिहार एसटीएफ (विशेष कार्य बल) की टीम ने अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बेगूसराय के एक वांछित और शातिर अपराधी को धर दबोचा है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान आदित्य राज उर्फ राजा कुमार के रूप में की गई है, जो हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामलों में लंबे समय से फरार चल रहा था। इस गिरफ्तारी को पटना और बेगूसराय दोनों जिलों की पुलिस के लिए एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेगूसराय जिला पुलिस से मिली पुख्ता गुप्त सूचना के आधार पर बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने यह सुनियोजित कार्रवाई की। आरोपी आदित्य राज बेगूसराय नगर थाना कांड संख्या 323/26 में मुख्य रूप से वांछित था। उस पर हत्या के प्रयास और अवैध शस्त्र अधिनियम (आर्म्स एक्ट) के तहत कई गंभीर आरोप दर्ज हैं। पुलिस को पुख्ता इनपुट मिला था कि आरोपी बेगूसराय और उसके आसपास के इलाकों में छिपा हुआ है, जिसके बाद एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से त्वरित छापेमारी कर उसे दबोच लिया। पुलिस की शुरूआती जांच और खुलासों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी आदित्य राज उर्फ राजा कुमार के खिलाफ केवल बेगूसराय ही नहीं, बल्कि राजधानी पटना जिले के भी कई थानों में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले दर्ज हैं। यही वजह है कि पटना के लिहाज से भी इस अपराधी की गिरफ्तारी को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, जारी प्रेस नोट में पटना के संबंधित थानों के नाम और वहां दर्ज मामलों का विस्तृत ब्योरा अभी साझा नहीं किया गया है। एसटीएफ और स्थानीय पुलिस अब संयुक्त रूप से गिरफ्तार अपराधी के पुराने आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी हुई है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि पटना में उसके कौन-कौन से ठिकाने थे और इस आपराधिक नेटवर्क में उसके साथ और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। पूछताछ की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आरोपी को संबंधित अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी से इलाके के अन्य अपराधियों में भी हड़कंप मच गया है।

तीन दिनों से लापता मजदूर का शव नहर से बरामद

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)नगर पंचायत नबीनगर क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी एक मजदूर का शव बुधवार सुबह होल्या नदी के नहर से बरामद किया गया।मृतक की पहचान रामाशीष यादव के रूप में हुई है, जो पिछले तीन दिनों से लापता थे।परिजन लगातार उनकी तलाश में थे लेकिन कोई सुराग नहीं मिला जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह ग्रामीणों ने होलिया नदी के छोटकी नगर में शव को देखा और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।ग्रामीणों की मदद से शव को रेफरल अस्पताल नबीनगर लाया गया। सूचना पर पहुंची नबीनगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

नबीनगर से एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने एनबीडब्ल्यू वारंट में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान नबीनगर थाना क्षेत्र के देवगना गांव निवासी मोहम्मद शमशाद के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपी को नबीनगर डाक बंगला के समीप से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी था।यह कार्रवाई एसआई जितेंद्र कुमार द्वारा की गई। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल का जमशेदपुर में आत्मीय स्वागत

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल बुधवार को जमशेदपुर पहुंचे। शहर आगमन के क्रम में उन्होंने पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष श्री मुकेश मित्तल के कदमा स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर जिला महासचिव श्री प्रदीप कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल के जिला अध्यक्ष के आवास पर पहुंचने पर उनका आत्मीय एवं पारिवारिक वातावरण में स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष श्री मुकेश मित्तल की अर्धांगिनी श्रीमती ममता मित्तल ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। वहीं, जिला महासचिव श्री प्रदीप कुमार मिश्रा ने

शाल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। जिला अध्यक्ष श्री मुकेश मित्तल ने अंगवस्त्र प्रदान कर प्रांतीय अध्यक्ष का सम्मान एवं स्वागत किया। इस दौरान श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल ने जिला अध्यक्ष श्री मुकेश मित्तल का कुशल-क्षेम जाना तथा उनके परिवार के सदस्यों से भी आत्मीय मुलाकात की। बातचीत के दौरान सामाजिक एवं पारिवारिक विषयों पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में विस्तार से चर्चा हुई। दोनों पदाधिकारियों ने समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर अपने विचार साझा किए।

भेंट के दौरान झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन की सामाजिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। समाज के लोगों को एकजुट करने, जरूरतमंदों तक सामाजिक सेवा का लाभ पहुंचाने तथा विभिन्न सामाजिक कार्यों को बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक संगठनों की मजबूती आपसी सहयोग, समन्वय और निरंतर संवाद से होती है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर रचनात्मक एवं सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने जिला संगठन की गतिविधियों की जानकारी भी ली और भविष्य में सामाजिक कार्यों को और व्यापक स्तर पर संचालित करने की दिशा में आवश्यक सुझाव साझा किए।

जिला अध्यक्ष श्री मुकेश मित्तल ने प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल के जमशेदपुर आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के सहयोग एवं मार्गदर्शन से पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन सामाजिक सेवा के कार्यों को और गति देने का प्रयास करेगा। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक दायित्वों तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। आत्मीय मुलाकात के इस अवसर पर पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग की भावना भी देखने को मिली। बातचीत के पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष एवं उनके परिवार के प्रति आत्मीय स्वागत और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

कुकड़ू के सपादा में लगातार बारिश से गिरा गरीब का आवास, विधायक सविता महतो ने पहुंचकर की तत्काल मदद

समाज जागरण

कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह पंचायत अंतर्गत सपादा गांव में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के कारण त्रिभन गोराई का आवास गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक सविता महतो पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं और तत्काल सूखा राशन, कपड़े, कंबल के साथ टेंट लगाने के लिए त्रिपाल की व्यवस्था कराई। विधायक ने आपदा प्रबंधन सह अंचलाधिकारी कुकड़ू अभय द्विवेदी से संपर्क कर पूरी रात स्थिति की जानकारी ली। स्थानीय कार्यकताओं, वार्ड सदस्य और मुखिया से भी पल-पल का अपडेट लिया गया। पीड़ित परिवार से

मिलकर हालचाल जाना और प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला को आवास निर्माण की प्रक्रिया के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई तत्काल पूरी कराने का निर्देश दिया। विधायक ने पीड़ित परिवार को आगे भी हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, झामुमो कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष कृतिवास महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, शिक्षक गुणाधर महतो, राहुल वर्मा, अजय सिंह मानकी, संजीव सिंह सरदार, अमर महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

पटना के बिक्रम में डायट में डीएलएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बिक्रम स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में डीएलएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए दो दिवसीय पाठ्यक्रम अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को द्वितीय वर्ष के पूरे पाठ्यक्रम, विषय-वस्तु, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, प्रायोगिक कार्यों और मूल्यांकन प्रणाली की विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ डायट के व्याख्याता डॉ. विनय कुमार चौधरी, आरती कुमारी, ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया (एचपीपीआई) की डायट कोऑर्डिनेटर नाजिया खान और डिजिटल प्लेटफॉर्म कोऑर्डिनेटर राघवेंद्र कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। व्याख्याता आरती कुमारी ने द्वितीय वर्ष के विभिन्न विषयों और

पाठ्यक्रम की रूपरेखा समझाई। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य प्रशिक्षुओं को केवल विषयगत ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें एक प्रभावी, संवेदनशील और जिम्मेदार शिक्षक के रूप में विकसित करना है। डॉ. विनय कुमार चौधरी ने बाल-केंद्रित शिक्षण, गतिविधि आधारित अधिगम, समावेशी शिक्षा, कक्षा प्रबंधन और आईसीटी के समुचित उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को विद्यालयी अनुभवों को गंभीरता से संकलित करने के लिए प्रेरित किया। एचपीपीआई कोऑर्डिनेटर नाजिया खान ने गुणात्मक शिक्षा और स्कूल कॉम्प्लेक्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं को 16 सप्ताह तक लैब स्कूल में जाकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करना होगा। इस दौरान क्रियात्मक अनुसंधान पर भी चर्चा हुई।

डिजिटल कोऑर्डिनेटर राघवेंद्र कुमार चौधरी ने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

6 सितंबर के सेमिनार में शामिल होंगे तीन विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षा व्यवस्था की कमियों और समाधान पर होगा मंथन

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 6 सितंबर को शिक्षकों के सम्मान एवं शिक्षा के उत्थान को लेकर विशेष सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। ह्यशिक्षकों का सम्मान, शिक्षा का उत्थानह्ल विषय पर आयोजित इस सेमिनार में राज्य के तीन विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल होंगे। तीनों कुलपतियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति की सहमति दे दी है। इससे सेमिनार में शिक्षा जगत से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चर्चा की उम्मीद बढ़ गई है।

आयोजन समिति के संयोजक एवं जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने बताया कि सेमिनार में रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सरोज शर्मा, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चंद्रभूषण शर्मा तथा झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीके सिंह शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि तीनों कुलपतियों की मौजूदगी से कार्यक्रम की गंभीरता और महत्व दोनों बढ़ेंगे। सेमिनार में शिक्षकों, शिक्षाविदों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ राज्य में शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

सरयू राय ने कहा कि यह आयोजन केवल शिक्षकों के सम्मान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में मौजूद कमियों को सामने लाना और उनके व्यावहारिक समाधान की दिशा में पहल करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं को केवल उठाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी जरूरी है कि उनके समाधान के रास्तों पर गंभीरता से विचार किया जाए। आयोजन

समिति शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस पहल और सामूहिक प्रयास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राज्य के विकास की बुनियाद है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों, शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों और सरकार के स्तर पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। सेमिनार के माध्यम से शिक्षा से जुड़े विभिन्न पक्षों को एक मंच पर लाकर समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा करने का प्रयास किया जा रहा है।

इधर, कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जमशेदपुर के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों तक सेमिनार की सूचना पहुंचाई जा रही है। आयोजन समिति की ओर से प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान से एक प्रतिनिधि को सम्मानित करने की योजना बनाई गई है। किस शिक्षक या प्रतिनिधि को सम्मानित किया जाएगा, इसका निर्णय संबंधित संस्थान स्वयं करेगा। इस पहल के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले शिक्षकों और संस्थानों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा।

सेमिनार का आयोजन 6 सितंबर को सुबह 9.30 बजे से माइकल जॉन ऑडिटोरियम, जमशेदपुर में किया जाएगा। आयोजन समिति को उम्मीद है कि इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल होंगे। तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की मौजूदगी में होने वाले इस सेमिनार में झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और विचार सामने आने की संभावना है।

पटना के दानापुर में कार से 151.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर फरार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दानापुर अंतर्गत रूपसपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मद्य निषेध कानून के तहत एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर रूपसपुर पुलिस ने आईएएस कॉलोनी मोड़ के समीप छापेमारी कर एक लावारिस हालत की कार से 151.5 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान पुलिस को चकमा देकर चालक और शराब तस्कर मौके से फरार होने में कामयाब रहे। रूपसपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर

से गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध कार में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छिपाकर तस्करी के उद्देश्य से लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तत्परता दिखाते हुए थानाध्यक्ष के निर्देशानुसार एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आईएएस कॉलोनी मोड़ के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही तस्कर कार रोकने की कोशिश में हड़बड़ा गए और अंधेरे या भीड़भाड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जब संदिग्ध कार की गहन तलाशी ली, तो उसमें छिपाकर रखी गई कुल 151.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने अवैध शराब के साथ-साथ तस्करी में प्रयुक्त कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है और उसे जब्त कर थाने ले आई। थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलिस ने वाहन के नंबर और अन्य माध्यमों से कार के मालिक और फरार चालक की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले में अज्ञात कार चालक और वाहन मालिक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम (Excise Act) के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे किसे डिलीवर किया जाना था। फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए आसपास के इलाकों में लगातार छापेमारी की जा रही है।

पटना के मनेर में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

गंगा घाट ले जाते समय शव बरामद, पति गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

ओटन/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र के शांति नगर गांव में दहेज की लालच ने एक और हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। ससुराल वालों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की गला घोंटकर हत्या करने और साक्ष्य छिपाने के लिए शव को गंगा घाट ले जाकर ठिकाने लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया और मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, पटना सिटी के शरीफा गंज निवासी प्रमोद दास ने अपनी बेटी नेहा कुमारी की शादी मनेर के शांति नगर निवासी अरुण दास के पुत्र अनीश कुमार के साथ धूमधाम से की थी। शादी के बाद दोनों को बच्चे भी हुए, लेकिन कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए नेहा को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। बुधवार को विवाद बढ़ने पर ससुराल वालों और पति ने मिलकर नेहा की बेरहमी से पिटाई की और गले में फंदा डालकर उसकी हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या या दुर्घटना का रूप देने के लिए आरोपी पति व अन्य परिजन चुपचाप शव को हाथी टोला गंगा घाट की ओर ले जा रहे थे।

पटना के मसौढ़ी में बंद मकान में शिक्षिका की धारदार हथियार से हत्या बाहर से ताला लगा मिलने से उलझी गुत्थी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कैलूचक-बरनी रोड स्थित एक तीन मंजिले मकान में मंगलवार की रात 46 वर्षीय शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी की निर्मम हत्या कर दी गई। शिक्षिका का खून से लथपथ शव बुधवार को उनके कमरे के बेड पर मिला। सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट के निशान थे, जिससे पुलिस का अनुमान है कि उनकी हत्या धारदार हथियार से की गई है। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतका लक्ष्मी कुमारी पुनपुन प्रखंड के सहवाजपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षिका थीं। उनके पति ज्ञानचंद प्रसाद गया के टेकारी में ग्रामीण कार्य विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। पति के मुताबिक, मंगलवार की रात करीब 10 बजे तक उनकी अपनी पत्नी से फोन पर बात हुई थी। बुधवार को जब वह स्कूल नहीं पहुंचीं और उनका फोन भी रिसीव नहीं हुआ, तो सहकर्मी शिक्षक ब्रजेश कुमार ने भी संपर्क करने की कोशिश की। कोई

जवाब न मिलने पर पति ने ननिहाल में रह रहे अपने पुत्र गौरव को घर देखने भेजा। गौरव अपनी बहन और नाना के साथ जब कैलूचक स्थित घर पहुंचा, तो मुख्य गेट समेत सभी दरवाजों पर बाहर से ताला लगा हुआ था। काफी आवाज देने पर भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उन्होंने मुख्य गेट तोड़ा और ऊपर के कमरे की खिड़की उखाड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां शिक्षिका का शव बेड पर खून से सना मिला। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विवेक भारती और एसडीपीओ राघव दयाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल (FSL) की टीम ने भी घटनास्थल से गहन साक्ष्य जुटाए हैं।

इस मर्डर मिस्ट्री में सबसे बड़ा सवाल यह है कि चारों तरफ ऊंची चहारदीवारी और मुख्य गेट समेत सभी दरवाजों पर बाहर से ताला लगा होने के बावजूद हत्यारा अंदर कैसे घुसा और वारदात को अंजाम देने के बाद बाहर कैसे निकला। इसके अलावा, परिजनों ने घर से कुछ आभूषण गायब होने की बात भी पुलिस को बताई है, हालांकि चोरी गए जेवरात की सही कीमत अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस स्थानीय स्तर पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर गहराई से जांच की जा रही है। फिलहाल परिजनों की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का खुलासा कर लिया जाएगा।

पटना के खुसरूपुर में देशी कट्टा और 21 कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के गणीचक गांव में स्थानीय पुलिस ने मंगलवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर एक मकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि मुख्य अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कांड संख्या 484/26 का प्राथमिक अभियुक्त कमलेश कुमार गणीचक निवासी रामबाबू राय के घर में अवैध हथियारों के साथ छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई और एक विशेष टीम का गठन कर तत्काल रामबाबू राय के मकान की विधिवत घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान जैसे ही पुलिस की टीम ने घर में प्रवेश किया, मुख्य अभियुक्त कमलेश कुमार पुलिस को चकमा देकर छत से कूद गया और

अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। मुख्य अभियुक्त के भागने के बाद पुलिस ने जब घर की गहन तलाशी ली, तो वहां छुपाकर रखा गया एक देशी कट्टा और 21 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। अवैध हथियार और कारतूस छिपाकर रखने व अपराधियों को संरक्षण देने के आरोप में पुलिस ने मकान मालिक रामबाबू राय समेत पप्पू कुमार और संतोष कुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी गणीचक गांव के ही रहने वाले हैं। इस मामले में पुलिस ने कुल चार लोगों के खिलाफ कांड संख्या 551/26 दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फरार मुख्य अभियुक्त कमलेश कुमार की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। इस सफल छापेमारी दल में पुलिस अछूता नहीं रहा, जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार, परिचारिक पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक जयप्रकाश प्रसाद, जावेद अख्तर और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से इलाके के अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

पटना के फतुहा में मद्य निषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई

9800 लीटर से अधिक विदेशी शराब जब्त, 6 गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के डुमरी (मिस्त्री चौक) इलाके में मद्य निषेध विभाग की टीम ने बुधवार की अहले सुबह एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप बरामद की है। इस कार्रवाई के दौरान मौके से एक स्कॉर्पियो वाहन और शराब उतार रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त की गई शराब की कुल कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपये आंकी गई है। मद्य निषेध विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि डुमरी क्षेत्र में एक गोदाम के पास भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब उतारी जा रही है। इस सूचना के आधार पर मद्य निषेध निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अहले सुबह ही बताए गए स्थान पर पहुंचकर चारों तरफ से घेराबंदी कर ली। छापेमारी के दौरान 'NL06 AA 0981' नंबर की एक स्कॉर्पियो से शराब की खेप पकड़ी गई, जिसे एक गोदाम में खपाने की तैयारी चल रही थी।

विभाग द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस कार्रवाई में कुल 1109 कार्टन शराब बरामद की गई है। जब्त की गई शराब की कुल मात्रा 9,860.400 लीटर और बोतलों की संख्या 27,168 है। अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय बाजार में इस अवैध खेप की अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये बताई जा रही है। मौके से वाहन चालक समेत कुल छह लोगों को धर दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चालक अंकित कुमार, राजू कुमार, बलजीत, राजेंद्र कुमार, राम दयाल और वेदव्यास के रूप में हुई है। प्राथमिक पूछताछ के दौरान मुख्य चालक ने स्वीकार किया कि वह इस अवैध खेप को सुरक्षा एजेंसियों और कानून की नजरों से बचाकर सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचाने और उतारने के लिए आया था। मद्य निषेध विभाग ने शराब की बड़ी खेप और प्रयुक्त स्कॉर्पियो को अपने कब्जे में ले लिया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि इस अवैध शराब के सिंडिकेट के मुख्य सरगना और इसके स्रोत का पता लगाने के लिए आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

पटना के मसौढ़ी कोर्ट परिसर में हाईवोल्टेज ड्रामा

शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका के बीच घण्टो ड्रामा, सुलह की कोशिश नाकाम

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी कोर्ट परिसर में बुधवार दोपहर उस वक्त भारी अफरातफरी मच गई, जब दो शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच कोर्ट परिसर में ही जमकर कहासुनी और हंगामा हुआ। इस हाईवोल्टेज ड्रामे को देखने के लिए वहां लोगों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों ने दोनों के बीच आपसी सहमति से मामला सुलझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन घंटों चली मशक्कत के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला और सुलह नहीं हो सकी। मिली जानकारी के अनुसार, गौरीचक निवासी लक्ष्मी कुमारी की शादी राजू राम (हलवाई) से हुई है। शादीशुदा होने के बावजूद लक्ष्मी कुमारी का पिछले करीब छह महीने से अपनी एक रिश्ते की ममेरे बहन के देवर मंटू कुमार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंटू कुमार मसौढ़ी के एक निजी स्कूल में वाहन चालक के रूप में काम करता है। खास बात यह है कि दोनों ही पहले से शादीशुदा हैं और दोनों के दो-दो बच्चे भी हैं। परिजनों के मुताबिक, इस अवैध संबंध की भनक शुरू में किसी को नहीं लगी थी। जब मामला खुला, तो दोनों परिवारों की नाक बचाने और विवाद को खत्म करने के लिए आपसी बातचीत का फैसला किया

गया। इसी सिलसिले में बुधवार को दोनों पक्षों को समझौते के लिए मसौढ़ी कोर्ट परिसर बुलाया गया था। कोर्ट परिसर पहुंचते ही दोनों के बीच विवाद भड़क उठा। लक्ष्मी कुमारी ने मंटू कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रेम संबंध के दौरान मंटू ने प्रलोभन देकर उससे पैसे लिए और शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोक और आरोप-प्रत्यारोप का दौर काफी देर तक चलता रहा।

वहां मौजूद परिजनों और आसपास के लोगों ने दोनों को समझाने की बहुत कोशिश की। परिजनों का कहना था कि दोनों एक ही परिवार से जुड़े हैं, दोनों के छोटे-छोटे बच्चे हैं, इसलिए समझदारी दिखाते हुए ऐसा रास्ता निकाला जाना चाहिए जिससे दोनों परिवारों की इज्जत और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद दोनों पक्षों में आपसी सहमति नहीं बन पाई। कोर्ट परिसर में दिनभर चले इस ड्रामे की चर्चा पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी रही।